CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAF User: cci Time: 01-19-2026 23:55 Color:

करूर भगदड़ में ऐक्टर विजय से CBI ने की पूछताछ ▸p8

NB नवभारत

UAE के प्रेज़िडेंट को एयरपोर्ट लेने खुद पहुंचे पीएम मोदी, बोले- भाई को लेने आया हूं

PTI

3 घंटे की यात्रा पर भारत आए UAE राष्ट्रपति, अपनी गाड़ी में लाए मोदी।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर सिविल करने खुद पीएम नरेन्द्र मोदी पहुंचे। पीएम ने X पर लिखा, मैं अपने भाई को लेने एयरपोर्ट आया हूं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच रक्षा, AI डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, स्पेस और निवेश के क्षेत्र में कई करार हुए हैं। दोनों नेताओं के बीच गाजा की स्थिति, ईरान में डबलपुथल और यमन के हालात पर भी बात हुई। ▸▸ पेज 9

फटाफट खबरें

'पोलैंड हमारे पड़ोस में आतंक न पाले'

PTI

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोर्स्की (Radoslaw Sikorski) के साथ बिना पाकिस्तान का नाम लिए सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया। कहा, भारत लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद की चुनौती से जूझ रहा है। उम्मीद है कि पोलैंड सीमा पार आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस दिखाएगा और आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को खाद पानी देने में मदद नहीं करेगा। ▸▸ पेज 14

परेड के दौरान 12 जगह हेल्प डेस्क

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस पहली बार 26 जनवरी और बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी पर कर्तव्य पथ पर पार्किंग की समस्या को खत्म करने के लिए गूगल ऐप की मदद ले रही है। साथ ही 12 जगह हेल्प डेस्क लगाई जाएगी। परेड के बाद जब लोग अपनी गाड़ी के पास आएंगे, तब लोकेशन फॉर कॉलिंग सिस्टम की मदद से कार के ड्राइवर की मदद की जाएगी। उन्हें कॉलिंग कर बता दिया जाएगा कि उन्हें गाड़ी लेकर कहां पहुंचना होगा।

HC ने कुलदीप सेंगर की सज़ा नहीं रोकी

दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को निचली अदालत से मिली 10 साल कैद की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया। मौजूदा मामले में अपराध को गंभीर मानते हुए कोर्ट ने कहा कि इसमें दोषी ठहराए जाने के बाद, अपीलकर्ता (सेंगर) के निर्दोष होने का अनुमान लगाकर नहीं चला जा सकता।

कर्नल सोफिया पर टिप्पणी, SC सख्त

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से कहा है कि वह विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी देने पर दो हफ्ते में फैसला ले।

स्पेन में ट्रेन हादसा, 39 लोगों की मौत

स्पेन के दक्षिणी हिस्से में रविवार रात हाई स्पीड वाली ट्रेन की टक्कर में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शवों को निकालने का अभियान जारी है, मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। 300 यात्रियों के साथ राजधानी मैड्रिड जा रही थी।

हैपी मॉर्निंग

पिता: बेटा कैसा चल रहा है तेरा ऑफिस?
गप्पू: मैं बहुत जिम्मेदार हूं पापा।
पिता: अच्छा, वो कैसे?
गप्पू: ऑफिस में जब भी कोई काम बिगड़ता है, तो सब कहते हैं कि इसके लिए मैं ही जिम्मेदार हूं।

BJP में निर्विरोध बने नवीन अध्यक्ष

आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में संभालेंगे पद

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हो गए। उन्हें निर्विरोध पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। मंगलवार यानी आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में नितिन बीजेपी का अध्यक्ष पद संभालेंगे। सोमवार को बीजेपी की चुनावी प्रक्रिया में पार्टी के सभी सीनियर नेताओं समेत अलग अलग राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। बीजेपी हेडक्वार्टर में सोमवार सुबह से लेकर शाम तक उत्सव का माहौल रहा। बीजेपी ने इसे संगठन पर्व का नाम दिया।

दोपहर 2 से 4 बजे तक चला नॉमिनेशन प्रोसेस, फिर हुई घोषणा

बीजेपी राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेश अध्यक्षों के चुनने के बाद शुरू की गई, जो न्यूनतम जरूरी 50% पर्सेंट से ज्यादा है। नितिन के पक्ष में 37 सेट नामांकन मिले, जो अलग-अलग राज्य इकाइयों की तरफ से आए।

ऐसे चुने गए अमित शाह और राजनाथ सिंह प्रस्तावक बने। JP नड्डा, भूपेंद्र यादव, किरेन रिजिजू समेत कई सीनियर नेताओं ने नामांकन पत्र सौंपा।

आजतक वोटिंग की नौबत नहीं आई

बीजेपी के सांगठनिक चुनाव में जब प्रदेश अध्यक्ष को चुनते हैं और उसी वक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन मंडल का भी चुनाव होता है जिसे राष्ट्रीय परिषद कहते हैं। यही राष्ट्रीय परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करते हैं। यानी वे वोटर होते हैं। आज तक बीजेपी में कभी वोटिंग की नौबत नहीं आई। इस बार भी नितिन निर्विरोध ही अध्यक्ष बने।

कैसे चुनते हैं बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष?

बीजेपी संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उम्मीदवारी का नामांकन कम से कम 5 राज्यों की राष्ट्रीय परिषद इकाइयों से प्रस्तावित होना चाहिए, जहां संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हों। दिल्ली, छत्तीसगढ़, गुजरात और यूपी, उत्तराखंड के सीएम ने कई राज्यों के बीजेपी नेताओं की तरफ से नितिन के सपोर्ट में समर्थन पत्र सौंपा।

बंगाल में गड़बड़ी वाले 1.25 करोड़ नाम बताएं:सुप्रीम कोर्ट

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल (WB) में वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया स्पेशल इंटेंसिव रिविजन SIR से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को कई निर्देश दिए। अदालत ने तार्किक विसंगति कैटिगरी में रखे गए लोगों का वेरिफिकेशन पारदर्शी तरीके से करने के लिए कहा। इस कैटिगरी का हवाला देते हुए जिन्हें नोटिस भेजे गए हैं, उनकी लिस्ट प्रकाशित की जाए। लिस्ट पंचायत और ब्लॉक ऑफिस में प्रकाशित करनी होगी। कोर्ट ने नोट किया कि लगभग 1.25 करोड़ नोटिस भेजे गए हैं। ▸▸ पेज 9

10वीं का एडमिट कार्ड दस्तावेज के तौर पर स्वीकारा जाना चाहिए।
-सुप्रीम कोर्ट

कोर्ट के अंदर मामले

दिल्ली स्कूल एजुकेशन ऐक्ट-2025 को लागू करने के तरीके पर SC के सवाल ▸▸ पेज 4

कोर्ट हवाई किराए के उतार-चढ़ाव पर दखल देगा। त्योहारों के दौरान किरायों में की जा रही अत्यधिक वृद्धि पर चिंता जताई। ▸▸ पेज 8

J&K: मुठभेड़ में पैरा कमांडो शहीद

■ पीटीआई, जम्मू: किश्तवाड़ जिले के कपरी इलाकों में छिपे आतंकियों पकड़ने के लिए शुरू किया गया अभियान सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान, आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक पैराट्रूपर ने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि छात्रू क्षेत्र के मन्द्राल-सिंहपुरा के पास सोनार गांव में रविवार को अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान वहां छिपे आतंकवादियों की गोलीबारी में आठ सैनिक घायल हो गए थे। उनमें से एक हवलदार गजेंद्र सिंह ने रविवार देर रात सैनिक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

गजेंद्र सिंह

बढ़ गई मांग जियो-पॉलिटिकल अनिश्चितता के माहौल में लगाई 10 हजार की छलांग

चांदी ने पकड़ ली रेकॉर्ड रफ्तार, पहुंच गई तीन लाख के भी पार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

चांदी सोमवार को दिल्ली में 10,000 रुपये की जोरदार उछाल के साथ रेकॉर्ड लेवल तीन लाख को पार कर गई। चांदी 3,02,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। सोना भी 1,900 रुपये उछलकर एक लाख 48 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम की नई बुलंदी पर पहुंच गया। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग बने रहने से चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी देखी गई।

यूरोप पर नए US टैरिफ और यूरोपीय जवाबी कार्रवाई की आशंका से ट्रेड टेंशन बढ़ने से निवेशकों में सुरक्षित निवेश की मांग तेजी से बढ़ी। ऐसे में पहले से तूफानी तेजी पर सवार चांदी पहली बार 3 लाख को क्रॉस कर गई। शुक्रवार को चांदी रु. 2,92,600 प्रति किलो थी। (एजेंसी इनपुट)

तो इस वजह से बढ़ गई चांदी की कीमत

एक्सपर्ट का मानना है, ट्रंप ने शनिवार को डेनमार्क, स्वीडन, जर्मनी, नीदरलैंड, फ्रांस, फिनलैंड, ब्रिटेन और नॉर्वे से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ की धमकी दी। इससे वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बढ़ी, जिससे चलते निवेशक सोने-चांदी जैसे सेफ निवेश की ओर रुख कर रहे। ▸▸ पेज 13

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 01-19-2026 23:10 Color:

फटाफट खबरें

भिखारी के पास लाखों की दौलत

■ भाषा, इंदौर : गंदे-पैबंद लगे कपड़े, बिखरे बाल और रुआंसे चेहरे के साथ पहियों के सहारे घिसटने वाली गाड़ी पर बैठकर भीख मांगने वाले शख्स की सचाई सुन दंग रह जाएंगे। वह तीन मकान, एक कार और तीन ऑटो रिक्शा समेत लाखों रुपये की संपत्ति का मालिक है। रुतबा ऐसा कि खुद की कार से भीख मांगने जाता है। ड्राइवर भी रखा है। यह कहानी है 'भिक्षुकमुक्त' शहर कहे जाने वाले इंदौर की।

करूर भगदड़ : फिर विजय से पूछताछ

■ पीटीआई, नई दिल्ली : CBI ने करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कड़गम (TVK) प्रमुख और ऐक्टर विजय से सोमवार को एजेंसी मुख्यालय में दूसरे दौर की पूछताछ शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि विजय सुबह लग्जरी SUV के काफिले से लोधी रोड स्थित एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे। उनसे एजेंसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई से चुने गए एक उप अधीक्षक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम की ओर से पूछताछ की जा रही है।

28 से कोस्टल साइक्लोथॉन शुरू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : समुद्र तटीय इलाकों को सुरक्षित रखने के मकसद से सीआईएसएफ 28 जनवरी से दूसरी वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन-2026 का आयोजन कर रहा है। 25 दिनों के आयोजन में सीआईएसएफ के 195 जवान देश के 6500 किलोमीटर से अधिक के कोस्टल एरिया को साइकल से कवर करेंगे। इनमें 65 महिलाएं भी शामिल होंगी। सीआईएसएफ के डीजी प्रवीर रंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

गाजा पीस बोर्ड में पूतिन को न्योता

■ पीटीआई, मॉस्को: रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के 'गाजा शांति बोर्ड' में शामिल होने का न्योता मिला है। रूसी राष्ट्रपति के दफ्तर क्रेमलिन ने सोमवार को कहा कि इस पर विचार किया जा रहा है। विवरण स्पष्ट करने के लिए अमेरिकी पक्ष से संपर्क करने की उम्मीद है।

तोड़फोड़ के विडियो वायरल हुए, तो योगी को काशी में करनी पड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस

मणिकर्णिका घाट के रेनोवेशन पर आखिर हंगामा क्यों बरपा?

NBT EXPLAINER

■ विकास पाठक, वाराणसी

काशी की पुरातन काया को बचाते हुए उसे नया कलेवर देने का काम जारी है। इसी बीच महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के रेनोवेशन के दौरान मूर्तियां और प्राचीन धरोहरें प्रभावित होने से विवाद शुरू हो गया है। इनमें लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की चार मूर्तियां शामिल हैं। बुलडोजर से घाट किनारे मढ़ी (पत्थर का बड़ा चबूतरा) तोड़े जाने पर दीवारों पर लगीं मूर्तियां मलबे में गिरी देखी गईं। इससे जुड़े कुछ विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो विपक्ष हमलावर हो गया। विवाद बढ़ा तो सीएम योगी आदित्यनाथ को काशी आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी पड़ी। उन्होंने कहा, 'मणिकर्णिका घाट पर कोई मंदिर-मूर्ति तोड़ी नहीं गई है, बल्कि मूर्तियों को संरक्षित किया गया है।' विडियो को योगी ने एआई जेनरेटेड बताकर विपक्षी दलों को कटघरे में खड़ा कर दिया।

क्या है प्रॉजेक्ट?

नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के मुताबिक, 28 करोड़ की लागत से मणिकर्णिका घाट का कायाकल्प होना है। पहले चरण में सीढ़ियां बनाने के लिए खुदाई के दौरान मढ़ी ध्वस्त होने पर मूर्तियां टूटने को लेकर विवाद हुआ। घाट पर दो फ्लोर में 36 आधुनिक शवदाह प्लैटफॉर्म बनेंगे। तीन बड़ी चिमनी लगाई जाएंगी। दो टॉइलट, लकड़ी भंडारण स्थल और वेटिंग हॉल का निर्माण होगा।

काशी पहुंचे ट्रस्ट के अध्यक्ष, मांगी अहिल्याबाई की मूर्तियां



रेनोवेशन के बाद इस तरह दिखेगा महाश्मशान मणिकर्णिका घाट

मढ़ी को नहीं मान सकते मंदिर : मंत्री

योगी सरकार के मंत्री रविंद्र जायसवाल और काशी के महापौर अशोक तिवारी ने सफाई देते हुए कहा है कि लोग घर के दरवाजे पर गणेश जी की प्रतिमा लगाते हैं तो उसे मंदिर नहीं मान सकते हैं। इसी तरह काशी में घाटों पर जगह-जगह पत्थर की मढ़िया बनी हैं, जिसका इस्तेमाल लोग बैठने और योग के लिए करते हैं। मढ़ी की दीवारों पर मूर्तियां लगी थीं तो उसे मंदिर नहीं कहेंगे। हालांकि, उन्होंने माना कि रेनोवेशन के दौरान ठेकेदार ने मढ़ी में लगी मूर्तियों पर ध्यान नहीं दिया और उसे तोड़ दिया। उस पर कार्रवाई होगी।

परिषद ने चेताया

श्रीकाशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष पद्मभूषण आचार्य वशिष्ठ त्रिपाठी की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक में जुड़े जिला प्रशासन के अधिकारियों ने माना कि मढ़ी की दीवारों पर लगी मूर्तियां प्रभावित हुई हैं। महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी का कहना है कि आगे धार्मिकस्थलों के रेनोवेशन के वक्त मूल स्वरूप को संरक्षित करने पर ध्यान दिया जाए। संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र ने भी चिंता जताई है।

क्या बोला विपक्ष?

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने X पर लिखा कि भाजपाई यह काम सिर्फ पैसा कमाने के लिए कर रहे हैं। उनको न काशी से मतलब है और न काशीवासियों से। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का कहना है कि काशी की पहचान मिटाने की साजिशें बंद होनी चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। यूपी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय लगातार हमलावर हैं।

अहिल्या बाई ट्रस्ट के अध्यक्ष और राजपरिवार के प्रतिनिधि यशवंत राव होलकर खुद इंदौर से काशी पहुंचे और नाराजगी जताई। मणिकर्णिका घाट की पवित्र माटी माथे से लगा राजमाता की विरासत सुरक्षित और सुरक्षित रखने का संकल्प दोहराया। ट्रस्ट ने अहिल्याबाई की सभी मूर्तियों को सुपुर्द करने के लिए जिला प्रशासन को सात दिन दिए हैं। वहीं, डीएम सत्येंद्र कुमार का कहना है कि अहिल्याबाई की मूर्तियों समेत अन्य धरोहरों को नुकसान नहीं पहुंचा है। मूर्तियों को संस्कृति विभाग के परिसर में सुरक्षित रखा गया है। रेनोवेशन के बाद उनको सम्मान के साथ स्थापित किया जाएगा, जैसा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के समय किया गया था। लेकिन पेंच यह फंसा है कि प्रशासन दो मूर्तियों की बात कर रहा है, जबकि ट्रस्ट ने चार मूर्तियां मांगी हैं।

दो सांसदों समेत 8 के खिलाफ FIR

मणिकर्णिका घाट को लेकर एआई जेनरेटेड विडियो और फोटो सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में आप सांसद संजय सिंह, कांग्रेस के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, हरियाणा की कांग्रेस नेता जसविंदर और समेत 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

लोकल सर्कल्स के सर्वे में यात्रियों की राय

इंडिगो पर जुर्माने और कार्रवाई से खुश नहीं हैं 61% यात्री

सरकार ने इंडिगो पर अब तक जो कार्रवाई की है, क्या यह पर्याप्त है?



■ NBT रिपोर्ट: इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में बार-बार हो रही गड़बड़ियों और मुआवजा न मिलने को लेकर अब यात्रियों का गुस्सा खुलकर सामने आ रहा है। लोकल सर्कल्स के सर्वे में पता चला है कि ज्यादातर हवाई यात्री सरकार और DGCA की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। सर्वे के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट में गड़बड़ियों से प्रभावित यात्रियों में से 61% का मानना है कि एयरलाइन कंपनी पर लगाया गया 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना और एक सीनियर वाइस प्रेजिडेंट स्तर के अधिकारी को हटाने की कार्रवाई बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है।

■ इंडिगो की उड़ानों में गड़बड़ियों पर मुआवजा न मिलने पर यात्रियों का गुस्सा दिखा

■ यात्रियों ने कहा, इंडिगो ने कैश मुआवजा देने की जगह ज्यादातर मामलों में ट्रैवल वाउचर दिया

SC ने कहा- हवाई किराये में बढ़ोतरी पर देंगे दखल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को त्योहारों और विशेष अवसरों पर हवाई किरायों में होने वाली बेतहाशा बढ़ोतरी पर गंभीर चिंता जताई। कहा कि वह एयरफेयर में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव के मामले में हस्तक्षेप करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे यात्रियों का शोषण कहा। जनहित याचिका में निजी एयरलाइंस के किराये, अतिरिक्त शुल्क को कंट्रोल करने के लिए गाइडलाइंस बनाने की मांग की गई है। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार और नियामक संस्था DGCA से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, 'हम निश्चित रूप से इसमें हस्तक्षेप करेंगे। कुंभ और अन्य त्योहारों के दौरान यात्रियों के शोषण को देखिए। दिल्ली से प्रयागराज और जोधपुर के हवाई किरायों पर नजर डालिए।' केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक से अदालत ने इस मुद्दे पर जवाब मांगा। जस्टिस मेहता ने हल्के-फुल्के अंदाज में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि हो सकता है अहमदाबाद के लिए किराया नहीं बढ़ा हो, लेकिन जोधपुर जैसी जगहों के लिए किराया काफी बढ़ गया है। केंद्र की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी के लिए तय की है। 17 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता एस लक्ष्मीनारायण की ओर से दायर इस याचिका पर सुनवाई की। याचिका में दावा किया गया है कि निजी एयरलाइंस ने बिना किसी ठोस कारण के इकॉनमी क्लास के यात्रियों के लिए मुफ्त चेक-इन बैगेज की सीमा 25 किलोग्राम से घटाकर 15 किलोग्राम कर दी है, जिससे पहले टिकट में शामिल सेवा को नया राजस्व स्रोत बना दिया गया है। कोई प्राधिकरण ऐसा नहीं है, जो हवाई किरायों की समीक्षा कर सके।

■ सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइंस बनाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और DGCA से मांगा जवाब

कोर्ट को मीडिया के सामने बयान का मंच न बनाएं : SC

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक सुधारों से जुड़ी एक जनहित याचिका खारिज करते हुए उसे पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन करार दिया। पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन मतलब प्रचार पाने के उद्देश्य से दायर की जाने वाली याचिका। कोर्ट ने कहा कि अदालत को बाहर खड़े कैमरों (मीडिया) के सामने बयान देने का मंच नहीं बनाया जाना चाहिए। याचिका में मांग की गई थी कि देश की हर अदालत में सभी मामलों का निपटारा एक साल के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। कोर्ट ने सवाल उठाया कि कोर्ट इस तरह का सर्वव्यापी और व्यावहारिक रूप से असंभव निर्देश कैसे दे सकती है? सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने स्वयं पक्ष रखा और हिंदी में बहस करने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार किया गया। जब याचिकाकर्ता ने देश में बदलाव लाने की बात कही तो चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसी आकांक्षाओं के लिए औपचारिक याचिका दाखिल करना उचित नहीं है। कोर्ट ने याचिकाओं के पीछे के उद्देश्य पर भी गंभीर चिंता जताई और कहा कि केवल मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस तरह की याचिकाएं दायर नहीं की जानी चाहिए।

शराब ठेकों से जुड़े आदेश पर रोक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजस्थान हाई कोर्ट के शराब की दुकानों से जुड़े एक आदेश पर रोक लगा दी। हाई कोर्ट ने राजस्थान सरकार को हाइवे से 500 मीटर की सीमा के भीतर स्थित सभी शराब की दुकानों को हटाने या ट्रांसफर करने का निर्देश दिया था। बढ़ते सड़क हादसों की वजह से राजस्थान हाई कोर्ट ने यह आदेश दिया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने शराब विक्रेताओं और राजस्थान सरकार की ओर से दायर कई याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए आदेश पर रोक लगाई।

कर्नल सोफिया के मामले में मंत्री के खिलाफ 2 हफ्ते में लें फैसला : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़े मामले में मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति देने पर दो सप्ताह के भीतर निर्णय ले। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने यह नोट किया कि कोर्ट की ओर से गठित SIT अपनी जांच पूरी कर चुका है और अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है। अब यह रिपोर्ट राज्य सरकार की स्वीकृति की प्रतीक्षा में है, जो कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (सांप्रदायिक वैमनस्य, घृणा या दुर्भावना को बढ़ावा देना) के तहत अपराध का संज्ञान लेने के लिए आवश्यक है। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि SIT की रिपोर्ट में कुछ अन्य मामलों का भी उल्लेख है, जिनमें शाह द्वारा कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणियां किए जाने का आरोप है। कोर्ट ने SIT को निर्देश दिया कि वह ऐसे मामलों के संबंध में प्रस्तावित कार्रवाई पर भी एक रिपोर्ट प्रस्तुत पेश करें। ऑपरेशन सिंदूर के बाद, शाह ने कर्नल कुरैशी पर कुछ टिप्पणियां की थीं। कर्नल कुरैशी सेना की ओर से मीडिया को जानकारी दे रही थीं। हाई कोर्ट ने शाह की टिप्पणियों का स्वतः संज्ञान लिया था।

■ ऑपरेशन सिंदूर के बाद, कर्नल कुरैशी पर की गई थी टिप्पणियां

भारतीय रेल
पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स
(पूर्व में डीज़ल रेलइंजन आधुनिकीकरण कारखाना)
पटियाला-147 003
फोन: 0175-2396000, 2396001 फैक्स: 91-175-2396413

इलेक्ट्रॉनिक निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला द्वारा निम्नलिखित इलेक्ट्रॉनिक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

ई-निविदा सूचना संख्या: 40 ईटी/2025-26

क्रमांक	निविदा सं.	विवरण एवं विशिष्टी सं.	मात्रा	निविदा बंद होने की तिथि
1	20261001	वॉटरलेस यूरिनल सिस्टम फॉर डब्ल्यूऐजी-9	93 सेट	05.02.2026
2	20251101B	यू आई सी सॉकेट	700 नंबर्स	23.02.2026*

निविदाओं का समापन समय 15:00 बजे है।
*लगी हुई मदें सी.एल.डब्ल्यू फर्मों से खरीदने के लिए है।
उत्तरदायी निविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि मदों का विस्तृत विवरण तथा निविदा दस्तावेज और निविदा शर्तें http://www.ireps.gov.in या पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला की वेबसाइट indianrailways.gov.in से देखी जा सकती है। कृपया नोट करें कि निविदाकर्ता अपनी कोटेशन केवल http://www.ireps.gov.in से ही भेज सकते हैं।
शुद्धि-पत्र निविदा सूचना संख्या 25 ET/2025-26
निविदा संख्या 20251169 की बंद होने की तिथि को 27.01.2026 पढ़ी जाए। 195/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना संख्या: T-03-N-2025-26 दिनांक- 16.01.2026
निविदा सूचना
वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑनलाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
टेण्डर संख्या: T-03-N-2025-26
कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि: होडल- होडल स्टेशन पर सब-स्टैंडर्ड टाइप-I क्वार्टर को टाइप-II क्वार्टर में बदलने (14 नग) से संबंधित इलेक्ट्रिफिकेशन का काम, जिसमें अप्रोच रोड और कंपाउंड वॉल भी शामिल है।
कार्य पूर्ण करने की अवधि: 08 माह।
कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 3289956.86
पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल Indian Railways Website www.ireps.gov.in पर 15.00 बजे तक दिनांक 16.02.2026 तक टेन्डर डाल सकते हैं। 128/26 FA
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

'रूसी महिला और बच्चे का लगाएं पता'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक रूसी महिला का पता लगाने के लिए 4 हफ्ते का समय दिया है। महिला अलग रह रहे अपने पति से भरण पोषण को लेकर विवाद के बीच बच्चे के साथ मॉस्को चली गई थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की इस दलील पर गौर किया कि महिला-बच्चे का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

DELHI AIRPORT | GMR
Delhi International Airport Limited
Registered Office: New Udaan Bhawan, Opp. Terminal 3, Indira Gandhi International Airport, New Delhi - 110 037
CIN NO. U63033DL2006PLC146936
NOTICE INVITING TENDER (NIT)
Delhi International Airport Ltd. (DIAL) invites tender for "Onboarding an agency for conducting Technical Trainings required under various regulations at IGI Airport".
For details, the interested parties may download the Tender document free of charge from www.newdelhiairport.in between 20.01.26 to 30.01.26 and submit their bid on 06.02.26 as prescribed in Tender document.
DAL/226/PRISM ASSOCIATES

updesco
U.P. Development Systems Corporation Ltd.
(U.P. Government Undertaking)
2nd Floor, Uptron Building, Near Gomti Barrage, Gomti Nagar, Lucknow
Expression of Interest (EoI) Notice
UPDESCO invites Expression of Interest (EoI) from interested parties to provide opinion/suggestions on the draft RFP for UPSWAN 3.0, for the establishment of "One State One Network", expanding connectivity from proposed 1,348 PoPs to additional 57,700 Gram Panchayats across Uttar Pradesh. The EoI document has been published on e-procurement portal https://etender.up.nic.in vide ref. no. UPDESCO/EOI/UP/OSON/01 dated 17.01.2026. The last date for submission of opinion/suggestions is 24.01.2026.
UPDESCO/EOI/UP/OSON/01 MANAGING DIRECTOR

अमावस्या पर रची गई थी मेरी हत्या की साज़िश : शंकराचार्य

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को आरोप लगाया कि मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए जाते समय उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। उनके सेवकों को पुलिस घसीटकर ले गई। उनको भी पालकी से उतरने के लिए कहा जा रहा था। शंकराचार्य ने कहा, 'इतिहास गवाह है, जब-जब राजा रथ से उतरा है, दुश्मन अपने मंसूबों में सफल हुए हैं। इसीलिए मैं सेवकों और संत समाज की संतुष्टि के लिए पालकी से नीचे नहीं उतरा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मेले में घुमाया जाता रहा।' शंकराचार्य शिविर के बाहर धरने पर बैठे हैं। वहीं, शंकराचार्य के आरोपों के बाद मेला प्रशासन ने भी सफाई दी। मेला दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि किसी को भी संगम स्नान से नहीं रोका गया है। उनके आरोप निराधार हैं। वहीं, डीएम मनीष कुमार वर्मा और मेलाधिकारी ऋषिराज ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य नहीं हैं। उनका जो शिविर है, वह बद्रिकाश्रम के नाम पर आवंटित है।

बोले, जब तक सम्मानपूर्वक स्नान नहीं कराया जाएगा, शिविर के बाहर बैठे रहेंगे

सतुआ बाबा बीमार, गाड़ियां भी नदारद

शंकराचार्य और मेला प्रशासन के बीच हुए विवाद में शंकराचार्य ने परोक्ष रूप से सतुआ बाबा का भी नाम लिया। कहा- अधिकारी कुछ संतों के यहां रोटियां सेंक रहे हैं और उन्हें VIP प्रोटोकॉल के साथ स्नान कराया जा रहा है। इस बीच सोमवार को सतुआ बाबा ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। बताया गया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। उनके शिविर में पिछले कुछ दिनों से चर्चा का कारण बनी करोड़ों की गाड़ियां भी नदारद थीं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भी इस मामले में सरकार को घेरा।

SC/ST ऐक्ट में अपराध तभी, जब जाति पर हो टिप्पणी : SC

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि केवल अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना SC/ST ऐक्ट के तहत अपराध नहीं है, जब तक कि उसका प्रयोग किसी को उसकी जाति के आधार पर अपमानित करने के विशेष इरादे से न किया गया हो। जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने अपीलकर्ता के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। कहा कि एफआईआर और चार्जशीट में कहीं भी उसके द्वारा किए गए किसी ऐसे कृत्य का आरोप नहीं लगाया गया है, जिससे यह संकेत मिले कि उसने जाति के आधार पर अपमान या धमकी दी हो। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत और हाई कोर्ट ने SC/ST ऐक्ट के तहत कार्यवाही जारी रखकर त्रुटि की है। कोर्ट ने SC/ST अधिनियम की उन प्रासंगिक धाराओं को रेकॉर्ड पर लिया, जिनमें अपराधों और अत्याचारों के लिए दंड का प्रावधान है। कोर्ट ने कहा कि कानून के मुताबिक, SC/ST ऐक्ट के तहत अपराधों और अत्याचारों के लिए मामला तब बनता है, जब किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के शख्स को सार्वजनिक जगह पर लोगों के सामने जाति के आधार पर जानबूझकर अपमानित या डराया है।

दिल्ली, मुंबई समेत 4 एयरपोर्ट पर लगाए गए फुल बॉडी स्कैनर

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली और मुंबई समेत देश के 4 एयरपोर्ट पर फुल बॉडी स्कैनर लग दिए गए हैं। इनमें दिल्ली और मुंबई के अलावा बेंगलुरु और कोचिन एयरपोर्ट शामिल हैं। CISF अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इन सभी को अभी ट्रायल आधार पर ही लगाया गया था और यह खरे उतरे हैं। इनको स्थायी रूप से लगाने के लिए ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) को लिखा गया है। उम्मीद है कि जल्द एनओसी मिल जाएगी। इसके बाद इनका कमर्शल इस्तेमाल शुरू कर दिया जाएगा। इसमें फिर और भी एयरपोर्ट जोड़े जाएंगे। दिल्ली और मुंबई समेत देश के कुछ अन्य अति-संवेदनशील एयरपोर्ट पर CISF अब फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (FRS) से लैस CCTV कैमरे लगा रही है। CISF के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके लिए AI का इस्तेमाल किया जा रहा है। अभी लावारिस वस्तु, संदिग्ध ऑब्जेक्ट और एक ही जगह पर बड़ी देर से खड़े या बैठे शख्स को सिस्टम कंट्रोल रूम में अलर्ट भेज रहा है। आने वाले समय में इस सिस्टम में वॉन्टेड आतंकवादी और गैंगस्टरों के फोटो भी रेकॉर्ड में डाले जाएंगे।

कहां लगाया जाएगा अग्निवीरों को, जारी है स्टडी

CISF और बीएसएफ जैसे तमाम सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में भी अग्निवीरों की भर्ती होगी। अग्निवीरों का पहला बैच इस साल आएगा, जो नेवी का होगा। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि ये नेवी से ट्रेंड होंगे। ऐसे में इनका पोर्ट पर इस्तेमाल अच्छा साबित हो सकता है। हालांकि, अग्निवीरों का बेहतर इस्तेमाल किस यूनिट में किया जाएगा, इसकी स्टडी की जा रही है। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर 19 दिसंबर को अंकित दीवान नाम के यात्री को लहूलुहान करने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के आरोपी कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को इंडिगो ने नो फ्लाई लिस्ट में डाला है।

वंदे भारत स्लीपर में टिकट कैंसल कराना भी होगा महंगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश की पहली वंदे भारत स्लीपर में सिर्फ टिकट ही महंगा नहीं होगा, अगर टिकट कैंसल कराना पड़ा तो रिफंड भी दूसरी ट्रेनों की अपेक्षा कम मिलेगा। 72 घंटे पहले टिकट कैंसल कराने पर कुल किराये का 25% पैसा काट लिया जाएगा। 72 घंटे से 8 घंटे के अंदर टिकट रद्द कराने पर 50% पैसा काटा जाएगा, जबकि ट्रेन छूटने से 8 घंटे के अंदर अगर टिकट कैंसल कराया तो कुछ भी रिफंड नहीं मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि दूसरी ट्रेनों के मुकाबले टिकट कैंसलेशन का चार्ज अधिक रखने की वजह यह है कि लोगों को वेटिंग नहीं, कंफर्म टिकट ही मिले। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अलावा अन्य ट्रेनों में टिकट कैंसल कराने पर अलग-अलग श्रेणी के लिए 240 रुपये से लेकर 60 रुपये तक का चार्ज वसूला जाता है। अगर कोई यात्री ट्रेन के तय डिपार्चर टाइम से 48 घंटे से लेकर 12 घंटे पहले तक टिकट रद्द करता है, तो उस पर 25% कैंसलेशन चार्ज लिया जाता है। रेलवे बोर्ड ने कहा है कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में न्यूनतम 400 किमी का टिकट मिलेगा। इसमें सिर्फ महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और ड्यूटी पास धारकों के लिए ही आरक्षण होगा। इसके अलावा कोई अन्य आरक्षण लागू नहीं होगा।



पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम: नामालूम, परिवार व पता: नामालूम, उम्र: लगभग 60 वर्ष, दिनांक 09.01.2026, प्रातः 11.48 बजे यह व्यक्ति ऑरोबिंदो मार्ग सड़क के किनारे, नई दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक एफआईआर सं. / डीडी सं. 21ए, 68ए दिनांक 09.01.2026 को थाना सरोजिनी नगर, दक्षिण पश्चिम दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-
लिंग: पुरुष, आयु: लगभग 60 वर्ष, कद: 5' 2" फीट, रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: सामान्य, पहनावा: ग्रे रंग की पेंट, हरे रंग का स्वेटर और हरे रंग की स्वेटर वाली चप्पल पहने हुए है।
मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:-
थाना प्रभारी
थाना: सरोजिनी नगर, नई दिल्ली
फोन: 011-24671281, 24673283
मो.: 7065036230
DP/793/SW/2026
UIDB/UIPF notices

पहचान की अपील

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 60 साल, कद: 5'5", लिंग: पुरुष, रंग: सांवला, शरीर : सामान्य, चेहरा : लंबोतरा, पहनावा: काले रंग की टी-शर्ट और स्वेटर तथा हरे रंग की पैंट पहने है, बरामदगी स्थल: जो 15.01.2026 को आईएसबीटी आनंद विहार, दिल्ली में बेहोशी की हालत में मिला, जिसे एल.बी.एस. अस्पताल, खिचड़ीपुर, दिल्ली ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पहचान हेतु एलबीएस अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में संरक्षित किया गया है।
इस सम्बंध में DD No. 82A, दिनांक 15.01.2026, पुलिस स्टेशन: पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।
थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली
फोन: 8750870626, 9911473566
DP/837/ED/2026

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 01-19-2026 23:14 Color:

बंगाल में 10वीं का एडमिट कार्ड SIR के लिए वैध: SC

कोर्ट ने कहा, आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवन में सेंटर लगाएं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा, राज्य बोर्ड से जारी 10वीं क्लास का एडमिट कार्ड SIR के लिए एक वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल राज्य शिक्षा बोर्ड जन्मतिथि का प्रवेश पत्र में दर्ज करता है, न कि उसीको प्रमाणपत्र में। चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि निर्वाचन आयोग से निर्देश लेकर अदालत को अवगत कराएंगे।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने कहा कि करोड़ों लोगों को माता-पिता के नाम में कथित गड़बड़ियों के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। उन्हें नोटिस का जवाब देने के लिए सैकड़ों किलोमीटर चलकर जाना पड़ता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि अपने दस्तावेज या आपत्तियां अधिकृत एजेंटों के माध्यम से पेश कर सकते हैं। ऐसे एजेंट बूथ लेवल एजेंट (BLA) भी हो सकते हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवन या ब्लॉक कार्यालयों में ही सेंटर स्थापित किए जाएं।

अगर दस्तावेज संतोषजनक न पाए जाएं तो निर्वाचन अधिकारी संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का मौका दें, जिसमें उसका अधिकृत एजेंट भी मौजूद हो सकता है। अधिकारी दस्तावेज मिलने पर सुनवाई के बाद इसका प्रमाण-पत्र भी जारी करेंगे।

'सिर्फ वर्तनी के आधार पर नोटिस न भेजें'

सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि केवल वर्तनी के अंतर के आधार पर नोटिस न भेजे जाएं। हालांकि, जहां माता-पिता के साथ आयु-अंतर 15 वर्ष या उससे कम है, वहां इसे 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' यानि तार्किक विसंगति के रूप में चिह्नित किया जाता है। जस्टिस बागची ने सवाल किया कि यह लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी कैसे है? मां और बेटे के बीच 15 वर्ष का आयु-अंतर कैसे तार्किक विसंगति हो सकता है? उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे देश में बाल विवाह नहीं होते।

कांग्रेस नेता गोविंद डोटासरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया।

राजस्थान में SIR के जरिए हमारे समर्थकों के वोट कट रहे: कांग्रेस

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** कांग्रेस का दावा है कि एसआईआर के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा कर राजस्थान में कांग्रेस समर्थकों के वोट काटे जा रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र पर सीधा हमला है। डोटासरा के अनुसार एसआईआर के बाद जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 45 लाख लोगों को अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत की श्रेणी में डाल दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि 13, 14 और 15 जनवरी को हजारों फॉर्म जमा कर कांग्रेस के मजबूत क्षेत्रों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया।

भारत-UAE बोले- आतंक को पनाह न दे कोई भी देश

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के दौरे में साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय।

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की तीन घंटे की भारत यात्रा में कई अहम समझौतों को मंजूरी दी गई। साझा बयान में भारत और यूएई ने सीमा पार आतंकवाद समेत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की। दोनों देशों ने कहा कि किसी देश को उन्हें प्रश्रय नहीं देना चाहिए जो आतंकी गतिविधियों को हायनेस करते हैं, उनकी योजना बनाते हैं। दोनों देशों ने FATF यानि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉन्डरिंग विरोधी और टेरर फायनेंसिंग के तहत सहयोग कायम करने पर सहमति जताई।

विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने बताया कि भारत और यूएई के बीच रक्षा, AI डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश के क्षेत्र में सहयोग पर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति ने 2032 तक साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। यह अभी 100 अरब डॉलर से अधिक है। दोनों नेताओं के बीच गाजा की मौजूदा स्थिति, ईरान में उथलपुथल और यमन के हालात पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

निवेश के जरिए विकास: यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के जरिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के रणनीतिक विकास में मदद करेगा। गिफ्ट सिटी गुजरात में फर्स्ट अबु धाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड के ऑफिस बनाए जाएंगे।

डिफेंस, स्पेस में सहयोग: दोनों देश रक्षा क्षेत्र में इनोवेशन, तकनीक, ट्रेनिंग और साइबर स्पेस, काउंटर टेररिजम जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाएंगे। यूएई की स्पेस एजेंसी और भारत के नैशनल स्पेस प्रोमोशन ऐंड ऑथोराइजेशन (IN-SPACe) के बीच समझौता हुआ है।

सेंगर की सज़ा निलंबन की अर्ज़ी खारिज

Prachi.Yadav@timesofindia.com

AI image

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को उन्नाव रेप मामले में दोषी कुलदीप सेंगर की याचिका खारिज कर दी। बीजेपी के निष्कासित नेता सेंगर ने पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत केस में 10 साल की सजा निलंबित करने की अर्जी दायर की थी। जस्टिस रविंदर डुडेजा ने कहा, राहत देने के लिए कोई आधार नहीं है। सजा निलंबित करने की मांग वाली याचिका खारिज की जाती है। जस्टिस डुडेजा ने कहा कि सेंगर ने हालांकि लंबा समय जेल में बिताया है, लेकिन ऐसे के आधार पर राहत नहीं दी जा सकती।

मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 3 फरवरी की तारीख तय की। अदालत ने कहा था कि एक परिवार के 'इकलौते कमाने वाले' की मौत के लिए कोई नरमी नहीं दिखाई जा सकती।

- उन्नाव मामले में पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत केस में सेंगर को 10 साल की सजा मिली है।
- सजा निलंबन की अर्जी पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा, राहत देने का कोई आधार नहीं है।

निष्कासित BJP नेता को दूसरा बड़ा झटका

बीजेपी से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है। इससे पहले जेल से बाहर आने की उसकी उम्मीदों पर तब पानी फिरा, जब 2017 के उन्नाव रेप केस में दिल्ली हाई कोर्ट से मिली जमानत के आदेश पर रोक लगा दी। बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। इस पूरे घटनाक्रम की वजह से यह मामला काफी सुर्खियों में रहा था।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

US राजदूत गोर, सेनेटर डेन्स से मिले पीयूष गोयल

भारत अमेरिका द्विपक्षीय व्यापारिक बातचीत के बीच सोमवार को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और सेनेटर स्टीव डेन्स से मुलाकात की। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर काफी सार्थक बातचीत हुई है।

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका नाम: अज्ञात पुत्र: अज्ञात पता: अज्ञात वय: 45 साल, लिंग: पुरुष, कद: 5 फुट 6 इंच, चेहरा: लम्बा, रंग: गेहुंआ, शरीर: पतला, पहनावा: हरे रंग की टी-शर्ट, काले रंग की जैकेट और पैरों में स्लेटी रंग के जूते पहने हुए, दिनांक 13.01.2026 को DDA पार्क, हरकेश नगर, ओखला फेज-2, नई दिल्ली में बेहोशी की हालत में मिला, फिर उसे AIIMS अस्पताल, नई दिल्ली में भर्ती कराया गया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत लाया गया घोषित कर दिया, थाना अन्तर्गत ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली

इस संदर्भ में DD No.27A, दिनांक 13.01.2026, थाना अन्तर्गत ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

मृतक के पहचान के लिए AIIMS अस्पताल, नई दिल्ली के शवगृह में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली
फोन: 011-26816677, 8750871623

DP/829/SE/2026

गृहिणी का योगदान कमतर नहीं: पंजाब-हरियाणा HC

■ **NBT न्यूज, चंडीगढ़:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक फैसले में घरेलू महिला के योगदान को आर्थिक रूप से बहुमूल्य मानते हुए उनकी काल्पनिक मासिक आय 15,000 रुपये तय की। कोर्ट ने कहा कि घर बनाने और परिवार चलाने में महिला का योगदान अदृश्य जरूर है, लेकिन उसका महत्व किसी भी तरह कम नहीं आंका जा सकता। कोर्ट ने यह टिप्पणी वाहन दुर्घटना से जुड़े एक मुआवजा केस की सुनवाई के दौरान की। हाई कोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (MACT) की ओर से दिए गए मुआवजे को अपर्याप्त मानते हुए करीब दोगुना करते हुए 1.18 करोड़ रुपये कर दिया। जस्टिस सुदीप्ती शर्मा ने कहा कि अगर एक गृहिणी की ओर से दी जाने वाली सेवाओं को खुले बाजार से हासिल किया जाए, तो इसके लिए भारी भरकम भुगतान करना पड़ेगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि गृहिणी की भूमिका केवल घर की देखभाल तक सीमित नहीं होती। वह पूरे परिवार के लिए भोजन बनाती है, किराने और घरेलू जरूरतों की खरीद करती है, घर की सफाई और रखरखाव का जिम्मा संभालती है, परिवार की वित्तीय योजना, बजट का प्रबंधन करती है।

कोर्ट ने घरेलू महिला की काल्पनिक मासिक आय 15000 तय की

राजा भैया पर आरोपों से जुड़ी याचिका 4 माह में निपटाएं: SC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वह उत्तर प्रदेश के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी द्वारा घरेलू हिंसा एक्ट के तहत अपने पति के खिलाफ दायर याचिका का निपटारा चार महीने के भीतर करे। कोर्ट ने यह कहते हुए भानवी सिंह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया कि यह मामला पहले से ही हाई कोर्ट में पेंडिंग है। शीर्ष अदालत ने यह भी नोट किया कि इस मामले में अगली सुनवाई 12 फरवरी को हाई कोर्ट में तय है। उस दिन याचिकाकर्ता इस मामले के शीघ्र निपटारे के लिए आग्रह करने के लिए स्वतंत्र होंगी।

सुप्रीम कोर्ट में राजा भैया की पत्नी की याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

मानसिक रूप से कमजोरों पर SOP के लिए केंद्र को मौका

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मानसिक बीमारियों से पीड़ित बेघर लोग समाज का सबसे अधिक असुरक्षित और दयनीय वर्ग है। अदालत ने उनके पुनर्वास के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को लेकर केंद्र सरकार को अंतिम मौका दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली पीठ ने यह टिप्पणी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की। सुनवाई के समय केंद्र सरकार के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी के लिए तय कर दी।

SC ने मानसिक रूप से पीड़ित बेघर लोगों को अत्यंत दयनीय बताया

कृषि मंत्री बोले- मनरेगा में कागजों पर ही थे अधिकार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** विकसित भारत G RAM G योजना के बारे में कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज चौहान ने सोमवार को कहा, यह योजना गरीबों, मजदूरों और गांवों के विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। चौहान ने कहा, कांग्रेस ने इस बारे में जो चिट्ठी जारी है, वह 'झूठ और फरेब से भरी हुई है।'

शिवराज चौहान

मुलायम के छोटे बेटे लेंगे पत्नी से तलाक, इंस्टाग्राम पर बताया

■ **भाषा, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (एसपी) के संस्थापक और यूपी के पूर्व सीएम दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव ने सोमवार को अपनी पत्नी और बीजेपी नेता अपर्णा बिष्ट यादव पर पारिवारिक संबंधों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। प्रतीक यादव ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, मैं इस स्वार्थी महिला से जल्द से जल्द तलाक लेने जा रहा हूं। वह सिर्फ नाम और दबदबा बनाना चाहती है। इस समय मेरी मानसिक स्थिति बहुत खराब है और उसे कोई परवाह नहीं है। अपर्णा से इसपर प्रतिक्रिया नहीं मिली।

प्रतीक यादव ने अपर्णा पर पारिवारिक संबंधों को बर्बाद करने का आरोप लगाया



लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभा एवं विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारियों का संसदीय कार्य प्रक्रिया पर

राष्ट्रीय मंथन

दिनांक : 20 जनवरी, 2026 | समय : प्रातः 10:00 बजे
स्थान : विधान सभा परिसर, लखनऊ

द्वितीय दिवस : विचार-विमर्श के अहम बिंदु

- पारदर्शी, कुशल और नागरिक केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा
- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को कुशल और सुदृढ़ बनाने के लिए विधायकों की क्षमता वृद्धि पर विमर्श
- जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही विषय पर मंथन

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovt0fficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: pritambhara.prakash Time: 01-19-2026 22:19 Color:

मेडिटेशन से संतुलन
एक शोध के अनुसार नियमित ध्यान (मेडिटेशन) दिमाग में भावनात्मक संतुलन बढ़ाता है, जिससे हम रोजमर्रा के तनाव में भी अधिक शांति, संतोष और स्थायी खुशी अनुभव करते हैं।

विचार

खुशी का राज है आजादी, और आजाद रहने के लिए जरूरी है साहस।
– कैरी जोनस (Carrie Jones)

ज़रा हंस लें

टीचर: बताओ, सबसे ज्यादा तेज कौन होता है–रोशनी या आवाज? **स्टूडेंट:** रोशनी। **टीचर:** कैसे? **स्टूडेंट:** क्योंकि मोबाइल में पहले स्क्रीन जलती है, आवाज तो बाद में आती है जब पता चलता है कि बैटरी 1% है।

कविता

स्वागत में बसंत के

स्वागत में बसंत के प्रकृति ने
की है मनोरम तैयारी,
आ गई ऋतुराज बसंत की
'आनंद' खुशनुमा सवारी,
फिजाओं में घुली खुशबू कुसुमों
के पल्लव पराग की,
और खिल गई बगों में नूतन
नन्हीं कलियों की क्यारी।
चहक रही हैं चिड़िया और
पंछी कर रहे मधुरम गान,
झूम रही है लताएं खुशी से
छेड़ सात स्वरों की तान,
खिले सुनहरे रंग में जगमग
सारे खेत खलिहान।
बह रही तन मन को आनंद
देने वाली सुगंधित बयार,
तितलियां कर रहीं गुणगान
और भवरे कर रहे गुंजार,
संचार हुआ नवचेतना का घड़ी
आई अवसाद त्याग की,
और फैला दसों दिशाओं से
धरा पर अनन्य प्रेम अपार।
बसंत के आने से स्पंदित हुआ
जीवन, ढेरों खुशियां छाई,
सूरज ने ऊर्जा भरी प्राणियों में
सुनहरी किरणें मुस्कुराईं,
और मोह कर सभी को बसंत ने
की अवनि में रोशनाई।

–मोनिका डागा
'आनंद', NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

मंगल पर कॉलोनी, काई से सजेंगी दीवारें!

नन्ही काई बनी स्पेस की सुपरहीरो, ISS के बाहर 283 दिन तक ज़िंदा रही | रेडिएशन, वैक्यूम और -195°C ठंड झेलकर भी हरी लौटी काई | पायनियर प्लांट ने दिखाया दम, मंगल की सूखी मिट्टी को हरा करने का सपना

■ अपंरा नायर/गोविंद विजयकुमार

कल्पना कीजिए- एक नन्हा सा पौधा, जिसे हम अक्सर दीवारों या गीली मिट्टी पर देखते हैं, अंतरिक्ष की सबसे कठिन परीक्षा पास कर आया है। यह कहानी है मॉस यानी काई की, जिसने साबित कर दिया कि जीवन की उम्मीद सबसे छोटे रूपों में भी छिपी होती है।

मार्च 2022 में जापानी वैज्ञानिकों ने फाइसकोमिट्रियम पैटेंस नाम की काई को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के बाहर लगाया। वहां का माहौल बेहद खतरनाक है- तेज रेडिएशन, वैक्यूम, तापमान में भारी उतार-चढ़ाव और माइक्रोग्रैविटी। इंसान तो वहां कुछ मिनट भी नहीं टिक पाएंगे, लेकिन यह पौधा पूरे 283 दिन तक जिंदा रहा। जनवरी 2023 में जब इसे वापस लाया गया, तो यह फिर से बढ़ने लगा। भारतीय वैज्ञानिक सुधा राजमणि ने कहा, इतना साधारण पौधा भी अंतरिक्ष यात्रा झेल सकता है और दोबारा उग सकता है। ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ता ट्रॉय मिलर ने इसे बेहद खास एक्सपेरिमेंट बताया और कहा कि अगर हमें मंगल पर कॉलोनी बसानी है या गहरी अंतरिक्ष यात्राएं करनी हैं, तो ऐसे पौधे बहुत काम आएंगे।

NASA अगले साल आर्टेमिस 3 मिशन में चांद पर पौधे उगाएगा, इसमें लीफ एक्सपेरिमेंट के तहत पौधों की खेती होगी।

UV रेडिएशन को रोकने में सक्षम

धरती पर पहले ही इस काई को कठिन परिस्थितियों में परखा गया था। इसके तीन हिस्सों को टेस्ट किया गया। प्रोटोनिमाटा, ब्रूड सेल्स और स्पोरोफाइट्स। पहले दो हिस्से कमजोर पड़े, लेकिन स्पोरोफाइट्स के अंदर मौजूद बीजाणु -195 तक की ठंड भी झेल गए। बाद में जब इन्हें ISS भेजा गया, तो नौ महीने बाद 80% बीजाणु जीवित मिले। वैज्ञानिकों ने पाया कि स्पोरोफाइट्स की बाहरी परत UV रेडिएशन को रोकने वाली ढाल की तरह काम करती है।



परीक्षण के दौरान रेगिस्तानी मॉस में रंगों का बदलाव इस तरह से हुआ

मंगल पर उम्मीद

काई पायनियर प्लांट है, क्योंकि यह आग या बर्फ जैसी तबाही के बाद सबसे पहले उगने वाला पौधा होता है। मंगल का मौसम -150°C से 21°C तक रहता है। अगर काई -196°C तक झेल सकती है, तो वहां टिक सकती है। मंगल को हरा बनाने की योजना तीन चरणों में सोची जा रही है
- *ग्रह को 30°C तक गर्म करना, ताकि बर्फ पिघले, सागर बनें।*
- *ऐसे जीव भेजना जो ठंडे, कम दबाव और खारे पानी में भी जीवित रह सकें।*
- *ऑक्सिजन का वातावरण बनाना*

NBT जन्मदिन मुबारक

अजीत डोभाल



अजीत डोभाल भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। उनका जन्म 20 जनवरी 1945 को पौड़ी गढ़वाल में हुआ था। वह 30 मई 2014 से NSA के पद पर हैं।

नादिरा बब्बर

20 जनवरी 1948 को जन्मीं नादिरा बब्बर हिंदी फिल्मों का जाना-माना चेहरा हैं। वह एक्टर-पॉलिटिशियन राज बब्बर की पत्नी हैं। एक थिएटर कंपनी भी चलाती हैं।

अक्षर पटेल

अक्षर पटेल का जन्म 20 जनवरी 1994 को हुआ था। वह इंडियन क्रिकेट टीम में ऑलराउंडर की भूमिका हैं। IPL में वह दिल्ली कैपिटल्स के कैप्टन भी हैं।

डॉली बिंद्रा

फिल्म और टीवी एक्ट्रेस डॉली बिंद्रा का जन्म 20 जनवरी 1970 को हुआ था। वह 2010 में बिग बॉस 4 में भी नजर आई थी। डॉली अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं।

बरगद की गोद में जीवन का राग

PTI

बरगद की शाखों पर लटकते फलों से जीवन का संगीत रचता पीले पांव वाला हरा कबूतर। यह दृश्य जैव विविधता की सुंदरता को उजागर करता है, हमें याद दिलाता है कि हर प्राणी प्रकृति की कविता का अनमोल हिस्सा है।

बांसेरा और असिता पार्क में बढ़ी वेडिंग शूट की डिमांड, 50 से 70 तरह के फूलों से सज-धज गई दिल्ली

ट्यूलिप की रंगत, हॉट एयर बलून का रोमांस, यमुना किनारे वाले पार्क बने वेडिंग फोटो शूट की नई पहचान

Poonam.Gaur@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** पांच फरवरी से शादियों का सीजन शुरू हो रहा है। फरवरी से मार्च तक चलने वाला वेडिंग सीजन इस बार राजधानी के लिए खास माना जा रहा है। इस दौरान दिल्ली देसी और विदेशी फूलों की रंगत से सजी नजर आती है। शादी समारोह और वेडिंग फोटो शूट को खास बनाने के लिए इस बार नए विकल्प भी आए हैं। हॉट एयर बलून से लेकर यमुना किनारे बने रिवरफ्रंट पार्क तक वेडिंग शूट के लिए लोगों की पसंद बन रहे हैं। यही वजह है कि वेडिंग प्लानर पहले से ही तैयारियों में जुटे हैं और आने वाले दिनों में शादी की रौनक और बढ़ने की उम्मीद है।

फरवरी और मार्च में ट्यूलिप, रोज, डहेलिया, गुलमोहर, सनफ्लावर, मैरीगोल्ड समेत कई किस्म के फूल खिलते हैं। कई इलाकों में फ्लावर शो होते हैं। सड़कों के किनारे लगे फूल भी ललचाते हैं। NDMC, DDA और MCD अपने-अपने एरिया में ट्यूलिप समेत कई आकर्षक फूल लगाती हैं। DDA को इस बार वेडिंग सीजन से काफी उम्मीदें हैं। DDA ने यमुना किनारे बांसेरा और असिता में इवेंट बुकिंग शुरू कर दी है। इनमें कई वैरायटी के फूल हैं। DDA से मिली जानकारी के अनुसार, यहां इस बार भी ट्यूलिप समेत करीब 50 से 70 तरह के फूल देखने को मिलेंगे। द्वारका के कुछ पार्कों में भी ऐसी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इन पार्कों के आसपास कई बैंक्विट हॉल मौजूद हैं, ऐसे में वेडिंग फोटो शूट के लिए ये पार्क परफेक्ट प्लेस बन सकते हैं।

DDA ने करीब दो महीने पहले ही बांसेरा में वीकेंड पर हॉट एयर बलून की सुविधा शुरू की है। यह काफी पसंद की जा रही है। रोजाना करीब पांच से सात एनक्वॉयरी वेडिंग शूट को लेकर मिल रही हैं। हालांकि इसके लिए कोई स्पेशल अरेंजमेंट नहीं है। लोग वीकेंड पर टिकट लेकर हॉट एयर बलून की राइड के साथ फोटोग्राफी करवा सकते हैं।

AI Image

कब-कब शादियों के बड़े मुहूर्त

- **फरवरी-** 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25, 26
- **मार्च-** 2,3,4, 7, 8, 9, 11, 12
- **अप्रैल-** 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29
- **मई-** 1, 3, 5,6, 7,8, 13, 14
- **जून-** 21,22, 23, 24, 25, 26, 27, 29
- **जुलाई-** 1, 5

स्पीकिंग ट्री NBT धर्म कर्म

वसंत पंचमी केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के बदलाव और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना दिन है। इस बार वसंत पंचमी 23 जनवरी, शुक्रवार को मनाई जाएगी।

वसंत पंचमी... ऋतुराज के अभिनंदन संग मां शारदे की आराधना का दिन

Mrityunjay.Tripathi@timesofindia.com

भारतीय परंपरा में सभी ऋतुओं का अपना-अपना महत्व है, लेकिन वसंत ऋतु को विशेष स्थान प्राप्त है। इसी कारण इसे 'ऋतुराज' कहा गया है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी का पर्व प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर संगम है। इस दिन न केवल वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत किया जाता है, बल्कि ज्ञान, बुद्धि और कला की देवी मां सरस्वती की विधिवत आराधना भी की जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वसंत पंचमी के दिन ही मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। इसी कारण यह दिन शिक्षा, विद्या, संगीत और कला से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। विद्यार्थी इस दिन अपनी पुस्तकों की पूजा करते हैं और कलाकार अपने वाद्य यंत्रों को मां शारदे के चरणों में समर्पित कर उनसे ज्ञान, एकाग्रता और सृजनशीलता का आशीर्वाद मांगते हैं। कई स्थानों पर बच्चों से अक्षर लिखवाने की परंपरा भी निभाई जाती है, जिसे विद्यारंभ कहा जाता है।

वसंत पंचमी केवल धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला उत्सव भी है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का संदेश देता है। जिस तरह वसंत ऋतु में प्रकृति शीत ऋतु की कठोरता को पीछे छोड़कर नई कोंपलों, फूलों और हरियाली से सजीव हो उठती है, उसी तरह यह दिन हमें भी अपने जीवन में अज्ञान, नकारात्मकता और निराशा को त्याग कर ज्ञान, आशा और उत्साह को अपनाने की प्रेरणा देता है।

विद्यारंभ संस्कार

छोटे बच्चों को पहला अक्षर सिखाने के लिए यह 'अबूझ मुहूर्त' है। माना जाता है कि आज के दिन पढ़ाई शुरू करने से बच्चा बुद्धिमान बनता है।

इस मंत्र से करें पूजा

पंडित दयाशंकर पराशर के अनुसार, ज्ञान और एकाग्रता बढ़ाने के लिए इस दिन 'ॐ ऐं सरस्वत्यै नमः' मंत्र का जाप करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है।



पीले रंग का महत्व

इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनना और मीठे पीले चावल (केसरिया भात) का सेवन करना शुभ माना जाता है। पीला रंग ऊर्जा, शुद्धता और वसंत का प्रतीक है।

नवान्नेष्टि

ग्रामीण इलाकों में इसे नई फसल के उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। लोग नई फसल के दाने अपने इष्ट देव को अर्पित करते हैं और समृद्धि की कामना करते हैं।

होलिका दहन की तैयारी

इसी दिन से होली की तैयारी भी शुरू हो जाती है। कई जगहों पर आज ही के दिन होलिका दहन के स्थान पर पहला डंडा गाड़ा जाता है। अबीर-गुलाल इसी दिन से लोग खेलने लग जाते हैं।

क्या करें?

स्नान के बाद पीले वस्त्र पहनें। मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने धूप-दीप जलाएं और पीले फूल (सरसों या गेंदा) अर्पित करें। देवी के चरणों में पुस्तकें और कलम जरूर रखें।

क्या न करें?

किसी से वाद-विवाद या गुस्सा न करें। किताबों, पेन या वाद्य यंत्रों का अनादर न करें। देव पूजन से पहले भोजन न करने की परंपरा रही है।

शुभ मुहूर्त

पंचमी तिथि

पंडित दयाशंकर पराशर के अनुसार, पंचमी तिथि की शुरुआत गुरुवार की रात 02:32 बजे से होगी और शुक्रवार की रात 01:49 बजे समाप्त होगी। इसी अवधि के भीतर मां सरस्वती की पूजा और वसंत उत्सव का आयोजन किया जाना चाहिए।

अमृत बेला

शुक्रवार को सुबह 8.45 बजे से 11.45 तक शुभ मुहूर्त है। इस अवधि में लाभ और अमृत बेला है। पूजा के लिए यह सबसे अच्छा समय है। इसके बाद 1.15 बजे दोपहर तक काल बेला है तो इस अवधि में पूजा, शुभ कार्यों से बच सकते हैं। फिर 1.15 से 2.45 तक शुभ बेला है।

अभिजीत मुहूर्त

शुक्रवार को सूर्योदय 7.15 बजे और सूर्यास्त 5.51 बजे है। इन दोनों के बीच के 24 मिनट पहले और 24 मिनट बाद यानी 48 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त होता है, जब पूजा की जा सकती है। यह समय दोपहर 12.09 बजे से 12.57 बजे तक है।

सत्संग

डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु

भोजन से समाधि तक: ऊर्जा की आध्यात्मिक यात्रा


AI Image

हमारा शरीर ऊर्जा से बना है। हम हर दिन इस ऊर्जा को खर्च और इकट्ठा करते रहते हैं। यह ऊर्जा कई तरह से मिलती है। भोजन हमें ऊर्जा देता है। अच्छा और पौष्टिक भोजन शरीर को ताकत देता है, मन को हल्का रखता है और शक्ति बढ़ाता है। नींद ऊर्जा को बचाने और फिर से भरने का सबसे प्राकृतिक तरीका है। अच्छी नींद से शरीर तरोताजा रहता है। कम नींद या देर तक जागना ऊर्जा को जल्दी खत्म कर देता है और थकान रहती है।

प्राणायाम यानी सांस की साधना से ऊर्जा मजबूत होती है। सही सांस लेना शरीर को हल्का करता है, मन को शांत करता है और सोच को साफ बनाता है। जब हमारा ध्यान बिखरा रहता है, तो ऊर्जा भी बिखर जाती है। ध्यान (मेडिटेशन) ऊर्जा को ऊपर ले जाता है। इससे सोच ऊंची होती है, मन शांत होता। डर यानी भय ऊर्जा को सिकोड़ देता है। वासना या अनियंत्रित इच्छाएं ऊर्जा को नीचे गिराती हैं, जिससे मन अस्थिर और चंचल हो जाता है।

कम नींद या देर तक जागना ऊर्जा को जल्द खत्म कर देता है

प्रेम ऊर्जा को फैलाता है। प्रेम में इंसान का दिल खुल जाता है, मन में सकारात्मकता आती है और ऊर्जा स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। प्रेम किसी को छोटा नहीं करता, बल्कि हमें बड़ा और व्यापक महसूस कराता है। समाधि जैसी गहरी आध्यात्मिक अवस्था में ऊर्जा बहुत ऊंचे स्तर पर पहुंच जाती है। वहां व्यक्ति अपने भीतर और बाहर के अंतर को खो देता है और एक बड़ी शांति और एकता का अनुभव करता है। अंत में, ऊर्जा सर्वव्यापक यानी सम्पूर्ण अस्तित्व में विलीन हो जाती है, जहां कोई अलगाव नहीं रहता।

ऐसे भेजें अपने सवाल

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

ई-मेल करें मंदिर वाली सेल्फी


अजय जैन ने महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन (एमपी) से भेजी ये फोटो

ऐसे भेजें अपनी सेल्फी

nbtreader@timesofindia.com पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ व्हट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

सप्ताह के व्रत और त्योहार

डॉ. अश्विनी शास्त्री
(20 से 26 जनवरी 2026 तक)

वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ माघ के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि, श्रवण नक्षत्र और सिद्धि योग के साथ हो रहा है। यह शुक्ल पक्ष 1 फरवरी को माघ पूर्णिमा वाले दिन समाप्त होगा और 2 फरवरी से फाल्गुन का कृष्ण पक्ष आरंभ होगा। आज से पंचक लग रहे हैं जो 24 जनवरी को खत्म होंगे। इस सप्ताह चंद्र दर्शन, विनायक चतुर्थी, वसंत पंचमी, स्कन्द षष्ठी का आयोजन होगा।

साहस और शौर्य का प्रतीक है स्कंद षष्ठी

■ **चंद्र दर्शन** (20 जनवरी, मंगलवार)

अमावस्या के बाद जब पहली बार चांद का कोमल अंश आकाश में दिखता है, तो उसे 'चंद्र दर्शन' कहा जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि 'चन्द्रमाः मनसो जातः' अर्थात् चंद्रमा मन से उत्पन्न हुआ है, इसलिए उसकी शीतलता मनुष्य के मन को भी शीतल करती है।

■ **वसंत पंचमी** (23 जनवरी, शुक्रवार)

वसंत पंचमी यानी वसंत के आगमन का दिन। इस दिन से शीत ऋतु समाप्तप्राय मानी जाती है और वसंत ऋतु का आरंभ हो जाता है। इस दिन शास्त्रीय विधि के अनुसार किसी व्रत का विधान नहीं है, लेकिन देवपूजन से पूर्व भोजन नहीं करने की परंपरा चली आ रही है। वसंत पंचमी को श्रीपंचमी भी कहा जाता है।



■ **विनायक चतुर्थी** (22 जनवरी, गुरुवार)

हर माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी मनाई जाती है। यह तिथि विघ्नहर्ता और बुद्धिदाता श्रीगणेश को समर्पित है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रत्येक शुभ कार्य की शुरुआत गणेश स्मरण से ही करनी चाहिए। यद्यपि भाद्रपद मास की गणेश चतुर्थी सबसे प्रसिद्ध है। हर महीने की विनायक चतुर्थी भी उतनी ही पवित्र है। मान्यता है कि गणपति की कृपा से बुद्धि, स्वास्थ्य और समृद्धि मिलती है।

■ **स्कंद षष्ठी** (24 जनवरी, शनिवार)

प्रत्येक मास में जिस तरह चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित होती है, उसी तरह षष्ठी तिथि गणपति के भाई और महादेव के दूसरे पुत्र कार्तिकेय को समर्पित होती है। स्कंद षष्ठी को हिन्दू चिंतन परंपरा में साहस, शौर्य और दिव्य संरक्षण का प्रतीक पर्व माना जाता है। पुराणों के अनुसार, तारकासुर के अत्याचारों से त्रस्त देवताओं ने जब शिव से उपकार की प्रार्थना की, तभी उनके तेज से दिव्य बालक स्कंद का प्राकट्य हुआ।

■ **अचला/भानु सप्तमी** (25 जनवरी, रविवार)

माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन अचला सप्तमी अथवा भानु सप्तमी का आयोजन किया जाता है। प्राचीन काल में इस दिन का बहुत महत्व होता था लेकिन आजकल इसका महत्व कम हो गया है। इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और भगवान् सूर्य का पूजन और अर्चन करती हैं। ऐसा विश्वास है कि इस दिन व्रत रखने से महिलाओं को सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।



ओपनिंग करने से पहली गेंद से आजादी मिलती है और हम जैसा खेलना चाहते हैं, वैसा कर सकते हैं। मेरा प्राथमिक लक्ष्य ओलिंपिक्स की टीम में शामिल होना है और इसके लिए मैं पूरी मेहनत कर रहा हूं। - स्टीव स्मिथ, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर

360

रन बनाए थे शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2022/23 में भारत में हुई वनडे सीरीज में। वह बाबर आजम (360 रन, वेस्टइंडीज के खिलाफ 2016/17 सीरीज) के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले प्लेयर हैं

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट किस शहर में होगा?
A) जकार्ता B) बेंगकुलु C) जयापुरा D) बाली

2. कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलिया ओपन के पहले राउंड में किसे हराया?
A) अमांडा अनिसिमोवा B) इगा स्विटेक C) कामिला राखिमोवा D) आरिना सबालेंका

कल के जवाब
1. B) सचिन तेंडुलकर
2. A) जर्मनी

लकी WINNER

1. संजय चौरसिया, कोंडली, दिल्ली
2. बीरेंद्र सिंह, सीतापुर, उत्तर प्रदेश
3. महेश मेहवानी, गुड़गांव, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

मैड्रिड को फिर मेजबानी

■ **मैड्रिड:** लगातार तीसरे वर्ष मैड्रिड 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स' की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। पिछले साल की तरह यह पुरस्कार समारोह 20 अप्रैल को सिबेल्स पैलेस में आयोजित किया जाएगा।

भारतीयों को कड़ा ड्रॉ

■ **जकार्ता:** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आज से यहां शुरू होने वाले इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तत्पर होंगे। भारतीय खिलाड़ियों को कड़ा ड्रॉ मिला है और उन्हें अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी होगी।

KCL का आयोजन

■ **नई दिल्ली:** पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (KCL) का आयोजन 25 जनवरी से 7 फरवरी तक हरियाणा के राव स्थित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सीजन के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है।

प्रमोद, सुकांत को सोना

■ **नई दिल्ली:** भारत के प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने काहिरा में ईजिप्ट पैरा बैडमिंटन इनविटेशन टूर्नामेंट 2026 में अपने-अपने सिंगल्स वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने के बाद टीम वर्ग में भी गोल्ड हासिल किया।

टेस्ट, वनडे में टीम इंडिया को हराने के बाद नज़रें टी20 सीरीज पर

कीवी टीम के लिए भारत का दौरा बना 'मिशन पॉसिबल'

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 इंटरनैशनल सीरीज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** साल 2024 में जब तक न्यूजीलैंड की टीम भारत के दौरे पर नहीं आई थी, टीम इंडिया का घरेलू मैदान पर लगातार 12 साल तक टेस्ट सीरीज में अजेय रहने का रेकॉर्ड था। कीवियों ने अभेद्य माने जाने वाले भारतीय किले को ध्वस्त कर दिया। तकरीबन 14 महीने बाद अब कीवी टीम ने भारत दौरे पर टीम इंडिया को पहली बार वनडे सीरीज में हराकर हैरान कर दिया है। बुधवार से शुरू होने जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान वे साबित करना चाहेंगे कि भारत को भारत में हराना अब 'मिशन इंपॉसिबल' नहीं रहा। न्यूजीलैंड ने संडे को इंदौर में खेले गए वनडे मैच में टीम इंडिया को शिकस्त देकर वनडे सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया। साल 1989 से द्विपक्षीय वनडे इंटरनैशनल सीरीज के लिए भारत का दौरा कर रही कीवी टीम के लिए यह पहली वनडे सीरीज जीत थी। मार्च 2019 के बाद से भारत ने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं गंवाई थी।

वाइट बॉल चैलेंज

चुनौती और बढ़ जाएगी: भारतीय टीम को वनडे सीरीज में उस कीवी टीम के हाथों हार मिली, जिसके पास अपेक्षाकृत बेहद कम अनुभव था। उनके आठ प्लेयर्स तो पहली बार भारत आए थे। टी20 इंटरनैशनल सीरीज में टीम इंडिया की चुनौती और बढ़ जाएगी क्योंकि मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, ईश सोढ़ी, जेम्स नीशम, मैट हेनरी और मार्क चैपमैन जैसे अनुभवी खिलाड़ी कीवी टीम के साथ होंगे। अगले टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए भी यह सीरीज काफी अहम होगी। मौजूदा टी20 वर्ल्ड चैंपियन भारत की साख दांव पर होगी।

नहीं होंगे तिलक: बढ़े हौसले के साथ टी20 सीरीज में उतरने जा रही न्यूजीलैंड की टीम से लड़ने से पहले भारत को टीम की खामियों से पार पाना होगा। शुरुआती तीन मैचों में तिलक वर्मा और पूरी सीरीज में वॉशिंगटन सुंदर फिटनेस की वजह से चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। तिलक टी20 फॉर्मेट में टीम की अहम कड़ी रहे हैं। भारत के पिछले नौ मैचों में तिलक ने सबसे ज्यादा 290 रन बनाए हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 126 के करीब रहा है। मिडल ऑर्डर में उनकी भरपाई करने के लिए श्रेयस अय्यर को शामिल किया गया है। चोट से वापसी के बाद श्रेयस वनडे सीरीज में असर नहीं छोड़ सके।



नागपुर में प्रैक्टिस सेशन के दौरान कप्तान सूर्यकुमार और कोच गौतम गंभीर

PTI

इन बैटर्स पर होगी निगाहें

मार्क चैपमैन: मैच* 9, रन 138, ऐवरेज 34.5, स्ट्राइक रेट 170.37
टिम रॉबिन्सन: मैच 10, रन 156, ऐवरेज 22.29, स्ट्राइक रेट 141.81

ये बोलर्स हो सकते हैं खतरा

जैकब डफी: मैच 9, विकेट 15, इकॉनमी 8.13
जेम्स नीशम: मैच 7, विकेट 9, इकॉनमी 11.11

*पिछले टी20I मैच के रेकॉर्ड्स

टी20I में न्यूजीलैंड का भारत में प्रदर्शन

साल	विजेता	सीरीज नतीजा
2012	न्यूजीलैंड	1-0 (2)
2017	भारत	2-1 (3)
2021	भारत	3-0 (3)
2023	भारत	2-1 (3)

25 विकेट लिए हैं टी20I में ईश सोढ़ी ने भारत के खिलाफ। वह दोनों देशों के बीच हुए टी20 के सबसे सफल बोलर हैं

66 रन पर ऑल आउट कर दिया था भारत ने न्यूजीलैंड को पिछली बार जब दोनों टीमें टी20 में भिड़ी थीं।

टीम इंडिया की सबसे बड़ी चिंता

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारतीय टी20 टीम के लिए सबसे चिंताजनक बात यह है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव फिलहाल अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली टी20 सीरीज की चार पारियों में सिर्फ 34 रन ही बना सके थे। तब उनका हाईएस्ट स्कोर 12 रन था। टी20 इंटरनैशनल में सूर्य के बल्ले से पिछली अर्धशतकीय पारी साल 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ निकली थी। उसके बाद से खेली 22 पारियों में वह सिर्फ दो बार ही 35 प्लस का स्कोर बना सके हैं। कभी इस फॉर्मेट के टॉप बैटर रहे सूर्य रैंकिंग्स में 13वें नंबर पर खिसक गए हैं। अगले टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए उन्हें पांच टी20 मैचों की इस सीरीज में हर हाल में लय पकड़नी होगी।

ICC की बांग्लादेश बोर्ड को चेतावनी!

कहा, 21 जनवरी तक अंतिम फैसला लें या बाहर होने को रहें तैयार

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। ICC और BCB के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट BCCI के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को IPL 2026 से बाहर किए जाने के बाद शुरू हुआ। ICC के एक सूत्र ने कहा, 'BCB अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिए कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग्स के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जाएगा।'

टी20 वर्ल्ड कप वेन्यू विवाद

ICC चेयरमैन जय शाह

ग्रुप बदलने का दिया था सुझाव: ढाका में ICC के साथ हुई पिछली बैठक में BCB ने प्रस्ताव रखा था कि बांग्लादेश को ग्रुप-बी में आयरलैंड से बदला जाए, जहां श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, ओमान और जिम्बाब्वे हैं। इससे बांग्लादेश अपने सभी लीग मैच श्रीलंका में ही खेल सकेगा।

तो स्कॉटलैंड की हो सकती है एंट्री

सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर BCB ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में वर्ल्ड कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जाएगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा ICC बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी। बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग्स के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है। बीसीबी या तो वेन्यू बदलने या फिर ग्रुप बदलने की मांग पर अड़ा हुआ है, ताकि उसके मैच श्रीलंका में कराए जा सकें।

विराट से सीखें युवा बल्लेबाज: गावसकर

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में भारत की हार के लिए कमजोर शुरुआत को जिम्मेदार ठहराते हुए युवा बल्लेबाजों को विराट कोहली से सीख लेने की सलाह दी है। गावसकर ने यह टिप्पणी न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में भारत की 124 रन की हार के बाद की।

मैच रिऐक्शंस



सुनील गावसकर

FILE

उन्होंने कहा, 'विराट को दूसरे छोर पर किसी का साथ नहीं मिला। वह (कोहली) अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और वह काम है रन बनाना। कभी-कभी इसका मतलब होता है संभलकर खेलना और फिर खुलकर खेलना। कभी-कभी इसका मतलब जल्दी आक्रामक अंदाज अपनाना या फिर परिस्थितियों के अनुसार स्ट्राइक रोटेट करना होता है। कोहली इस बारे में नहीं सोचते कि उनसे किस तरह से खेलने की उम्मीद की जाती है।'

गिल ने मानी कमजोरी: भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मिली हार के बाद साफ कहा कि टीम अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाई, जो दोनों टीमों के बीच सबसे बड़ा अंतर रहा। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की। बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बैटर्स को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। यही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा।'

बेंगलुरु ने दर्ज की एक और जीत, जायंट्स हारा

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** गौतमी नाइक (73 रन, 55 बॉल, 7 फोर, 1 सिक्स) की फिफ्टी और सयाली सतघरे (3/21) की गेंदबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को गुजरात जायंट्स को 61 रन से शिकस्त दी। यह बेंगलुरु की विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के मौजूदा सीजन में पांचवीं जीत है। बेंगलुरु के पांच मुकाबलों में कुल 10 अंक हैं और वह अंक तालिका के शीर्ष पर बना हुआ है। इस जीत के साथ बेंगलुरु ने टॉप-3 में अपनी जगह भी सुनिश्चित कर ली। अब टीम का लक्ष्य अन्य तीन मुकाबलों में जीत दर्ज कर सीधा फाइनल के लिए क्वॉलिफाई करने पर होगा।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026



गौतमी ने लगाई फिफ्टी

पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु ने 20 ओवर्स में छह विकेट पर 178 रन बनाए। गौतमी ने कप्तान स्मृति मंधाना (26) और ऋचा घोष (27) के साथ क्रमशः 60 और 69 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। जवाब गुजरात 117/6 का स्कोर ही बना सकी। कप्तान एश्ले गार्डनर (54 रन) के अलावा कोई बैटर बड़ा योगदान नहीं दे पाई।

दिल्ली-मुंबई भिड़ंत: आज WPL में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स आमने-सामने होंगी। दोनों ही टीमें इस सीजन निरंतरता से अच्छा प्रदर्शन करने में संघर्ष कर रही हैं।

टेलिकास्ट: शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार

जोकोविच ने मेलबर्न में लगाई जीत की 'सेंचुरी'

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में नोवाक जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं जीत दर्ज की। 38 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज ओपन ऐरा में ऐसा करने वाले रोजर फेडरर के बाद केवल दूसरे मेंस प्लेयर हैं। साथ ही वह तीन अलग-अलग ग्रैंडस्लैम में 100 या उससे अधिक मैच जीतने वाले पहले मेंस खिलाड़ी बन गए। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के अलावा विंबलडन में 102 और यूएस में 101 मैच जीते हैं।

लय के लिए किया संघर्ष: विमिंस सिंगल में वर्ल्ड नंबर-2 इगा स्विटेक ने लय हासिल करने के लिए शुरुआत में संघर्ष जरूर किया, लेकिन वह दूसरे राउंड में सीधे सेट जीतकर पहुंच गई। उन्होंने चीनी क्वॉलिफायर युआन यू को 7-6, 6-3 से हराकर आगे कदम बढ़ाया। स्विटेक ने माना कि उन्हें अभी अपने खेल पर काम करना है। वहीं, अमेरिका की कोको गॉफ ने भी पहले सेट में संघर्ष के बाद कामिला राखिमोवा को 6-2, 6-3 से हराया। वहीं, स्टेन वावरिंका ने अपने विदाई सीजन की शुरुआत करते हुए लाम्लो निरे को चार सेट में मात दी। तीन बार के फाइनलिस्ट डेनियल मेदवेदेव, एलेक्स डि मिनौर और कैस्पर रूड भी अगले दौर में पहुंच गए। मेलबर्न पार्क में 1,01,696 दर्शक पहुंचे, जो टूर्नामेंट के एक दिन का नया रेकॉर्ड है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

मुझे यह सुनने में अच्छा लगता है। सेंचुरियन बनना वाकई खास है। इतिहास बनाना एक अच्छी प्रेरणा है। खासकर करियर के पिछले 5-10 साल में मैंने इसका बहुत आनंद लिया है। - नोवाक जोकोविच

नोवाक जोकोविच

25वीं लगातार जीत दर्ज की स्विटेक ने ग्रैंडस्लैम के पहले राउंड के मैच में। वह ऐसा करने वाली कैरोलिना प्लिसकोवा के बाद पहली प्लेयर हैं

40 साल 296 दिन की उम्र में वावरिंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में जीत दर्ज की। वह इस ग्रैंडस्लैम में जीत दर्ज करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज मेंस प्लेयर हैं

गिल नहीं करेंगे रेस्ट, खेलेंगे रणजी

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को खत्म हुई वनडे सीरीज के बाद रेस्ट नहीं करने का फैसला किया है। वह पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ गुरुवार से राजकोट में होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीनों मैच खेले थे। पंजाब टीम के एक करीबी सूत्र ने कहा, 'गिल ने वनडे सीरीज के बाद विश्राम नहीं करने का फैसला किया है। उन्हें इंदौर से राजकोट पहुंचने में आठ घंटे का समय लगा क्योंकि वहां से कोई सीधी फ्लाइट नहीं है।'

क्रिकेट कनेक्ट

भारतीय वनडे-टेस्ट कप्तान शुभमन

FILE

पहले मैच में नहीं खेलेंगे कमिंस: क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने बताया है कि पैट कमिंस आगामी टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में नहीं खेलेंगे। जबकि टिम डेविड रिकवरी में दिक्कत के बावजूद टूर्नामेंट की शुरुआत में खेलने के लिए तैयार हैं।

17 सदस्यीय टीम घोषित

पाकिस्तान के खिलाफ 29 जनवरी से 1 फरवरी के बीच लाहौर में खेली जाने वाली तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मिचेल मार्श की कप्तानी में घोषित टीम में बिग बैश लीग (BBL) में शानदार प्रदर्शन कर रहे महली बियर्डमैन और जैक एडवर्ड्स को भी मौका दिया गया है। यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए खास मौका है जो वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की होड़ में हैं। वर्ल्ड कप संभावित टीम के 10 खिलाड़ी इस दौरे का हिस्सा होंगे।

पेनल्टी शूटआउट में रांची ने HIL GC को दी मात

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** रांची रॉयल्स ने हॉकी इंडिया लीग के एक रोमांचक मुकाबले में HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से मात दी। सोमवार को खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 4-4 से ड्रॉ रहा था, जिसके बाद रांची ने शूटआउट में बाजी मारी। यह रांची की शुरुआती दो मुकाबले गंवाने के बाद लगातार चौथी जीत है। जीत के बाद HIL GC और रॉयल्स के अंक तालिका में समान 11 पॉइंट्स हो गए हैं। हालांकि, गोल अंतर के आधार पर HIL GC तीसरे व रॉयल्स दूसरे स्थान पर हैं। रॉयल्स के लिए अराइजीत सिंह ने पहले दो गोल किए। जिसके बाद सैम लेन और टॉम बून ने रांची के लिए 1-1 गोल दागा। HIL GC के लिए ललित कुमार उपाध्याय ने दो और केन रसेल व सुदीप चिरमाको ने 1-1 गोल किया।

हॉकी इंडिया लीग (HIL)

रॉयल्स के प्लेयर जश्न मनाते हुए

SOCIAL MEDIA

प्रग्ना की एक और हार, गुकेश ने फिर खेला ड्रॉ

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** डिफेंडिंग चैंपियन आर प्रग्नानंदा का टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा। प्रग्नानंदा दूसरे राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जोर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है। प्रग्नानंदा को पहले राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा था।

टाटा स्टील मास्टर्स चेस

भारतीय GM प्रग्नानंदा

FILE

नाटकीय मैच में सेनेगल बना चैंपियन

■ **एजेंसियां, रबात (मोरक्को):** हाई-इंटेंसिटी ड्रामे के बीच सेनेगल ने अफ्रीका कप ऑफ नेशंस का खिताब अपने नाम किया। सेनेगल ने फाइनल में मेजबान मोरक्को को 1-0 से मात दी और सिर्फ दूसरी बार इस टाइटल को जीता। फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी। जिसके बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में गया। आखिर में पेप गुये सेनेगल के लिए निर्णायक गोल करने में सफल रहे। इस बीच सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे। इसके कारण 14 मिनट तक खेल रुका रहा था। अंत में सेनेगल के कप्तान सादियो माने टीम को फिर से मैदान पर लेकर आए। खेल शुरू होने पर एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम दियाज की पेनल्टी को बचा लिया।

अफ्रीका कप ऑफ नेशंस

विजेता ट्रॉफी के साथ सेनेगल की टीम

AFP

CAF का सख्त रुख: फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटीनो ने सेनेगल के बर्ताव की भी निंदा की है। वहीं, कन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल ने सोमवार को अपने बयान में फाइनल के दौरान हुई अव्यवस्थित घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

मानिनी और ऐश्वर्य पहले दिन टॉप पर

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** राइफल-पिस्टल नैशनल सिलेक्शन ट्रायल (ग्रुप-ए) के पहले दिन 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में मानिनी कौशिक और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। मानिनी ने ट्रायल-1 में 625 अंक जुटाकर पहला स्थान पाया। कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन दूसरे, जबकि केरल की विदर्शा के विनोद तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों में ऐश्वर्य ने 629.6 अंकों के साथ ट्रायल-1 में बाजी मारी। अखिल श्योराण दूसरे और स्वप्निल कुसाले तीसरे स्थान पर रहे।

नैशनल शूटिंग ट्रायल्स

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में अधिक रहती है, इसलिए आज आप भी आप सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे। आज आपके अच्छे कार्यों से आपका व आपके परिवार का गौरव बढ़ेगा। आपको निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा। सायंकाल में सेहत संबंधी कष्ट हो सकते हैं।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज आपको संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण का और उनकी सफलता का हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलेंगे तो कोई विशेष सफलता मिलेगी। सांसारिक सुख-भोग की वस्तुओं का विस्तार होगा। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। सायंकाल का समय देवदर्शन में व्यतीत होगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
यदि कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो उसके लिए आज का आपका समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण आज कार्यों में बाधा व हानि होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो सीनियर्स की कृपा से आज के दिन आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है।

CANCER 22 Jun - 22 July
यदि आपकी पदोन्नति रुकी हुई है तो आज अवश्य हो जाएगी, इसके अतिरिक्त आज आप अपनी वाकपटुता से किसी महान पुरुष को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। सेहत में सुधार होगा। आपको आज निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा। रात्रि में अधिक तीखा भोजन न करें। यह आपके स्वास्थ्य को खराब कर सकता है।

LEO 23 July - 22 Aug
यदि आप व्यापारी हैं तो आज आपके बिजनेस में कुछ नए परिवर्तन होंगे और अगर नौकरी पेशा हैं तो ऑफिस में आपके अधिकार बढ़ेंगे। परिवार की तरफ से भी कोई शुभ समाचार मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। क्षमता से अधिक मेहनत करें।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप बखूबी निभाएंगे। सांसारिक सुख-भोग की वस्तुओं पर आज धन खर्च कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई मन लगाकर करते रहे हैं, इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। रात्रि में आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में बढ़ेगी।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज जल्दी सोच-विचार कर काम करने के उत्साह में नुकसान होने की संभावना रहेगी। अचानक कोई ऐसा खर्च भी सामने आएगा, जिसे आपको न चाहते हुए भी करना पड़ेगा। हो सके तो आज जोखिम के कामों से भी दूर रहें। सायंकाल से लेकर रात्रि तक भी छोटे-मोटे कार्यों में लिप्त रहेंगे। आज के दिन अपनी सेहत पर भी ध्यान दें।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज आपको किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके साहस एवं पराक्रम के सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म की ओर बढ़ेगी।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज का आपका दिन शुभ है। आप दिन की शुरुआत में ऊर्जा से भरे रहेंगे व नए-नए विचार भी आपके दिमाग में आएंगे। आर्थिक दृष्टि से भी आज का दिन अच्छा है। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सायंकाल में संतान से कोई सुखद समाचार मिलेगा। करीबी व्यक्ति से विश्वासघात मिल सकता है, सावधान रहें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज ऐसे अनावश्यक खर्च सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी पदोन्नति रुकी हुई है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। सायंकाल और रात्रि में शुभव्यय तथा कीर्ति में वृद्धि होगी। वाहनों के इस्तेमाल में सावधानी बरतें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज जल्दबाजी में किए गए कार्यों से हानि होने की संभावना रहेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए-नए कार्यों को शुरू करने से पहले किसी से चर्चा अवश्य करें। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज आपको स्वास्थ्य के मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा दिन के पहले हिस्से में आप किसी अच्छे डॉक्टर से अपनी सेहत के संबंध में सलाह-मशविरा कर लें और उसके बाद ही बाकी के कामों में जुटें। यदि आप किसी विशेष संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आज आसानी से मिल जाएगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष गुरु-शुक्र एवं बुध का मिश्रित प्रभाव आपके वर्षकाल को प्रभावित करेगा। जनवरी शेष से फरवरी तक आयात-निर्यात के व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को बारबार अच्छे अवसर मिलने से समृद्धि बढ़ेगी। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में अत्यधिक सक्रियता के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से मायूसी रहेगी। ध्यान रहे कि मायूसी आपके ऊपर हावी न हो। मई महीने की शुरुआत से लेकर जून महीने के अंत तक में यदि कार्य का समय पर निष्पादन नहीं होगा तो आपके करीबी कहीं पर भी विश्वासघात कर सकते हैं। जुलाई महीने से लेकर अगस्त महीने के अंत तक में नियोजित कार्यक्रमों में बदलाव लाने से यथोचित लाभ होता चला जाएगा। सितंबर से लेकर अक्टूबर तक में स्वास्थ्य न्यून रहने पर भी सभी रुके हुए कार्य कुछ झंझटों और खर्च करने के बाद बन जाएंगे। नवंबर में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। दिसंबर से जनवरी 2027 मध्य तक सार्थक यात्रा और देशाटन के योग हैं। अपने और परिवार के मनोरंजन पर खर्च करना सुखद सिद्ध होगा। इससे आपकी ज्ञान वृद्धि के साथ-साथ परिवार की कीर्ति भी दूर होगी। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग

(बुधवार, 21 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 1, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, तृतीया, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 8, शव्वाल 1, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 21 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। तृतीया तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 47 मिनट तक उपरांत चतुर्थी तिथि का आरंभ। धनिष्ठा नक्षत्र दिन में 1 बजकर 50 मिनट तक उपरांत शतभिषा नक्षत्र का आरंभ। व्यतीपात योग सायं 6 बजकर 58 मिनट तक उपरांत वरीयान योग का आरंभ। तैतिल करण मध्याह्न 2 बजकर 48 मिनट तक उपरांत वणिज करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-मेला श्री रामदेव (जैसलमेर)।

सुडोकू

			1		8			
7	6						2	4
		1		7		6		
	4	3	9		7	5	6	
	9						1	
	1	7	2		5	3	4	
		2		4		7		
3	7						9	2
			7		6			

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	14:30 हम पांच
10:00 बदबूदार डूबदार	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 राष्ट्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	18:30 राष्ट्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	21:00 चीटर
13:30 भ से भूत	

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-19-2026 21:48 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 20 जनवरी 2026

चुनावों की निष्पक्षता इस बात से शुरू होती है कि किसे मतदान का अधिकार दिया गया है - *जेम्स मैडिसन*

वोटरों को राहत

पश्चिम बंगाल में Special Intensive Revision की तार्किक विसंगतियों (logical discrepancies) की श्रेणी में शामिल लगभग 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम सार्वजनिक करने होंगे। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से लाखों मतदाताओं को वोटर लिस्ट में दोबारा नाम दर्ज कराने में मदद मिलेगी। इस आदेश का मकसद यही है कि लोगों के मताधिकार की हर कीमत पर सुरक्षा होनी चाहिए।

बंगाल में विवाद । तार्किक विसंगति वह श्रेणी है, जिसमें किसी मतदाता का नाम हटाया नहीं जाता, लेकिन उसकी दी जानकारी रेकॉर्ड से मेल नहीं खाती या संदेह पैदा करती है। ऐसे मामलों में संबंधित मतदाताओं को स्पष्टीकरण का मौका दिया जाता है। हालांकि बंगाल में बड़े पैमाने पर लोगों को इस श्रेणी में डाल दिए जाने से विवाद खड़ा हो गया। TMC का आरोप है कि चुनाव आयोग ने जानबूझकर ड्राफ्ट रोल से मतदाताओं के नाम काटे हैं, जबकि आयोग ऐसे आरोपों से इनकार करता आया है।


SIR पर फैसला

छोटी बात भी बड़ी । सुप्रीम कोर्ट के दखल से अब प्रभावित लोगों को आपत्तियों के जवाब और संबंधित दस्तावेज जमा करने में सुविधा मिलेगी। देखा जाए तो भले इस श्रेणी का मतलब नाम न कटना हो, लेकिन आम लोगों के लिए छोटी-छोटी बातें भी कई बार बड़ी मुश्किल पैदा करती हैं। यह संख्या ही अपने आप में इतनी बड़ी है, जिनकी आपत्तियों के निपटारे के लिए पर्याप्त समय और धैर्य चाहिए। उम्मीद कर सकते हैं कि प्रक्रिया को लेकर जो शिकायतें उठ रही हैं, अदालत के फैसले से वे दूर होंगी - आम लोगों को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्था बनाई जाएगी।

विपक्ष का संदेह । बिहार में पहले चरण से लेकर अभी दूसरे चरण तक, SIR को लेकर सबसे बड़ी शिकायत पारदर्शिता और मंशा की रही है। विपक्ष अगर इसे संदेह की नजर से देख रहा है, तो उसकी कुछ वजहें हैं। सुप्रीम कोर्ट को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ रहा है और चुनाव आयोग यह विश्वास दिलाने में कहीं न कहीं नाकाम रहा है कि SIR का मकसद वोटर लिस्ट से नाम काटना या नागरिकता तय करना नहीं।

असली मकसद । दूसरे चरण में जारी 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मिलाकर 3.69 करोड़ नाम कटे हैं। पश्चिम बंगाल में ही 58 लाख नाम हटे हैं। तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में शामिल लोग इससे अलग हैं। इन सभी को अपनी बात रखने और दोबारा मतदाता बनने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए। प्रक्रिया निष्पक्ष और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाली हो। SIR का मकसद तब सफल होगा, जब हरेक योग्य मतदाता को वोट देने का अधिकार मिलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों और फ़ैसलों से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचा दी है

क्या ग्रीनलैंड को लेकर रहेगा अमेरिका

अवधेश कुमार

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणाओं, नीतियों और कदमों से जिस तरह से पूरे विश्व में उथल-पुथल मचा दी है, वह कुछ समय पहले तक अकल्पनीय था। स्वाभाविक ही, वहां इस सवाल पर तीखी बहस चल रही है कि उनके चार वर्ष के कार्यकाल का देश के भविष्य पर क्या असर होगा और यह भी कि आखिर इतिहास में उन्हें किस रूप में याद किया जाएगा।

सुविचारित रणनीति । ध्यान रहे, ट्रंप बगैर योजना और रणनीति के एक भी कदम नहीं उठा रहे। जब 20 जनवरी, 2025 को उन्होंने राष्ट्रपति का पदभार संभाला तो उसके बाद दिए गए उनके बयानों को बड़े-बड़े विश्लेषकों ने हल्के में लिया। व्यंग्य और कटाक्ष किए गए, मजाक उड़ाया गया। अब आम तौर पर मान लिया गया लगता है कि उनके बयानों को हलके में नहीं लिया जा सकता।

निशाने पर ग्रीनलैंड । वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अगवा कर अमेरिका लाए जाने के बाद सभी मान रहे हैं कि ग्रीनलैंड का भी अमेरिका का हिस्सा बनना लगभग तय है। अगर ट्रंप ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बना लेते हैं तो सामरिक और दुर्लभ खनिजों से भरे महत्वपूर्ण आर्कटिक में उसका प्रभुत्व होगा। चीन व रूस के लिए वहां आधिपत्य जमाना कठिन हो जाएगा।

ईरान का कांटा । ईरान को उन्होंने काफी हद तक कमजोर कर दिया है। अगर वहां अयातुल्लाह खामेनेई का इस्लामी शासन समाप्त या कमजोर होता है तो ट्रंप अमेरिकी इतिहास में अमर हो जाएंगे। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान के अमेरिकी दूतावास पर हुए हमले, कर्मचारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटनाओं की टीस अमेरिका में आज तक है। तब से सभी अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के इस्लामी शासन को इविल की संज्ञा देते हुए समाप्त करने की बात कहते रहे हैं।

नीति में बदलाव । इतिहास का एक सच यह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सोवियत संघ और अमेरिका की अगुआई वाले दो परस्पर विरोधी समूहों के बीच तनाव और संतुलन से दुनिया का ढांचा विकसित हुआ। जब सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप की साम्यवादी सत्ताओं का पतन होने लगा, तब पहले रोनाल्ड रीगन और बाद में जॉर्ज बुश सीनियर अमेरिका के राष्ट्रपति थे। जॉर्ज बुश के सामने इस वैश्विक उथल-पुथल के मद्देनजर अमेरिकी नीतियों, वैदेशिक संबंधों और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैचारिक और ढांचागत पुनर्रचना की चुनौती थी। उन्होंने और उनके बाद के राष्ट्रपतियों ने व्यापक बदलाव से स्वयं को दूर रखा। इस कारण अमेरिका के राष्ट्रीय जीवन एवं उसकी वैश्विक भूमिका में कायम जटिलताएं बढ़ती गईं।

ट्रंप की योजना

- ग्रीनलैंड के जरिए आर्कटिक संसाधनों पर चाहते हैं कब्जा
- ईरान के इस्लामी शासन को कमजोर करना रहा है लक्ष्य
- अमेरिकी केंद्रित विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ा रहे कदम

ताकतवर अमेरिका । अब ट्रंप ने साहस दिखाया है। इससे विश्व में उथल-पुथल और भय, अनिश्चित तथा अराजकता का माहौल पैदा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सहित अधिकतर वैश्विक संस्थाएं अप्रभावी और अप्रासंगिक दिख रही हैं तो इससे भी यह साफ है कि पूरी संरचना सहज स्वाभाविक नहीं है। अमेरिकी अपने देश को प्रभुत्वशाली देखना चाहते थे। ट्रंप ने साबित कर दिया है कि दुनिया के वर्तमान ढांचे को आमूल हिला देने की ताकत केवल उसके पास है। विश्व के सभी प्रमुख देश वैश्विक, व्यापारिक, सामरिक से लेकर आंतरिक सुरक्षा तक संरचनाओं को नई परिस्थितियों से समन्वित करने को विवश हैं।

नैटो की जरूरत । अमेरिका की नीति नैटो देशों के साथ परंपरागत संबंध बनाए रखने की रही है। लेकिन वहां एक बड़े वर्ग की सोच थी कि यूरोपीय देशों में अनेक अमेरिकी नीतियों के साथ नहीं चलते, उसका विरोध करते हैं जबकि अमेरिकी सैन्य शक्ति से ही उनकी धाक है। उनका सवाल यह भी था कि जब सोवियत संघ खत्म होने के साथ उसके सैन्य ढांचे समाप्त हो गए तो नैटो की आवश्यकता ही क्या है? ट्रंप नैटो को खत्म नहीं कर रहे, पर उनकी अगुआई में अमेरिका अपने हिसाब से इसका संचालन सुनिश्चित करने की ओर अग्रसर है।

राष्ट्रहित पर जोर । बहरहाल, इसमें दो राय नहीं कि अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इस रुख और व्यवहार का विरोध करने वाले भी बड़ी संख्या में हैं। बावजूद इसके, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्हें अमेरिका के प्रभुत्व और प्रभाव का पूरे विश्व को अहसास कराने और उसे आर्थिक व सामरिक रूप से पहले से ज्यादा सुरक्षित बनाने और दुनिया में अमेरिका केंद्रित विश्व व्यवस्था का रास्ता तैयार करने वाला नेता माना जाएगा। उन्हें विश्व के देशों को वैचारिकता से बाहर निकल कर राष्ट्रीय हित देखने और उसके अनुसार संबंध बनाने का विकल्प देने वाले के रूप में भी याद किया जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विचारक हैं)

कांटे की बात

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को संगम पर पुलिस ने रोक दिया। उन्हें बिना स्नान किए लौटना पड़ा। असल में, सरकार को न धर्म की चिंता है, न आस्था की। इस घटना के बाद शंकराचार्य अनशन पर हैं, लेकिन सरकार उदासीन बनी हुई है।

पवन खेड़ा, *नेता, कांग्रेस*

AI की दुनिया

आपकी बातचीत सुरक्षित रखेगा यह चैटबॉट

AI चैटबॉट्स से बातचीत करते समय आपको भी डर लगता होगा कि कहीं यह लीक न हो जाए। इसी डर को दूर करने का प्रयास किया है Signal मैसेंजर बनाने वाले इंजीनियर मॉक्सी मर्लिनस्पाइक (Moxie Marlinspike) ने। उन्होंने पहली बार AI पर्सनल चैटबॉट Confer लॉन्च किया है।


AI Image

सर्वर पर भी डेटा नहीं

मॉक्सी का दावा है कि Confer से बातचीत पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। यहां तक कि कंपनी के सर्वर पर भी बातचीत का डेटा नहीं मिलेगा। यह एक ओपन-सोर्स AI असिस्टेंट है, यानी इसका पूरा कोड कोई भी देख सकता है। इसमें यूजर की बातचीत एंड-टु-एंड एन्क्रिप्शन से सुरक्षित रहती है। Confer में लॉगिन पासवर्ड से नहीं, PassKey से होता है। सर्वर के पास इस PassKey की कॉपी नहीं होती।

बड़ी कंपनियों के लिए चुनौती

आमतौर पर सर्वर एडमिनिस्ट्रेटर सब कुछ देख सकते हैं, लेकिन Confer में ऐसा नहीं है। हैकर, पुलिस या सरकार की किसी एजेंसी तक भी यह डेटा नहीं पहुंच सकता। Signal की तरह Confer में भी आपकी डिजिटल पहचान यानी ईमेल, IP एड्रेस से आपको जोड़ा नहीं जाता। फिलहाल गूगल, OpenAI या माइक्रोसॉफ्ट जैसे बड़े AI प्लैटफॉर्म एंड-टु-एंड एन्क्रिप्शन नहीं दे रहे हैं।

-प्रदीप तिवारी

जनता जंक्शन — इरफान

ऐवें कुछ भी

चलत विमान कोलाहल

आलोक सिंह भदौरिया

अभी इमरजेंसी में मुंबई जाने की नौबत आई। झटपट जाकर वापस आना था। इसलिए डरते, झिझकते फ्लाइट का टिकट कटाया। हवाई जहाज में पहले घुसने से लेकर मनपसंद सीट तक के लिए जेब काटी जा रही थी। खैर, चेकइन वगैरह करके सिक्यॉरिटी तक पहुंचे तो मन मिर्जा तन साहिबा हो गया। बंदूक की नोंक पर बेल्ट, पर्स, घड़ी, बटुआ, दवा, दारू ऐसे रखवाई जा रही थी कि रोडवेज बस में डाका पड़ा हो। आत्मा छोड़कर सबकुछ ट्रे में रखवा लिया। एक सज्जन पता नहीं क्या समझे, अंडरवियर तक वहीं निकालने वाले थे। चार-पांच लोगों ने रोका तो माने।

दूसरी तरफ फूंककर सब अपना माल-असबाब समेटकर खुद को असेंबल करने लगे। पत्नियां पति को कोसने लगीं, बच्चे उछलकूद करने लगे। हमने बाइक वाले खिलौने से खेल रहे बच्चे से कहा- बेटा बाइक कहीं एयरपोर्ट के बाहर न चली जाए। बच्चे का परिवार गैर-हिंदी भाषी था। हमारे वाक्य में कोई ऐसा शब्द था जिससे सब भड़क गए। सब एकजुट होकर हमारे पास आए, कुछ गाली टाइप दी और बच्चे को लेकर चले गए। आगे बढ़े तो एहसास हुआ कि इन मॉल और मल्टीप्लेक्स ने एयरपोर्ट की फील लूट ली है। सेम टू सेम वैसा ही लग रहा है। कोई थ्रिल नहीं। आलू का परांठा 500 रुपये का, पानी की बोतल 150 रुपये की, समोसा 100 रुपये का। हमने तय किया लुटने से बेहतर है भूखा रहना।

अचानक रेलवे वाली घटना हुई। प्लैटफॉर्म की तरह यहां बोर्डिंग गेट बदल गया। एक पैसेंजर कहीं अड़ा था, उसके चक्कर में रायपुर का प्लेन खड़ा था। कॉल पर कॉल अनाउंसमेंट पर अनाउंसमेंट हो रही थी, लेकिन सन्नाटा। जहाज के अंदर घुसे। पायलट कुछ बोला उसका अर्थ था पोंछा लग रहा था, इसलिए 10 मिनट देर से चलेंगे। खैर, टेकऑफ हुआ। चलत विमान कोलाहल होई। कोलाहल के बाद एयर होस्टेस मुस्कान बिखेरती आई। लेकिन वैवाहिक जीवन के अनुभव ने समझा दिया था कि जितनी खुश दिख रही है उतनी है नहीं। मुंह नोंच सकती है। हम अपना मुंह विंडो की तरफ करके बैठ गए।

बोल वचन

दिलीप लाल

भोर-भिनसार

'भिनसार' उत्तर भारत की लोकभाषाओं में प्रचलित एक शब्द है, जिसका अर्थ है- सुबह का पहला पहर, यानी सूर्योदय से ठीक पहले का समय। यह शब्द विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश की बोलियों में शामिल है। भोजपुरी और मगही में कहीं इसे भिनसार तो कहीं भिनसर कहा जाता है। यह रोजमर्रा की बोली का हिस्सा है, जैसे- 'भिनसरे उठ के खेत पर चल जइह (सुबह जागकर खेत पर चले जाइएगा)'। इसी अर्थ में अवधी में उजास, जबकि मैथिली में भिनसर का इस्तेमाल होता है। छत्तीसगढ़ी में बिहान और भिनसार - दोनों शब्द प्रचलित हैं। मानक हिंदी में भोर, प्रातः और तड़के इसके समकक्ष माने जाते हैं। राजस्थानी और हरियाणवी में भी तड़के अधिक बोला जाता है, जबकि बंगाली में इस समय को भोरबेला कहा जाता है। 'भिनसार' की उत्पत्ति संस्कृत की भास् धातु से मानी जाती है, जिसका अर्थ है प्रकाश, चमक या आभा। ग्रामीण जीवन, कृषि-संस्कृति और दैनिक दिनचर्या से जुड़ा होने के कारण आज भी यह शब्द प्रचलन में है।

AI Image



अंकिता मर्डर केस में CBI जांच काफ़ी नहीं


व्योमेश चन्द्र जुगरान

CBI जांच के आदेश के बाद भी उत्तराखंड के अंकिता भंडारी मर्डर केस को लेकर लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। आंदोलनकारी संगठनों ने देहरादून के बसंत विहार थाने में दर्ज उस FIR पर आपत्ति जताई है, जो CBI जांच के लिए दर्ज कराई गई है। जानकारों का कहना है कि यह FIR अंकिता के माता-पिता या किसी पीड़ित पक्ष की ओर से होनी चाहिए थी, जबकि इसे एक ऐसे व्यक्ति ने दर्ज कराया, जिसका मामले से सीधा संबंध नहीं दिखता। चूंकि केस में फैसला आ चुका है और दोषियों को सजा मिल चुकी है, इसलिए CBI जांच के लिए नई FIR जरूरी थी।

लीपापोती का शक । आंदोलनकारी संगठनों का आरोप है कि सरकार ने जानबूझकर अपनी पसंद का वादी चुना, ताकि CBI जांच के नतीजों को अदालत में चुनौती देने का फैसला उसी के हाथ में रहे। जिस शिकायत पर FIR दर्ज की गई, वैसा ही पत्र अंकिता के माता-पिता पहले ही मुख्यमंत्री को दे चुके थे और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा जज की निगरानी में CBI जांच की मांग भी की थी। आंदोलनकारियों का कहना है कि अंकिता के माता-पिता की अर्जी पर कार्रवाई न होने से लीपापोती का शक गहरा गया है।

कॉमन रूम

वीआईपी कौन । आपराधिक इतिहास में ऐसे मामले कम हैं, जहां दोषियों को उम्रकैद की सजा के बाद भी नए सिरे से CBI जांच की जरूरत पड़ी हो। अंकिता भंडारी हत्याकांड में भी परिजनों और सिविल सोसायटी ने शुरू से CBI जांच की मांग की थी और सुप्रीम कोर्ट तक गुहार लगाई, लेकिन तब बात नहीं बनी। सिविल सोसायटी का कहना है कि SIT की चार्जशीट कई गंभीर सवालों का जवाब नहीं देती। सबसे बड़ा सवाल कथित VIP को लेकर है। आरोप है कि रिसॉर्ट मैनेजर ने उसी VIP को 'एक्स्ट्रा सर्विस' देने की मांग की थी और इनकार करने पर अंकिता की हत्या कर दी। यह VIP एंगल 17 सितंबर 2022 को अंकिता की वट्सऐप चैट से सामने आया था, लेकिन SIT ने इसे किसी व्यक्ति के बजाय रिसॉर्ट के 'VIP सूट' से जोड़ दिया। सिविल सोसायटी का आरोप है कि इसी वजह से असली VIP को बचा लिया गया।

विडियो से विवाद । अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा मिलने के बाद लोगों ने इस मामले में न्याय को स्वीकार कर लिया था, लेकिन 29 दिसंबर को अभिनेत्री उर्मिला सनावर के एक विडियो ने फिर विवाद खड़ा कर दिया। इसमें सनावर और उनके करीबी एक पूर्व विधायक का नाम लेकर दावा करता है कि अंकिता केस का कथित VIP वही था। नाम सामने आते ही मामला गरमा गया। बढ़ते दबाव में आखिरकार मुख्यमंत्री को CBI जांच की सिफारिश करनी पड़ी, पर न्याय की लड़ाई अभी जारी है। इंसाफ का तकाजा है कि जांच निष्पक्ष हो। आखिरकार यह उस बेटी का मामला है, जिसने अपनी गरिमा बचाते हुए जीवन गंवा दिया।

सिर्फ़ शास्त्र पढ़ेंगे तो अहंकार आएगा, ज्ञान नहीं

सुरक्षित गोस्वामी

जब जीवन में ऐसा लगता है कि उस परम तत्व को पाना है, तब हम ज्ञान इकट्ठा करने लगते हैं। और ज्ञान शास्त्रों में ढूंढने लगते हैं। श्लोक याद किए जाते हैं। अर्थ रट लिए जाते हैं। और सब पढ़ लेने पर लगता है कि ज्ञान आ गया। लेकिन ऐसा ज्ञान तो और ज्यादा खतरनाक हो जाएगा। इससे बेहतर तो अज्ञान ही था, क्योंकि यह ज्ञान तो और कठोर बना देगा। अज्ञानता की एक और परत चढ़ जाएगी। वह अहंकार को बढ़ा देगा और सीखने व समझने की खिड़की को पूरी तरह बंद कर देगा।

जो ज्ञान सिर्फ बुद्धि से लिया जाता है, वह रुकावट बनकर खड़ा रहता है। यह व्यर्थ का ज्ञान है, जिसे जीवन में हमने ज्ञान समझकर लिया है। सिर्फ शास्त्र जानने वाले लोग आत्मज्ञानी नहीं हो सकते। अहंकार आने का डर रहता है कि हमने कुछ पढ़ लिया, कुछ बोल दिया तो ज्ञानी हो गए। यह वैसे ही है, जैसे बोतल को ढक्कन बंद करके नल के नीचे रख दिया जाए। पानी की तेज धार खोलने पर भी बोतल कब भरेगी! बोतल को लग रहा है कि पानी मेरे ऊपर पड़ रहा है। नल को लग रहा है कि मैं बोतल को भर रहा हूं। लेकिन सारा पानी बाहर बह रहा है। यही है व्यर्थ का ज्ञान। तो सारी कोशिश व्यर्थ के ज्ञान को छोड़ने की होनी चाहिए।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

एक मेले में एक जैसी तीन गुड़िया थीं, लेकिन एक की कीमत 100 रुपये, दूसरे की 300 और तीसरे की 500 रुपये। किसी ने पूछ लिया, तीनों में अंतर क्या है? गुड़िया बेचने वाले ने एक सींक ली और पहली गुड़िया के कान में डाली। सींक दूसरे कान से बाहर निकल आई। दूसरी गुड़िया के कान में सींक डाली, तो मुंह से निकली। तीसरी गुड़िया के कान में सींक डाली और वह पेट में उतर गई। वैसे ही हमारे साथ होता है। ज्ञान एक कान से सुना, दूसरे से निकाल दिया। फिर एक जगह ज्ञान सुना, दूसरी जगह जाकर बोल दिया या ज्ञान सुना और वह भीतर उतर गया।

ज्ञान जब मेरा हिस्सा बनने लगे, तो समझो वह मेरा वास्तविक ज्ञान है। तो व्यर्थ के ज्ञान से बचना है और परमात्मा को पल-पल जीना है।

ममता ने बनाया BJP को रोकने का प्लान

हेमंत राजौरा

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बहुस्तरीय चुनावी रणनीति के साथ आगे बढ़ रही हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को केंद्र सरकार की कूटनीतिक विफलता बताने वाली ममता अब अभिषेक बनर्जी को उत्तराधिकारी बनाने के संकेत के साथ आक्रामक, पर संतुलित नैरेटिव गढ़ रही हैं।

बांग्ला प्राइड को धार

ममता बनर्जी की राजनीति का मुख्य स्तंभ बंगाली पहचान है। संसद के शीत सत्र में वंदे मातरम् पर बहस के दौरान BJP सांसदों द्वारा बंकिम चंद्र चटर्जी के नाम के गलत उच्चारण पर TMC सांसदों के आक्रामक रुख ने बता दिया था कि पार्टी बांग्ला प्राइड को दोबारा केंद्र में ला रही है। 2021 विधानसभा चुनाव में भी बाहरी बनाम बंगाली का नैरेटिव असरदार था। अब इसे राष्ट्रीय मुद्दों के साथ जोड़कर धार दी जा रही है।

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को TMC केंद्र की खराब विदेश नीति कह रही है। पार्टी इसे हिंदुत्व से भी जोड़ रही है। TMC का कहना है कि अगर वाकई BJP हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है, तो ढाका पर सार्वजनिक और कूटनीतिक दबाव दिखाना चाहिए। यह BJP के कोर नैरेटिव पर हमला है। ममता इसे बंगाल में हिंदुत्व बनाम हकीकत के तौर पर रख रही हैं।

TMC की रणनीति में मतुआ समुदाय भी है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को TMC मतुआ समुदाय के मताधिकार पर खतरा बता रही है। 2019 लोकसभा चुनाव में BJP ने मतुआ इलाकों में बढ़त बनाई थी, लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में TMC ने एक बार फिर आधार हासिल किया। इंडियन पॉलिटिकल ऐक्शन कमिटी के दफ्तर पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के खिलाफ भी ममता ने खुलकर प्रतिक्रिया दी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि ममता ने कहा है कि चुनावी प्रबंधन पर दबाव का भी TMC पर असर नहीं होगा। इससे कार्यकर्ताओं को लगा कि पार्टी नेतृत्व घबराया नहीं है।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

TMC में अभिषेक बनर्जी की भूमिका स्पष्ट हो रही है। संगठनात्मक फैसलों और राष्ट्रीय मुद्दों पर अभिषेक की बेबाक राय से पता चलता है कि ममता उन्हें भविष्य के नेतृत्व के रूप में स्थापित कर रही हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में BJP ने 18 सीटें जीतकर TMC को कड़ी चुनौती दी थी। लेकिन, 2021 विधानसभा चुनाव में TMC ने 294 में से 213 सीटें जीतकर जोरदार वापसी की। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी TMC की बढ़त बरकरार रही। मगर, BJP का वोट शेयर भी खत्म नहीं हुआ। अब दो दलों के बीच सीधा मुकाबला है।

पलटवार का डर

ममता को लगता है कि कहीं राष्ट्रीय सुरक्षा, अवैध घुसपैठ और भ्रष्टाचार जैसे मामले BJP को पलटवार का मौका न दे दें। अभिषेक को आगे बढ़ाने में पुराने नेताओं को साथ रखने की भी चुनौती है। बहरहाल, ममता की चुनावी रणनीति भावनात्मक मुद्दों, अस्मिता की राजनीति, संगठनात्मक सख्ती और नेतृत्व परिवर्तन के संकेतों का मिश्रण है। बांग्लादेश का मुद्दा, IPAC पर छापे और अभिषेक बनर्जी के उभार से आने वाले चुनाव में असर पड़ेगा या नहीं यह तो बाद में पता चलेगा। मगर, अब लग रहा है कि ममता पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में हैं।

रीडर्स मेल

देश की छवि का सवाल

19 जनवरी का संपादकीय 'प्रशासनिक नाकामी' पढ़ा। इंदिरा गांधी स्टेडियम में हाल ही में खेला गया बैडमिंटन टूर्नामेंट जरूरी इंतजाम के अभाव में बदनामी का कारण बन गया। भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है और 2036 के ओलिंपिक खेलों की दौड़ में भी शामिल है। ऐसे में इस तरह की अव्यवस्था से देश की छवि धूमिल होती है। उम्मीद है कि सरकार, खेल प्राधिकरण और संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे और खेलों के लिए स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करेंगे।

लीलाम्बर पंत, केशवपुरम

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH17 User: rajesh.mishra Time: 01-19-2026 22:32 Color:

नवभारत टाइम्स NBT
Delhi Times OF INDIA
TUESDAY, JANUARY 20, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE
masala mix

गोविंदा ने पत्नी के साथ रिश्ते पर चल रही अफवाहों को बताया साजिश

@socialmedia

रानी मुखर्जी

'दोस्त शाहरुख संग नैशनल अवॉर्ड जीतना खास पल'

उपमा सिंह

रानी मुखर्जी और शाहरुख खान को पिछले साल अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। अब नवभारत टाइम्स के साथ खास इंटरव्यू में रानी ने शाहरुख खान के साथ अवॉर्ड पाने को लेकर कहा कि जब कोई अपने पुराने दोस्त के साथ, खासकर जिसके साथ उसने करियर की शुरुआत की हो, उसके साथ इतना बड़ा सम्मान साझा करता है, तो वह पल और भी खास हो जाता है। रानी ने शाहरुख खान को उनका मेडल पहनाने में मदद करने वाला पल याद करते हुए कहा, 'वह पल अविश्वसनीय था। शाहरुख इतने बड़े कलाकार हैं। वह मेरे सीनियर हैं। उनके साथ एक ही प्लैटफॉर्म पर अवॉर्ड मिलना अपने में एक बड़ी बात है, क्योंकि वह 35 साल से इंडस्ट्री में हैं और मैं 30 साल से। उन्होंने भी इतने सालों से मेहनत की है। उनका भी यह पहला नैशनल अवॉर्ड था और मेरा भी। मेरी और शाहरुख की सबसे अच्छी बात यह थी कि हम बस इसी बात पर खुश थे कि आज भी लोग हमें प्यार करते हैं और हमारे काम को सराहते हैं तो हमारे लिए वह शुक्रगुजार का मौका था।'

'मतलब की कभी नहीं रही हमारी दोस्ती'

बॉलिवुड में अक्सर दोस्ती नहीं मतलब के लिए होती है, रानी इतने साल लंबी अपनी दोस्ती का राज पूछने पर कहती हैं, 'ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हमारी दोस्ती किसी मतलब के लिए नहीं थी। मुझे कभी कोई लालच नहीं था। हमारी दोस्ती ऐसी नहीं थी कि काम है तो हम दोस्त हैं, काम नहीं है तो दोस्ती नहीं है। मैंने इन चीजों को इतना महत्व नहीं दिया। मैंने रिश्तों को महत्व दिया। हां, जब काम किया तब डटकर काम किया। जब रिश्ते निभाने थे, तब रिश्ते भी निभाए।'

हमारी दोस्ती ऐसी नहीं थी कि काम है तो हम दोस्त हैं और काम नहीं है तो दोस्ती नहीं है। मैंने इन चीजों को इतना महत्व नहीं दिया। मैंने रिश्तों को महत्व दिया।

अवॉर्ड फंक्शन में दिखे थे साथ

@khatija.rahman

रहमान के सपोर्ट में बेटियां

ए आर रहमान के सोप्रदायिकता और बॉलिवुड में भेदभाव वाले बयान पर वह कई स्टार्स के निशाने पर हैं। लेकिन अब इस मामले में उनकी बेटियों खतिजा और रहीमा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उनकी बेटियों ने रहमान को लेकर मलयालम संगीतकार कैलास मेनन के बयान का रीपोस्ट करते हुए पापा का बचाव किया है। दरअसल, कैलास मेनन ने रहमान के बयान को लेकर कहा था कि सहमति और असहमति जताएं, पर (उनका) अपमान न करें। यह बात उन्होंने एक पोस्ट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए की थी, जिसमें रहमान को 'तमिलनाडु और भारत के लिए कलंक' बताया था।

एआर रहमान की बेटी खतिजा ने कैलास मेनन की पोस्ट को शेयर किया, उसके साथ ताली, फायर, हार्ट वाले इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। खतिजा ने लिखा, 'हे ईश्वर, मेरे उन दोस्तों को आशीर्वाद दें, जिन्होंने बिना किसी स्वार्थ के हमारा हालचाल पूछा। उनके प्यार को कई गुना बढ़ाकर उन्हें लौटाएं।' रहमान की दूसरी बेटी और सिंगर रहीमा ने भी अपने पिता के सपोर्ट में कैलास मेनन की पोस्ट को शेयर किया। हालांकि, उनके बेटे अमीन ने अभी तक इस विवाद पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

वहीं परेश रावल ने भी रहमान का सपोर्ट करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने कहा, 'हम आपको प्यार करते हैं सर। आप हमारा गर्व हो।' हालांकि परेश का सपोर्ट कई लोगों पसंद नहीं आया।

सिकंदर की जो स्क्रिप्ट सुनाई, वो बाद में बदल दी: रश्मिका



रश्मिका मंदाना और सलमान खान की फिल्म सिकंदर को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों ने नकार दिया था। अब रश्मिका ने फिल्म को लेकर कहा है कि जो स्क्रिप्ट उन्हें सुनाई गई थी, उसमें बाद में कई बदलाव किए गए।

एक बातचीत में उन्होंने कहा, 'सिकंदर को लेकर मुझे निर्देशक मुरुगदास सर से हुई बात याद है। बेशक बाद में जो हुआ वो बहुत अलग था लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी तो वो वाकई काफी अलग थी।' एंट्रेस ने कहा, 'आमतौर पर फिल्मों में ऐसा ही होता है। जब आप कुछ सुनते हैं तो वो एक कहानी होती है, लेकिन फिल्म बनने के दौरान, कलाकारों की ऐक्टिंग, एडिटिंग और रिलीज के वक्त के अनुसार चीजें बदलती हैं। ये आम है।'

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

पहले ही दिन 77% चढ़ा BCCL

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : कोल इंडिया की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) के शेयरों ने सोमवार को शेयर बाजार में शानदार शुरुआत की। शेयर बाजार में कंपनी के शेयर करीब 77% के भारी मुनाफे के साथ बंद हुए। कंपनी की मार्केट वैल्यू 18,935 करोड़ रुपये पहुंच गई है। बीएसई (BSE) पर कंपनी का शेयर 45.21 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इसके 23 के इश्यू प्राइस से करीब 96.56% ज्यादा था। बाद में यह थोड़ा नीचे आकर 40.66 रुपये पर बंद हुआ। इस तरह यह निवेशकों को 76.78% का तगड़ा मुनाफा दे गया।

'2030 तक बढ़ेगी औसत कमाई'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक भारत अमर-मिडिल इनकम वाले

देशों की लिस्ट में शामिल हो जाएगा। ऐसा करके भारत चीन और इंडोनेशिया जैसे देशों की लीग में खड़ा होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, आम आदमी की औसत कमाई 2030 तक करीब 3.35 लाख रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यही नहीं, भारत इससे भी पहले यानी 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

MF के इंडेक्स पर सेबी की नजर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मार्केट रेगुलेटर सेबी (Sebi) ने सोमवार को अहम इंडेक्स (Significant Indices) के लिए नए नियमों का एक प्रस्ताव पेश किया है। सेबी के कंसल्टेशन पेपर के मुताबिक खासकर उन इंडेक्स पर नजर रखी जाएगी जिनका इस्तेमाल 20,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के फंड को मैनेज करने के लिए होता है। सेबी का मकसद इंडेक्स बनाने के तरीके को साफ-सुथरा और पारदर्शी बनाना है। सेबी ने उन इंडेक्स को 'अहम' माना है, जिन्हें आधार बनाकर घरेलू म्यूचुअल फंड स्कीमें अपना पैसा लगाती हैं।

चांदी 3 लाख रुपये के पार, आगे क्या होगा?

Sudha.Shrimali@timesofindia.com

AI Image

■ मुंबई : चांदी की कीमतों ने सोमवार को सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी मांग की वजह से दिल्ली में चांदी की कीमत में 10,000 रुपये का जबर्दस्त उछाल आया। यह पहली बार 3 लाख रुपये प्रति किलो के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गई। पिछले एक साल में चांदी की कीमतें 170% से ज्यादा बढ़ी हैं, जबकि सोना 70% से ज्यादा महंगा हुआ है। ऐसे में आम निवेशकों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि वे अब आगे क्या करें?

क्या आएगी गिरावट?

केडिया कमोडिटी के प्रमुख अजय केडिया ने बताया कि अभी वर्ल्ड मार्केट में चांदी 93 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। एक बार चांदी 100 डॉलर प्रति औंस को टच करने की कोशिश करेगी। अगर ऐसा होता है जल्द ही भारतीय बाजार में चांदी की कीमत 3.30 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। अगर FOMO फैक्टर और मार्केट ऐज ही रहा तो चांदी 3 लाख 75,000 रुपये का भाव भी दिखा सकती है। कोटक सिक्योरिटीज की AVP कमोडिटी रिसर्च, कायनात चैनवाला का कहना है कि जियो-पॉलिटिकल रिस्क में सेफ-हेवन डिमांड बढ़ती दिख रही है।

वहीं, HDFC Securities ने अपनी रिपोर्ट में आगाह किया है कि अगर आने वाले केंद्रीय बजट में सरकार इंपोर्ट ड्यूटी कम करती है, तो घरेलू बाजार में चांदी के दाम अचानक गिर सकते हैं। इसकी वजह सप्लाई में कमी और बढ़ती मांग का मेल है। अगर सरकार ड्यूटी घटाती है, तो बाहर से चांदी मंगाना सस्ता हो जाएगा और इसका असर चांदी के रेट पर पड़ेगा। आर्मिर मकदा का कहना है कि भले ही कीमतें रेकॉर्ड बना रही हैं, तकनीकी चार्ट (RSI Bearish Divergence) खतरे के संकेत दे रहे हैं।

क्या करें निवेशक?

HDFC Securities ने निवेशकों को अपने कुल पोर्टफोलियो का 10% हिस्सा ही कीमती धातुओं (सोने-चांदी) में रखने की सलाह दी है। इसके लिए ईटीएफ (ETF) एक अच्छा जरिया हो सकते हैं। अफ्रिका ग्लोबल फैमिली ऑफिस सर्विसेज के को-फाउंडर अमित जैन का कहना है कि जब बड़ी महाशक्तियां ग्रीनलैंड जैसे संसाधनों के लिए लड़ती हैं, तो बाजार में जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में लोग सोने-चांदी को सबसे सुरक्षित मानते हैं।

रिलायंस, ICICI बैंक में बिकवाली, गिरा शेयर बाजार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सोमवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। जानकारों का कहना है कि इस गिरावट में रिलायंस इंडस्ट्रीज और ICICI बैंक जैसे बड़े शेयरों का हाथ रहा। इसके अलावा कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे, रुपये की गिरती कीमत और विदेशी निवेशकों (FII) द्वारा लगातार पैसा निकाले जाने से बाजार में घबराहट का माहौल रहा। सेंसेक्स 324.17 अंक (0.39%) गिरकर 83,246.18 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 108.85 अंक (0.42%) फिसलकर 25,585.50 पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.04% गिर गया। आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में भी 2.26% की गिरावट आई। इनके अलावा टाइटन, अडानी पोर्ट्स और टीसीएस जैसे शेयरों में भी गिरावट रही। वहीं, बीएसई स्मलकैप इंडेक्स 1.28 प्रतिशत गिरगया जबकि मिडकैप में 0.43 प्रतिशत की गिरावट रही।

IMF का अनुमान, 7.3% की रफ्तार से बढ़ेगा भारत

AI Image



- FY25-26 अनुमान: 7.3% (0.7% की बढ़ोतरी)
- FY26-27 अनुमान: 6.4%
- ग्लोबल ग्रोथ: 3.3% (2026 में) और 3.2% (2027 में

Moody's को भी भरोसा

■ पीटीआई, नई दिल्ली : अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने सोमवार को भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहजनक रिपोर्ट जारी की है। IMF ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर (जीडीपी ग्रोथ) के अनुमान को बढ़ाकर 7.3% कर दिया है। यह पिछले अक्टूबर में लगाए गए अनुमान से 0.7% ज्यादा है। IMF का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रही है। IMF ने 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.2% से बढ़ाकर 6.4% कर दिया है।

अपनी ताजा रिपोर्ट में IMF ने कहा, भारत की विकास दर में यह सुधार तीसरी तिमाही के बेहतरीन नतीजों और चौथी तिमाही में बनी मजबूत रफ्तार को देखते हुए किया गया है। हालांकि, संस्था का यह भी कहना है कि 2026-27 और 2027-28 में यह रफ्तार थोड़ी धीमी पड़कर 6.4% रह सकती है। महंगाई को लेकर रिपोर्ट कहती है कि, 2025 में खाने-पीने की चीजों के दाम कम होने से महंगाई दर वापस काबू में आ सकती है।

ग्लोबल ग्रोथ 2026 में 3.3% और 2027 में 3.2% रहने की उम्मीद है। IMF ने चीन की ग्रोथ का अनुमान भी बढ़ाकर 5% कर दिया है।

रेटिंग एजेंसी Moody's Ratings ने सोमवार को अनुमान जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की इकॉनमी 7.3% की गति से बढ़ेगी। मूडीज का कहना है कि आर्थिक विकास की यह मजबूत रफ्तार न केवल आम परिवारों की कमाई बढ़ाएगी, बल्कि लोगों में इंश्योरेंस (बीमा) खरीदने की दिलचस्पी भी पैदा करेगी।

PNB को मुनाफा, BHEL की छलांग

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सोमवार को देश की कई बड़ी कंपनियों ने अपने दिसंबर तिमाही (Q3) के नतीजे जारी किए। पब्लिक सेक्टर के पंजाब नैशनल बैंक (PNB) का शुद्ध मुनाफा 13% बढ़कर 5,100 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की दिग्गज पब्लिक सेक्टर की कंपनी भेल (BHEL) का मुनाफा तीन गुना बढ़कर 390.40 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल इसी दौरान यह 134.70 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल कमाई 18% बढ़ी है, जिसमें पावर सेक्टर का सबसे बड़ा योगदान रहा है। इंडियन रेलवे फाइनैंस कॉर्पोरेशन (IRFC) का मुनाफा भी 10.51% बढ़कर 1,802 करोड़ रुपये रहा। आईटी सेक्टर की कंपनी LTIMindtree के मुनाफे में इस बार 10.5% की गिरावट देखी गई और यह 970.6 करोड़ रुपये रहा।

'MSME को आसान फंडिंग, सपोर्ट जरूरी'

नियमों का बोझ घटे, नई टेक्नॉलजी अपनाने में मदद मिलेः इंडस्ट्री

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

AI Image

नई दिल्ली : लगभग 7 करोड़ इकाइयों वाले माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (MSME) सेगमेंट की नजरें 1 फरवरी पर टिकी हैं, जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी। इंडस्ट्री का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ और जियोपॉलिटिकल टकरावों से बने हालात के बीच इन इकाइयों के लिए आसान शर्तों पर कर्ज मिलने की व्यवस्था करने और मॉडर्न टेक्नॉलजी अपनाने में मदद से लेकर नियमों के अनुपालन का बोझ घटाना जरूरी हो गया है।

PHDCCI के CEO डॉ रंजीत मेहता ने कहा, 'GDP ग्रोथ को 10% ले जाने में MSME की अहम भूमिका होगी। वैश्विक अनिश्चितता के बीच होड़ करने का दमखम और लोन रीपेमेंट क्षमता बेहतर करने के लिए बजट में इनके लिए सस्ते कर्ज का इंतजाम जरूरी है। MSME को आधुनिक और इको-फ्रेंडली टेक्नॉलजी अपनाने में आसानी हो, इसके लिए क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी स्कीम से जुड़ी इनकेप्टमेंट की सीमा 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये कर देना चाहिए क्योंकि टेक्नॉलजी की कॉस्ट बढ़ चुकी है।'

डेलॉयट की पब्लिक पॉलिसी अडवाइजर विनीता हरिहरन ने कहा, 'MSME को संस्थागत कर्ज मिलने में मुश्किल होती है। ये नॉलेज गैप और सस्टेनेबिलिटी से जुड़े मसलों के साथ ही क्वॉलिटी स्टैंडर्ड्स को जल्द न अपना पाने की चुनौती से भी जूझ रहे हैं। इन्हें विभिन्न देशों में निर्यात के अलग-अलग नियमों और देश में क्वॉलिटी स्टैंडर्ड्स को आसानी से समझने में मदद की जरूरत है।'

काउंटडाउन बजट 2026 MSME

मिनिस्ट्री का बजट

वित्त वर्ष	आवंटन*
2023-24	22,137.95
2024-25	22,137.95
2025-26	23,168.15

(*करोड़ रुपये)

FISME के महासचिव अनिल भारद्वाज ने कहा, 'इनकम टैक्स के लिए अनिवार्य ऑडिट लिमिट 1 करोड़ रुपये है। डिजिटल मोड में 95% रिसीप्ट्स होने पर यह 10 करोड़ रुपये है। चूंकि माइक्रो एंटरप्राइजेज की परिभाषा बदलकर 10 करोड़ रुपये की जा चुकी है, लिहाजा अनिवार्य ऑडिट लिमिट को बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया जाना चाहिए। साथ ही, लोन अकाउंट को NPA मानने के लिए स्पेशल मेंशन अकाउंट घोषित करने की समय सीमा 90 दिनों से बढ़ाकर 180 करना चाहिए।'

'ग्रीन स्टील' के लिए बजट में सहयोग की मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्रीय बजट से पहले स्टील के डीकार्बोनाइजेशन पर काम कर रहे पांच प्रमुख उद्योग और नीति संगठनों ने लक्षित वित्तीय उपायों के साथ मजबूत समर्थन की अपील की है। ताकि सार्वजनिक कुनियादी ढांचा परियोजनाओं में लो-कार्बन स्टील की प्रधानी खरीद को सक्षम बनाया जा सके। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, क्लाइमेट कैटलिस्ट, ग्लोबल एफिशिएंसी इंटेलिजेंस, यूसी बर्कले का इंडिया एनर्जी एंड क्लाइमेट सेंटर और जिन्टियो सहित ये संगठन ग्रीन स्टील और सार्वजनिक खरीद से जुड़े उद्योग संवाद, शोध और नीति साझेदारियों में स्वतंत्र रूप से सक्रिय रहे हैं। भारत में सार्वजनिक खरीद स्टील की मांग के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है। सड़क, रेलवे, बुनियादी ढांचे सहित कुल खपत का लगभग 22–25% हिस्सा सार्वजनिक खरीद से आता है।

समंदर में खेती, अंडमान में 'ओपन-सी' प्रोजेक्ट शुरू

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : कभी देखा है... तैरते 'खेत' में मछली पालन और समुद्री घास की खेती। देश की 'ब्लू इकॉनमी' को मजबूत करने के लिए भारत ने यह अनोखा कदम उठाया है। जी हां! अंडमान सागर के नॉर्थ बे में देश की पहली ओपन-सी मरीन फिश फार्मिंग परियोजना की शुरुआत हो गई है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसका उद्घाटन किया। प्रॉजेक्ट के तहत, समुद्र के खुले पानी में मजबूत पिंजरों (केज) के जरिये मछली पालन के साथ समुद्री घास उगाई जाएगी। ये पिंजरे नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशन टेक्नॉलजी (NIOT) ने बनाए हैं। खास बात यह है कि ये तेज लहरों, गहरे पानी और खराब मौसम में भी सुरक्षित तरीके से काम कर सकते हैं। इससे समुद्र में बड़े पैमाने पर मछली पालन संभव होगा। सरकार का मकसद है कि मछुआरों को सिर्फ मछली पकड़ने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें समुद्री खेती से भी जोड़ा जाए। इसके तहत, स्थानीय मछुआरों को मछलियों के बीज और समुद्री घास के सीड दिए गए हैं, ताकि ये परियोजना से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा सकें। यह परियोजना केंद्र सरकार, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, एनआईओटी और अंडमान-निकोबार प्रशासन के सहयोग से चलाई जाएगी। आगे इसमें निजी कंपनियों की भागीदारी भी हो सकती है। अंडमान से शुरू हुई यह पहल आने वाले समय में देश के दूसरे तटीय इलाकों के लिए भी मिसाल बनेगी।

मजबूत होगी ब्लू इकॉनमी: तैरते 'खेत' में मछली पालन, उगेगी समुद्री घास

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-19-2026 22:38 Color:



NBT AI टाइम मशीन

जब भारत परमाणु ऊर्जा में हुआ मजबूत

आज ही के दिन 1957 में जवाहरलाल नेहरू ने महाराष्ट्र के ट्रॉम्बे में एशिया के पहले परमाणु रिएक्टर 'अप्सरा' की शुरुआत की थी। यह भारत के वैज्ञानिक इतिहास का टर्निंग पॉइंट था। इसने हमें परमाणु क्लब में शामिल किया। अप्सरा ने परमाणु बिजलीघरों और भविष्य के थोरियम कार्यक्रम की नींव रखी, जिससे भारत पिछड़े देश की छवि से निकलकर दुनिया में परमाणु शक्ति के रूप में उभरकर सामने आया।

भविष्य में होंगे स्मार्ट माइक्रो रिएक्टर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में न्यूक्लियर रिएक्टर पहले से ज्यादा सुरक्षित, छोटे और स्मार्ट होंगे। बड़े एटमी प्लांट्स की जगह माइक्रो रिएक्टर आम होंगे, जिन्हें AI कंट्रोल करेगा। फ्यूजन तकनीक से क्लीन और लगभग असीम ऊर्जा मिलेगी। न्यूक्लियर कचरे का रीसाइकल भी संभव होगा। एटमी पावर बिजली देने के साथ स्पेस मिशन और पानी को साफ रखने में भी काम आएगी। इसे क्लाइमेट संकट से निपटने का भरोसेमंद साधन माना जाएगा।

AI Images

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 नितिन नबीन ने बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध पर्चा भरा है। वह BJP में किस नंबर के राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे?
A. 11वें B. 12वें C. 13वें

2 चीन की आबादी लगातार चौथे साल घटी है। साल 2025 में वह कितनी रह गई?
A. 1.4 अरब B. 1.5 अरब C. 1.6 अरब

3 किस देश की स्वतंत्र कमिटी नोबेल पीस प्राइज का ऐलान करती है?
A. जर्मनी B. नॉर्वे C. ब्रिटेन

4 भारत ने कश्मीर पर पोलैंड के विदेश मंत्री को तीखा संदेश दिया। उनका नाम क्या है?
A. सर्गेई लावरोव B. रादोस्लाव सिकोरस्की C. वांग यी

5 IMF ने 2025-26 के लिए भारत का GDP ग्रोथ अनुमान बढ़ाकर कितने फीसदी किया?
A. 7.3% B. 7.5% C. 7.9%

कल के जवाब

A1 A. अबू धाबी A2 C. परमाणी A3 B. 8 A4 A. स्विट्जरलैंड A5 C. असम

लकी विनर्स

1. सुनीता जैन, नई दिल्ली
2. बिपुन कुमार वर्मा, गाजियाबाद
3. विनोद कुमार गुप्ता, दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

पाक का नाम नहीं, पर पोलैंड को खूब सुनाया

कहा-सीमा पार आतंकवाद को खाद, पानी न दें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की (Radoslaw Sikorski) को तीखा संदेश दिया। पाकिस्तान का नाम लिए बिना जयशंकर ने सिकोरस्की से कहा कि उनके देश को सीमा पार आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस (कतई बर्दाश्त न करने की नीति) अपनानी चाहिए। उम्मीद है, पोलैंड हमारे पड़ोस में आतंकी इन्फ्रास्ट्रक्चर को खाद-पानी देने में मदद नहीं करेगा।

जयशंकर ने इशारों में पोलैंड के विदेश मंत्री बीते साल अक्टूबर में पाकिस्तान यात्रा का जिक्र किया। इस दौरान पोलैंड और पाकिस्तान के बीच साझा बयान भी जारी हुआ था, जिसमें पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का जिक्र किया था। उस बयान में कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर और यूक्रेन सहित सभी मुद्दों का हल अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मुताबिक किया जाना चाहिए।

सिकोरस्की तीन दिन के भारत दौरे पर हैं। जयशंकर ने उनसे कहा कि आप हमारे क्षेत्र से अपरिचित नहीं हैं। सीमा पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से निश्चित रूप से परिचित हैं। मुझे उम्मीद है कि इस बैठक में हम क्षेत्र की आपकी हालिया यात्राओं पर चर्चा करेंगे। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए।

जयशंकर ने भारत-पोलैंड संबंधों में आए सकारात्मक बदलावों पर भी बात की। जयशंकर ने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब दुनिया में काफी उथल-पुथल मची हुई है। दोनों ही देशों के समक्ष अपनी चुनौतियां और अवसर हैं, ऐसे में विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान स्पष्ट रूप से उपयोगी है। हमारे संबंधों में लगातार प्रगति हुई है, फिर भी, इसे संभालने की जरूरत है।

IANS

यूक्रेन संघर्ष में टैरिफ को लेकर भारत को सिलेक्टिव तौर पर टारगेट करना अनुचित और अन्यायपूर्ण है।
- एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की तीन दिन के भारत दौरे पर हैं। जयशंकर ने उनके पाक दौरे का जिक्र कर टेररिज्म पर तीखा संदेश दिया।

टैरिफ पर चिंताओं से पोलैंड सहमत

रूस-यूक्रेन संघर्ष और इसके चलते भारी भरकम टैरिफ लगाने के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत को सेलेक्टिव तौर पर निशाना बनाने का मुद्दा भी उठाया। जयशंकर ने कहा कि इस तरह टारगेट करना अनुचित और अन्यायपूर्ण है। भारत अपने हितों के खिलाफ किसी भी प्रकार के दोहरे मापदंड को स्वीकार नहीं करेगा। जयशंकर के इस बयान को रूसी तेल पर पश्चिमी देशों की आलोचना के रूप में देखा गया। सिकोरस्की ने टैरिफ पर भारत की चिंताओं से पूरी तरह सहमति जताई।

रूसी सैन्य अभ्यास में भारत क्यों?

पोलैंड के विदेश मंत्री सिकोरस्की ने रूसी सैन्य अभ्यास 'Zapad' में भारत के हिस्सा लेने का मामला भी उठाया है। उन्होंने कहा कि हम सब की क्षेत्रीय चिंताएं होती हैं। हम सबके पड़ोसी होते हैं, जिनके साथ चुनौतियां और अवसर दोनों होते हैं, इस मुद्दे पर बात हुई है। जैसा कि शुरुआत में हमने कहा कि आतंकवाद पर हम सब एक ही विचार रखते हैं। हमारी भी चिंताएं हैं। भारत ने भी रूस में जैपेड अभ्यास में हिस्सा लिया था, जिसे हम धमकी भरा मानते हैं। हमने इस पर चर्चा की है।

काबुल में ब्लास्ट

7 मौतें, घायलों में चीन के लोग भी

■ **एएफपी, काबुल:** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को ब्लास्ट हुआ। तालिबान के गृह मंत्रालय ने कहा कि धमाका शहर-ए-नौ इलाके के चीनी रेस्तरां में हुआ, जिसे काबुल के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। इस इलाके में विदेशी नागरिक भी रहते हैं। विस्फोट में 7 की जान गई और 14 लोग घायल हैं, जिनमें दो चीन के नागरिक भी हैं। माना जाता है कि इस हमले का टारगेट होटल में मौजूद चीनी नागरिक हो सकते हैं। किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। स्थानीय टीवी पर प्रसारित विडियो में लोग सड़क पर दिख रहे हैं और पीछे धुआं और धूल उड़ती नजर आ रही है।



लगातार चौथे साल घटी आबादी,

बूढ़ा हो रहा चीन

चीन की आबादी लगातार चौथे साल घटी है। साल 2025 में यह 33.9 लाख घटकर 1.4 अरब रह गई। पीढ़ियों तक 'एक बच्चा नीति' के जरिये आबादी सीमित रखने के बाद अब चीन के सामने सबसे बड़ी चुनौती लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए राजी करना है। कभी दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश रहा चीन अब भारत के बाद दूसरी बड़ी आबादी वाला देश है। फिर भी उसकी कुल जनसंख्या लगातार घट रही है।

FILE

1968 के बाद सबसे ज्यादा मृत्यु दर

1.13 करोड़ मृत हुए 2025 में, मृत्यु दर 1000 लोगों पर 8.04 हो गई, जो 1968 के बाद सबसे ज्यादा है।

76 साल में सबसे कम जन्म दर

2025 में 79.2 लाख बच्चों का जन्म हुआ, 2024 में 95.4 लाख जन्मे थे, जन्मदर 1000 पर 5.63 रही, जो 1949 में चीन की स्थापना के बाद सबसे कम है।

2100 तक आधी आबादी बूढ़ी होगी

2025 के अंत में 60+ आबादी 32.3 करोड़ थी, जो कुल आबादी का 23% है। ये 2035 तक 40 करोड़, 2100 तक आधी आबादी इस दायरे में होगी।

20% घटीं शादियां

पिछले साल चीन में शादियों में करीब 20% की गिरावट आई। कम शादियां होने का सीधा असर जन्म दर पर पड़ता है। दरअसल ज्यादातर युवा शादी और परिवार शुरू करने से बच रहे हैं। हालांकि सरकार ने जन्म दर बढ़ाने के लिए बच्चों को देशभक्ति से जोड़ा है। कॉन्डम और गर्भनिरोधक दवाओं पर टैक्स लगाया है। (एपी)

नोबेल नहीं दिया, अब ग्रीनलैंड चाहिए: ट्रंप

■ एपी, ओस्लो (नॉर्वे)

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे की अपनी मुहिम को नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने से जोड़ दिया है। ट्रंप ने नोबेल देने वाले देश नॉर्वे के पीएम योनस गारस्तोर (Jonas Gahr Støre) को पत्र लिखकर कहा है कि आपके देश ने मुझे 8 युद्धों को रोकने के बावजूद नोबेल शांति पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया। ऐसे में मैंने दुनिया में शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। यह जिम्मेदारी अकेली मेरी नहीं है। अब मैं इस बारे में सोचूंगा कि अमेरिका के लिए क्या सही है, क्या हित में है।

ट्रंप ने माना कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश नोबेल न मिलने की उनकी झुंझलाहट से जुड़ी है। साथ ही, संकेत दिया कि अब वह ग्रीनलैंड पर कब्जे की दिशा में कड़े कदम उठा सकते हैं। ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर डेनमार्क की संप्रभुता को लेकर भी सवाल उठाया। उधर, नॉर्वे के पीएम ने ट्रंप का संदेश मिलने की पुष्टि की और कहा कि ग्रीनलैंड पर नॉर्वे का रुख साफ है। वह डेनमार्क का हिस्सा है। जहां तक नोबेल है, हम ट्रंप को बता चुके हैं कि यह पुरस्कार स्वतंत्र नोबेल कमिटी देती है, नॉर्वे की सरकार नहीं।

ट्रंप ने कहा, शांति मेरी अकेले की जिम्मेदारी नहीं है।

FILE

नॉर्वे के पीएम योनस (बाएं) ने ट्रंप का संदेश मिलने की पुष्टि की।

स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर, 39 की मौत

AFP



■ स्पेन के दक्षिणी हिस्से में रविवार रात हाई स्पीड ट्रेन का पिछला हिस्सा पटरी से उतर गया। इसके कुछ डिब्बे दूसरी ट्रेन से टकरा गए। इस हादसे में 39 जानें गईं और 160 अन्य यात्री घायल हुए हैं। कुछ लापता हैं।

■ स्थानीय समय के मुताबिक रविवार शाम मलागा से मैड्रिड जा रही ट्रेन डीरेल हुई। इसके डिब्बे मैड्रिड से हुएलवा जा रही दूसरी ट्रेन से टकराए। इसे एक दशक में स्पेन का सबसे बड़ा हादसा बताया जा रहा है।

■ बचे यात्रियों ने कहा कि यह सब किसी हॉरर फिल्म जैसा था। इस दुर्घटना के कारण सोमवार को 130 से अधिक ट्रेनें रद्द की गईं। स्थानीय मंत्री ने कहा, मृतकों की तादाद बढ़ सकती है।

---

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, ऑफर 31 जनवरी 2026 तक लागू है। ... पल्सर 125 ...

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: DELHI: CENTRAL DELHI: Karol Bagh BAGGALINK BAJAJ 011-23550011/9910399106 • NORTH DELHI: Pitampura BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • Budh Vihar, Rohini BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • Rithala BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • Mahipalpur BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • Najafgarh BAGGALINK BAJAJ 9910399235 • Raja Garden SWADESHI BAJAJ 9210600907 • G.T. Karnal Road SWADESHI BAJAJ 9212110787 • Wazirpur SWADESHI BAJAJ 9250211944 • Zakhira SWADESHI BAJAJ 9250211933 • Narela GLOBAL BAJAJ 9311300688 • Peeragarhi GLOBAL BAJAJ 9311300695 • Bawana GLOBAL BAJAJ 9311300699 • Burari GLOBAL BAJAJ 9711998154 • EAST DELHI • South Ganesh Nagar GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888. •Jagatpuri, Krishna Nagar Metro Station GLOBAL BAJAJ-9319421555 •KONDLI, Main Market-Global Bajaj -9319423555 • Shahdara-Durgapuri Chowk RRAG BAJAJ -7678440243 • Bhajan Pura RRAG BAJAJ 7678440309 • Jhilmil RRAG BAJAJ 9289303905 • WEST DELHI: Dwarka JSB BAJAJ 8882210730 • Uttam Nagar, Metro Pillar No. 753 JSB BAJAJ 8882212366 • Tilak Nagar, Metro Pillar No. 533 JSB BAJAJ 7827786351; RAJAPURI - 8882212339; • Raja Garden SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • SOUTH DELHI: Khanpur GURU NANAK BAJAJ 9899140708, 9654561373 • Pul Prahladpur GURU NANAK BAJAJ 8851652946 • Okhla -Phase-II MADHUR BAJAJ 9289906219/8447431069 • Adchini-Aurbindo Marg MADHUR BAJAJ 9560208232 • Lajpat Nagar , Near Jal vihar Circle -MADHUR BAJAJ 9319198612 • Ayanagar -MADHUR BAJAJ 9319198611 * HARYANA: Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad: NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 01275-259233. UTTAR PRADESH • Ghaziabad: SHIVA BAJAJ 8595167770 • Hapur: SHIVA BAJAJ 9760020028 • NOIDA SEC 6: SKYLINE BAJAJ 7065000365 • Noida SEC 63 KAY DEE BAJAJ 8750044099 • Greater Noida SKYLINE BAJAJ 7065000365 • Sahibabad: SHIVA BAJAJ 9311590335 • Meerut: • Pallavpuram BIKE ZONE BAJAJ 8527586748 Delhi Road: VIJETA BAJAJ 7302255106.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFF User: cci Time: 01-19-2026 23:08 Color:

परेड देखने जा रहे हैं तो हेल्प डेस्क करेगी मदद

Photos : PTI

गणतंत्र दिवस की तैयारियों के दौरान दिखे पारंपरिक मुखौटे लगाए कलाकार

कहां-कहां होंगी हेल्प डेस्क

मोती लाल नेहरू प्लेस गोल चक्कर, सुनहरी मस्जिद गोल चक्कर, मान सिंह चौक गोल चक्कर, जीपीओ गोल चक्कर, जसवंत सिंह गोल चक्कर, बिंडसर प्लेस गोल चक्कर, मंडी हाउस गोल चक्कर, तीन मूर्ति गोल चक्कर, क्वॉरिल जनपथ/ डॉ राजेन्द्र प्रसाद रोड, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गेट नंबर-14, क्यू प्वाइंट और पालिका पार्किंग/ कनॉट प्लेस

SUPPORT

पार्किंग के लिए दिल्ली पुलिस गूगल मैप की ले रही मदद

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस पहली बार 26 जनवरी और बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के मौके पर कर्तव्य पथ पर आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की समस्या खत्म करने के लिए गूगल मैप की मदद ले रही है। वहीं दूसरी तरफ पहली बार लोगों की मदद के लिए 12 जगहों पर हेल्प डेस्क लगाई जाएगी। ताकि कर्तव्य पथ पर परेड देखने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा परेड के बाद जब लोग अपनी गाड़ी के पास आएंगे। तब लोकेशन फॉर कॉलिंग सिस्टम की मदद से कार के ड्राइवर की मदद की जाएगी। उन्हें कॉलिंग कर बता दिया जाएगा कि उन्हें गाड़ी लेकर कहां पहुंचना है। इसके अलावा पहली बार स्टाफ की मदद के लिए शटलबस सर्विसकी सेवा की शुरुआत की जाएगी। ताकि स्टाफ को ड्यूटी के दौरान करीब दो किलोमीटर तक पैदल न चलना पड़े।

26 जनवरी और बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के लिए इंतजाम

नई दिल्ली रेंज के डीसीपी (ट्रैफिक) राजीव कुमार ने बताया कि 26 जनवरी के मौके पर पहली बार यह सारे इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि परेड देखने आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। लोगों को इस बार गाड़ी पार्क करने के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। वह गूगल मैप की मदद से सीधे अपनी गाड़ी पार्किंग स्थल तक पार्क कर सकते हैं। इसके अलावा पहली बार ही लोगों की मदद के लिए 12 जगहों पर हेल्प डेस्क बनाई जा रही है। परेड कार्यक्रम खत्म होने पर तुरंत ड्राइवर को कॉल कर बता सकेंगे कि वह गाड़ी लेकर कहां पहुंचे। इससे जाम लगने की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी और बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के दौरान स्टाफ का नॉर्थ और साउथ जोन पर आना जाना होता है। पहले स्टाफ करीब 2 किमी तक पैदल जाते थे। इस बार उनकी सहूलियत के लिए शटल बस सर्विस की सुविधा दी जाएगी।

लोकेशन फॉर कॉलिंग सिस्टम की सुविधा

26 जनवरी के लिए कर्तव्य भवन, वाणिज्य भवन, उद्योग भवन और निर्माण भवन। जबकि बीटिंग रिट्रीट के लिए कृषि भवन

कहां मिलेगी शटल बस सर्विस

- साउथ कर्तव्य पथ- खान मार्केट से अमृता शेरगिल मार्ग तक
- नॉर्थ कर्तव्य पथ-हाई कोर्ट मथुरा लेन से पटेल चौक मेट्रो स्टेशन तक

गणतंत्र दिवस

त्योहार की तरह मनाया जाता है यह खास दिन

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

'नहीं भूला वह जोशीला और गौरवान्वित दिन'

मैं 1983 में गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा रहा हूं। मैं उस समय विशाखापट्टनम से परेड में पूर्वी नेवी कांटिजेंट की ओर से हिस्सा लेने के लिए आया हुआ था। तब ज्ञानी जैल सिंह राष्ट्रपति और इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। उस समय मैंने पहली बार दोनों को करीब से लाइव देखा। *-राकेश कुमार बन्सीलाल*

'जवानों के कदमताल भर देते हैं माहौल में जोश'

पिछले 5-6 वर्षों से हमारा पूरा परिवार जाता है 26 जनवरी की परेड देखने, सुबह-सुबह इतनी जबरदस्त ठंड रहती है जब हम कर्तव्य पथ पर पहुंचते हैं तो वहां पर चल रहे देशभक्ति गाने व सेना की परेड से वहां का माहौल गर्मजोशी से भर जाता है। ठंड महसूस ही नहीं होती। BSF की महिला कमांडो के बाइक वाले करतब देखकर तो हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं हमारा पूरा परिवार 26 जनवरी का दिन त्यौहार की तरह मनाता है। *-सुमन मान*

RDAY लाइव ▶

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी हैं। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को ट्रेंड करेगी सरकार

120 घंटे का स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम चलेगा, ट्रेनिंग के साथ पैसे भी मिलेंगे

2 मिनट में पढ़ें

Brijesh.singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के लिए स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू करने का फैसला किया है। यह प्रोग्राम दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर (DBOCWW) बोर्ड के अंतर्गत रजिस्टर्ड लाखों वर्कर के लिए होगा। करीब 120 घंटे के इस ट्रेनिंग प्रोग्राम पर कुल 135 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। सरकार ने कंस्ट्रक्शन वर्कर ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए कंपनी की चयन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। करीब एक वर्कर पर 5880 रुपये का खर्च आएगा।

DBOCWW बोर्ड का फैसला, 135 करोड़ रुपये होंगे खर्च

दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि पहले तीन साल में कुल 1.20 लाख से अधिक कंस्ट्रक्शन वर्कर के लिए यह प्रोग्राम होगा। ट्रेनिंग से उनके कामकाज पर कोई असर न पड़े, इसलिए वर्कप्लेस (उनके काम करने वाली जगह) व कैंप दोनों जगहों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। अगर वह अपने वर्क प्लेस वाली जगह पर ट्रेनिंग लेते हैं तो उन्हें रोजाना लंच टाइम में एक घंटे का समय देना होगा। अगर इस दौरान उनके मनदूरी पर असर पड़ता है तो उन्हें सरकार की तरफ 35 रुपये प्रति घंटे के हिसाब से भुगतान भी किया जाएगा। सरकार के इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का मकसद उनके काम की गुणवत्ता में सुधार लाकर उनकी आमदनी को बढ़ाना है।

योजना के मुताबिक, स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम 120 घंटे या फिर 15 दिन का होगा। यह उस वर्कर की नौकरी के हिसाब से तय होगा। अगर वह जहां काम करता है उसी जगह पर ट्रेनिंग करता है तो उसे 1 घंटे रोजाना ट्रेनिंग के लिए देना पड़ेगा। उसके अलावा 7 घंटे की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी शामिल है। उसी तरह अगर वह कैंप में आकर ट्रेनिंग लेता है तो 1.5 घंटे की ट्रेनिंग होगी और 6.5 घंटे का प्रैक्टिकल होगा। प्रत्येक बैच में कम से कम 20 व अधिकतम 50 लोग ही शामिल होंगे। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उसका 3 घंटे का एक असेसमेंट टेस्ट भी होगा, जिसके बाद उसे सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा।

कितना होगा खर्च : 5880 रुपये प्रति वर्कर की ट्रेनिंग पर खर्च आएगा

फैक्ट फाइल

- 1.20 लाख कंस्ट्रक्शन वर्कर को तीन साल में देंगे प्रशिक्षण।
- 120 घंटे या 15 दिन का ट्रेनिंग प्रोग्राम कैंप या वर्क प्लेस के हिसाब से तय होगा।
- 35 रुपये प्रति घंटे के हिसाब से लेबर को भुगतान भी मिलेगा।
- 135 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है।

दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें
t.me/nbtdilli

डॉक्टर ने नहीं किया जॉइन, ठप है PET-CECT जांच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सफदरजंग अस्पताल में कार्यरत एक डॉक्टर को केंद्र सरकार के आदेश पर दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (DSCI) में सेवाएं देने के लिए ट्रांस्फर कर दिया गया है। यह ट्रांस्फर दिल्ली सरकार के आदेश पर करीब दो महीने पहले किया गया है। बावजूद अब तक डॉक्टर ने DSCI में जॉइन नहीं किया है। सूत्रों का दावा है कि इसकी वजह से PET-CECT जांच की सुविधा शुरू नहीं हो पा रही है। जानकारी के मुताबिक, करीब पांच साल से दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में PET-CECT की जांच नहीं हो रही है। इस परेशानी के समाधान के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आदेश पर एक डॉक्टर को केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा के तहत दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट भेजा गया है। बावजूद डॉक्टर ने अभी जॉइन नहीं किया है।

सफदरजंग अस्पताल से DSCI में हुआ था ट्रांसफर

कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रेडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी ईवनिंग स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं।

NBT रंगमंच Club

शिवानी बहुगुणा (शेफ)

21 जनवरी को होने वाली इस वर्कशॉप की तारीख बदल दी गई है। नई तारीख के बारे में जल्द सूचित किया जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-19-2026 23:40 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 20 जनवरी 2026 > पौष 30 शक 1947 माघ शुक्ल द्वितीया, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 17 > पेज 16 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*वार्षिक खरीद पर ही लागू

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

'शाहरुख संग नैशनल अवॉर्ड जीतना खास पल'

p13

ट्रंप ने कहा, नोबेल नहीं दिया, अब ग्रीनलैंड चाहिए

p14



125 दिन
की रोज़गार गारंटी

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025
अब गांव के लोग खुद बनाएंगे विकसित ग्राम पंचायत योजना

विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर
CBC 35101/13/0036/2526

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 10

अर्थसार

सेंसेक्स	83,246.18 (-324.17)
निफ्टी	25,585.50 (-108.85)
रु/यूएस डॉलर	90.97 (+0.31)
रु/यूरो	105.77 (0.66)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,48,100 (+1,900)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹3,02,600 (+10,000)

मौसम

अधिकतम तापमान 26.7°
7.7° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त मंगलवार 5:51 | सूर्योदय बुधवार 7:14
आज आंशिक बादल छाए रहेंगे। हल्का से मध्यम कोहरा रहेगा।

मौत नहीं, सिस्टम की 'लिंचिंग' है यह

यह सिर्फ एक हादसा नहीं, इस खून के छींटे हमारी लाचारी, बेबसी और चुप्पी पर भी हैं

■ आशीष पांडे

यह सिर्फ एक हादसा नहीं, कोल्ड ब्लडेड मर्डर है और इस खून के छींटे हमारी लाचारी, बेबसी और चुप्पी पर भी हैं।

27 साल का एक सपना, दो घंटे तक मौत से लड़ता रहा। नोएडा के सेक्टर 150 में एक सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में डूबी कार की छत पर खड़ा युवराज मेहता चीखता रहा, जान की भीख मांगता रहा। लेकिन हमारा 'सिस्टम' तमाशबीन बनकर उसे डूबते देखता रहा। पुलिस, फायर ब्रिगेड, SDRF जिनके कंधों पर जान बचाने की जिम्मेदारी है वे 'ठंडे पानी' के डर से किनारे पर खड़े रहे जब तक कि युवराज और उसकी कार दोनों जल-समाधि नहीं बन गए।

युवराज मेहता

अफसोस, यह अंत नहीं है। कल फिर किसी मोड़ पर यही मंजर होगा। फिर किसी का ट्रांसफर होगा, फिर किसी कमिटी की बेजान रिपोर्ट आएगी, एकाध सस्पेंशन का झुनझुना थमाया जाएगा और फिर शुरू हो जाएगा अगले किसी 'युवराज' के डूबने का इंतजार। युवराज गाजियाबाद में रहा, दिल्ली में पढ़ा और गुड़गांव में नौकरी की। हादसे की रात वह 70 किलोमीटर ड्राइव कर नोएडा लौट रहा था। क्यों? क्योंकि पब्लिक ट्रांसपोर्ट यहां वजूद में ही नहीं है। सड़कों पर रोशनी के नाम पर स्याह अंधेरा है, कोई साइन बोर्ड नहीं, कोई सुरक्षा नहीं। मोबाइल सिग्नल तक यहां दम तोड़ देते हैं। दिल्ली का बोझ कम करने के लिए जिस NCR का सपना बेचा गया था, वह आज एक सजा बन चुका है। सोसाइटियों में गिरती लिफ्ट, कनेक्टिविटी के नाम पर टूटी सड़कें, पानी-बिजली का रोज का संघर्ष। युवराज अक्सर कहता था, कहां रहने आ गए? वह भागना चाहता था, ब्रिटेन जाकर सुकून की तलाश करना चाहता था। लेकिन इस 'सिस्टम' ने उसे भागने का मौका भी नहीं दिया, उसके सपनों को उसी नालेनुमा गड्ढे में दफन कर दिया।

अभी युवराज की खबर ठंडी भी नहीं हुई थी कि लोनी के एक परिवार का चिराग बुझ गया। गड्ढे में फंसी बाइक गिरी और पीछे से आते ट्रक ने मां-बाप और बच्चे को कुचल दिया। एक मासूम अस्पताल में पड़ा है, जिसे शायद कभी पता नहीं चलेगा कि उसके पूरे संसार को एक 'गड्ढे' ने निगल लिया। फरीदाबाद हो या गुड़गांव, दिल्ली हो या नोएडा, यहां जान इतनी सस्ती है कि 72 घंटे बाद तो सिर्फ जांच की फाइल खुलती है।

NBT पॉइंट

हम विश्वगुरु बनने की हुंकार भरते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि देश की राजधानी की नाक के नीचे लोग नालों और गड्ढों में डूब रहे हैं। हमें इस पर गुस्सा आता है कि हमारे टैक्स से चलने वाले कॉलेजों में छात्र आंदोलन क्यों करते हैं, लेकिन हम तब सन्नाटा ओढ़ लेते हैं, जब वही टैक्स देने वाला नागरिक सड़क पर कीड़े-मकोड़ों की तरह कुचल दिया जाता है।

उन 80 सरकारी तमाशबीनों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, जो बचाने के बजाय तमाशा देख रहे थे। उनके नाम तक सार्वजनिक नहीं होते।

जब तक हमारी रगों में खौलता हुआ गुस्सा नहीं आएगा, जब तक हम अपने जनप्रतिनिधियों से सवाल नहीं करेंगे, तब तक हम अगली मौत का इंतजार ही करेंगे। आज युवराज की बारी थी, कल शायद हमारा ही नंबर हो।

नोएडा में इंजिनियर की मौत की जांच SIT को सौंपी गई

नोएडा अथॉरिटी के CEO को इस मामले में हटाया गया

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

नोएडा सेक्टर-50 के गड्ढे में भरे पानी में डूबकर इंजिनियर युवराज मेहता की मौत के मामले की जांच स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) करेगी। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तीन सदस्यों की टीम बनाई गई है। इस मामले में नोएडा अथॉरिटी के CEO लोकेश एम. को पद से हटा दिया गया है। उन्हें वेटिंग में रखा गया है।

ADG मेरठ जोन की अगुआई में बनाई गई SIT में मेरठ मंडल के कमिश्नर और PWD के चीफ इंजिनियर भी शामिल किए गए हैं। पांच दिनों में रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने स्वीकार किया कि अधिकारी चाहते तो 27 साल के इंजिनियर की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने सवाल उठाया कि अथॉरिटी, पुलिस और SDRF की टीम क्या कर रही थी? अफसर हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे। वह इस मामले की खुद मॉनिटरिंग करेंगे।

▸▸ पेज 2

Ramesh

दर्दनाक नोएडा सेक्टर-150 में खोदे गए गड्ढे में डूब गई थी कार।

80 घंटे के बाद भी नहीं मिली कार

हादसे के 80 घंटे बाद भी पानी के अंदर कार, मोबाइल और दूसरे सामान डूबे हुए हैं। इन्हें निकाला नहीं गया है। अधिकारी पानी निकालने के बाद इन्हें खोजने की बात कह रहे हैं। नोएडा अथॉरिटी पानी निकालने की कोशिश कर रही है। इस मामले में अभी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भी इस मामले में सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना की।

'जान को खतरा'

चश्मदीद को थाने में 5 घंटे बैठाए रखा

युवराज को बचाने के लिए डिलिवरी बॉय मुनेंद्र पानी में उतरे थे। पुलिस ने पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया। मुनेंद्र का कहना है कि पुलिस ने उन्हें 5 घंटे तक थाने में बैठाए रखा। उन्हें बिल्डर से अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। बिल्डर कुछ भी कर सकते हैं।

NDRF ने कहा, बच जाती जान अगर...

नैशनल डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स NDRF का कहना है कि उन्हें इस घटना के बारे में देरी से पता चला। नोएडा पुलिस ने आधी-अधूरी जानकारी दी थी। उनका कहना है कि पुलिस उन्हें समय रहते बता देती तो वह इंजिनियर को बचा लेते।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC | THE World University Rankings 2026: 501+ Cohort Globally, 5th India Rank | QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha, 9th in India among pvt. universities | nirf 2025: 17th Among Indian Universities | NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA | ABET: ABET (US) Accreditation | IET Accredited Programme: The Institute of Engineering and Technology | Special Consultative Status by the UN-ECOSOC | Partnership with UN VOLUNTEERS

KIITEE 2026
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)

Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)
- BA LLB (Hons) (5 Years)
- BBA LLB (Hons) (5 Years)
- B.Sc LLB (Hons) (5 Years)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- MBA (2 Years)
- MBA-Rural Management (2 Years)
- MBA -Agribusiness (2 Years)
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies | 6000+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered | ₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024 | admission@kiit.ac.in | kiitee.ac.in | 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 01-19-2026 23:34 Color:

एक इंजिनियर की मौत

80 घंटे बाद भी कई सवाल बाकी

1 पौने दो घंटे में भी क्यों नहीं बचा पाए जान? NDRF को देरी से क्यों मिली जानकारी?

2 कुछ अफसरों पर एक्शन से आगे सुरक्षा की गारंटी कैसे? सीनियर अफसर साइट पर क्यों नहीं गए?

3 भविष्य में दोबारा इस तरह की घटना न हो, उसे रोकने के लिए क्या अब कोई तैयारी की जा रही है?

4 आखिर बुनियादी सुविधाएं कब मिलेंगी, जिससे गड्ढे किसी की मौत की वजह न बनें?

5 अगर हाइटेक सिटी में ही सिस्टम इस तरह फेल है तो बाकी इलाकों में किस पर भरोसा करें?

4 दिन बीते, पर अब तक न कार निकली, न बन पाई है दीवार

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत अब सिर्फ एक हादसा नहीं रही, यह मामला सिस्टम की लापरवाही, संसाधनों की कमी और जिम्मेदार एजेंसियों की सुस्ती पर बड़ा सवाल बन चुका है। हादसे को 4 दिन से ज्यादा हो चुका है लेकिन अब तक न कार निकाली जा सकी है और न ही युवराज का मोबाइल तलाशा गया है। जिस जगह हादसा हुआ वहां भी अथॉरिटी ने केवल कुछ बैरिकेड्स लगाए हैं, जबकि यहां पर अब तक पक्की दीवार बन देनी चाहिए थी। लोगों के मन में गैरकाई सवाल हैं। जैसे- यदि कार में कोई और भी हुआ तो उसका कैसे पता चलेगा। प्रशासन का कहना है कि पहले पानी निकाला जाएगा, उसके बाद पुलिस कार को बाहर निकालेगी। नोएडा प्राधिकरण की टीम सोमवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची। बताया गया है कि पंप लगाकर कैमेंट का पानी बाहर निकाला जाएगा, ताकि कार को बाहर निकाला जा सके, लेकिन शाम तक सिर्फ तैयारी होती दिखाई दी। वहीं पुलिस ने इस मामले में चश्मदीद मनिंदर को पूछताछ के लिए थाने बुलाया और उन्हें 5 घंटे तक थाने में बैठाए रखा। उन्होंने घटना के पुलिस की सुस्ती पर बयान दिए थे।

एयरलिफ्ट से इंजिनियर को क्यों नहीं बचाया गया

शहर के लोगों का कहना है कि गाजियाबाद और हिंडन एयर बेस है। यहां तमाम हेलिकॉप्टर मौजूद रहते हैं, लेकिन इस हादसे के बाद हेलिकॉप्टर से उसे बचाने के लिए क्यों मदद नहीं ली गई। जबकि तमाम नेताओं को आसानी से हेलिकॉप्टर मिल जाते हैं। लोगों का कहना है कि 24 लाख से अधिक आबादी के लिए एयरलिफ्ट करने के लिए कोई भी संसाधन नहीं है। जबकि यह जिला सबसे अधिक रेवेन्यू देता है।

पुलिस वालों से पूछेंगे तैराकी आती है या नहीं

युवराज की मौत ने ग्रेटर नोएडा के चमकते विकास मॉडल पर एक गहरा सवाल खड़ा कर दिया है, जिसका जवाब अब भी बाकी है। सिर्फ प्राधिकरण के सीईओ ने एक जूनियर इंजीनियर को सस्पेंड किया है और कुछ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन क्या सिर्फ निलंबन से उस परिवार को जवाब मिलेगा, जिसने अपना बेटा खो दिया। पुलिस के सीनियर अधिकारियों का कहना है कि इस हादसे ने तमाम तैयारियां पर सवाल खड़े किए हैं। मौके पर मौजूद तमाम पुलिस कर्मियों से उनके तैराकी के बारे में सवाल पूछे जाएं कि उन्हें आती है या नहीं। अगर आती है तो पानी में कोई क्यों नहीं उतरा।

नहीं लगे है चेतावनी बोर्ड

हादसे वाली जगह पर ब्लाइंड कट पर कोई सूचना बोर्ड नहीं लगा है और न ही कोई टेबल टॉप ब्रेकर है। जबकि शासन की तरफ से 3 साल पहले ही सीएम ने टेबल टॉप ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए थे। जिससे पता चल सके की आगे कोई मोड़ है।

अस्थियां हरिद्वार में की विसर्जित

सोमवार को परिजन अपने इकलौते बेटे की अस्थियों का विसर्जन करने हरिद्वार गए। हालांकि उनकी बहन अभी तक अपने घर नहीं पहुंच सकी है। परिजनों के अनुसार उसका पासपोर्ट रिन्यू नहीं हुआ है जिसके चलते वह यूके से नहीं पहुंच सकी है। वीडियो कॉल कर पिता को संभाल रही है।

फेफड़ों में मिला 200ML पानी

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में 200 मिलीलीटर पानी फेफड़ों में मिला युवराज की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक युवराज की मौत दम घुटने से हुई। उनके फेफड़ों में करीब 200 मिलीलीटर पानी पाया गया, जिससे स्पष्ट है कि वह काफी देर तक पानी में डूबे रहे। डॉक्टरों के अनुसार, पानी भरने के कारण दम घुटा और इसी दौरान हार्ट फेलियर भी हुआ।

अफसर पहुंचे तो लोगों ने घेरा

दिन में करीब डेढ़ बजे कार से नोएडा अथॉरिटी के दो अधिकारी मौके पर पहुंचे। पहले तो लोग उन्हें नहीं समझ पाए। जब जाना कि अथॉरिटी के लोग आए हैं तो उनको घेर लिया। उनसे सवाल जवाब करने लगे। लोगों ने कहा कि अब आप यहां क्या करने आए हैं। तो उनमें से एक अधिकारी का जवाब था कि वह अथॉरिटी के स्वास्थ्य विभाग से हैं। वह नाले की सफाई आदि देखने के लिए आए हैं।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आज सेक्टर-150 आने की अटकलें

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा: सेक्टर 150 की घटना को लेकर सोमवार को पुलिस अधिकारियों और सीएफओ के साथ में दोपहर से लेकर देर रात तक मीटिंग चली। वहीं मंगलवार को नोएडा में CM के घटनास्थल पहुंचने की अटकलें है, जिसकी संभावना को लेकर भी सुरक्षा के तहत पुलिस अधिकारियों ने मीटिंग में चर्चा की। पता चला है कि फायरकर्मी साथ में रस्सी लेकर गए थे, जो छोटी थी। क्रेन और रस्सी युवक तक पहुंच नहीं पाई। जानकारी के अनुसार दिल्ली में मुख्यमंत्री योगी आए हुए है।

लापरवाही के इस दलदल में डूबे युवराज

सोसायटी के बाहर लगा रहा मीडिया और लोगों का जमावड़ा

शादी के बाद यूके शिफ्ट होना चाहते थे

दोस्त के मुताबिक उनकी बहन यूके में रहती है और युवराज भी शादी के बाद यूके में शिफ्ट होना चाहते थे। वह एक अच्छी कंपनी के ऑफर का इंतजार कर रहे थे। दोस्तों का कहना है कि युवराज की मौत के बाद वह उनके पिता के साथ रह रहे हैं। उसने बताया कि अब युवराज के पिता भी यहां अकेले नहीं रहना चाहते और वह अपनी बेटी के पास यूके जाने की तैयारी कर रहे हैं।

दोस्तों को रोज़ाना घर तक ड्रॉप करना आदत में शामिल था

■ सुधीर कुमार/सोचिन्द्र भाटी, ग्रेटर नोएडा : हादसे वाली रात भी युवराज गुड़गांव से अपने दो दोस्तों को साथ लेकर नोएडा आए थे। दोनों को सुरक्षित ड्रॉप किया और इसके बाद ग्रेटर नोएडा के लिए निकल पड़े। टाटा यूरेका पार्क सोसायटी में रहने वाले उनके करीबी दोस्त पंकज ने बताया कि वे दोनों पिछले चार साल से गुड़गांव में एक ही कंपनी में काम कर रहे थे। युवराज ने करीब दो महीने पहले ही नई कंपनी जॉइन की थी। पंकज ने बताया कि युवराज कभी तेज गाड़ी नहीं चलाते थे और न ही किसी तरह का नशा करते थे। वे हमेशा जिम्मेदारी से ड्राइव करते थे। जब भी कार लेकर निकलते, तो कहते थे, "मैं संभाल लूंगा, आप चिंता मत कीजिए।" कार का पेट्रोल खर्च भी वे अक्सर खुद ही उठाते थे। नोएडा से गुड़गांव आने-जाने वाले दोस्तों को रोजाना ड्रॉप करना उनकी आदत में शामिल था। दोनों दोस्त हाल ही में जयपुर घूमने की योजना बना रहे थे, लेकिन काम के बढ़ते दबाव के कारण यात्रा को जनवरी के अंतिम सप्ताह तक टाल दिया गया। किसे पता था कि यह योजना अधूरी ही रह जाएगी।

युवराज ने ग्रेटर नोएडा गलगोटिया कॉलेज से 2022 में बीटेक की पढ़ाई की थी। नौकरी लगने के बाद वह नवंबर 2024 तक गाजियाबाद में रह रहे थे। वहां से वह रोजाना मेट्रो के जरिए गुड़गांव स्थित अपने ऑफिस आते-जाते थे। मेट्रो कनेक्टिविटी होने की वजह से उनका सफर आसान था, लेकिन ग्रेटर नोएडा शिफ्ट होने का उनका फैसला सही नहीं रहा। टीम पंकज टीकस ने बताया कि गाजियाबाद में रहते हुए युवराज अपने काम और निजी जीवन दोनों से संतुष्ट थे। नवंबर 2024 में उन्होंने ग्रेटर नोएडा शिफ्ट होने का फैसला लिया, जिसे लेकर बाद में वह खुद ही असमंजस में रहने लगे। ग्रेटर नोएडा आने के बाद युवराज की मुश्किलें बढ़ गईं। यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भारी कमी ने उनकी दिनचर्या को प्रभावित किया। मेट्रो और बस की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरन कार से ही रोज गुड़गांव ऑफिस जाना पड़ता था। उनका कहना है कि अगर पब्लिक ट्रांसपोर्ट होती तो यह हादसा नहीं होता।

20km दूर पहुंचने में NDRF को लगे 1:55 घंटे

'नोएडा पुलिस और फायर ब्रिगेड ने देरी से दी सूचना'

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : नोएडा सेक्टर-150 में निर्माणाधीन मॉल के बेसमेंट में भरे पानी में शुक्रवार रात डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता (27) की मौत हो गई थी। इस मामले में नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (NDRF) का कहना है कि उन्हें इस घटना के बारे में पता ही काफी देरी से चला। तब तक युवक पानी में समा चुका था। हालांकि, एनडीआरएफ को घटना के बारे में पता लगने के बाद तैयारी करने और अपनी यूनिट से 20 किमी दूर मौके पर पहुंचने में करीब 2:45 घंटे का वक्त लग गया।

सूत्रों ने बताया कि इस मामले में एनडीआरएफ के पास नोएडा पुलिस कंट्रोल रूम से शुक्रवार रात 2:45 बजे कॉल आई थी। पुलिस ने अधूरी जानकारी दी थी। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में भी नोएडा पुलिस की तरफ से उन्हें कोई स्थिति स्पष्ट नहीं की गई थी। पुलिस वाले ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए नीलेश पार्क थाने के एसएचओ साहब से बात कर लीजिए। एसएचओ नीलेश पार्क को कई बार फोन मिलाया, लेकिन उनका फोन बिजी आता रहा। बाद में तड़के 3 बजे उनसे बात हुई तो पता लगा कि सेक्टर-150 में बेसमेंट में भरे पानी में एक युवक डूब गया है। यानी उस वक्त तक युवक की डेथ हो चुकी थी। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने तैयारी करनी शुरू की। इसमें 55 मिनट लगे। फिर तड़के 3:55 बजे एनडीआरएफ की 18 जवानों की टीम नोएडा के SBZ स्थित अपनी यूनिट से निकली। सूत्रों ने बताया कि एसईजेड से टीम के निकलने और 20 किलोमीटर दूर मौके पर पहुंचने में टीम को 1:55 घंटे का वक्त लगा। टीम मौके पर शनिवार सुबह 5:45 बजे पहुंची।

कब पहुंची NDRF: एनडीआरएफ की टीम मौके पर शनिवार सुबह 5:45 बजे पहुंची थी

'मौके पर पहुंचने के बाद NDRF ने 15 मिनट में ही निकाला शव'

एनडीआरएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सम्भव पर और पूरी जानकारी नहीं मिलने के साथ कोहरे की वजह से उनकी टीम देरी से पहुंची। अगर नोएडा पुलिस उन्हें समय रहते ही बता देती तो वह युवक को बचा लेते। एनडीआरएफ ने दावा किया कि मौके पर पहुंचने के बाद उनकी टीम ने 15 मिनट में युवक के शव को पानी से बाहर निकाल लिया था। लेकिन फिर भी हम अपनी ओर से इस पूरी घटना का रिव्यू कर रहे हैं। पता लग रहे है कि कहां-कहां और किस स्तर पर स्टेट पुलिस और फायर विभाग से को-ऑर्डिनेशन में कमी रही। जब नोएडा पुलिस और फायर ब्रिगेड समेत अन्य विभागों को यह पता लग चुका था कि वह इससे कुछ मदद नहीं कर सकते तो ऐसे में उनकी तरफ से क्यों इतनी देरी से एनडीआरएफ को सूचना दी गई?

चश्मदीद को थाने में 5 घंटे बैठाए रखा

NBT न्यूज, नोएडा : सेक्टर-105 के पास ही गढ़ी समसपुर गांव निवासी सुनेंद्र ने कहना है कि वह डिलिवरी ब्वॉय का काम करता है। इस समय यह घटना हुई वह उस वक्त वह सामान डिलिवरी देने जा रहा था। उन्होंने मौके पर पुलिस व लोगों को मौजूद देख कर अपनी भी बाइक रोक ली। जब वह घटना स्थल के पास पहुंचा तो युवराज मेहता मोबाइल की लाइट जलाकर जान बचाने के लिए चिल्ला रहा था। लेकिन वह मौजूद पुलिसकर्मी व लोगों उसको बचाने के लिए पानी में नहीं उतारे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 01-19-2026 22:56 Color:

क्या दिल्ली का सिस्टम है अप टु डेट?

नोएडा जैसे हादसे से निपटने के लिए अभी दिल्ली में क्या है SOP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photos



किसी भी प्रकार का हादसा- चाहे डूबना हो, आग लगना हो, सड़क दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा हो, उससे निपटने के लिए एक स्पष्ट और व्यावहारिक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) का होना जरूरी है। यह न केवल जान-माल के नुकसान को कम करता है, बल्कि अफसरतंत्र के बीच जिम्मेदारियां तय कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करता है। हादसे के शुरुआती मिनट सबसे अहम होते हैं, ऐसे में पहले से तय दिशा निर्देश, सूचना सिस्टम और जवाबदेही की व्यवस्था राहत और बचाव कार्यों को प्रभावी बना सकती है। दिल्ली में भी ऐसा ही सिस्टम एक्टिव है। एक डीएम के अनुसार, दिल्ली में क्या है एसओपी, आइए जानते हैं।

SOP पर एक नजर

- सबसे पहले इमरजेंसी नंबर 112 पर कॉल करें। यह कॉल स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को जाती है, जो पूरी दिल्ली के लिए सेंट्रलाइज्ड है।
- वहां से यह कॉल संबंधित जिले के इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (EOC) को भेज दी जाती है।
- हर जिले में 24 घंटे ड्यूटी पर 'प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर' तैनात रहते हैं, जो सीधे एसडीएम (SDM) के अंडर काम करते हैं।
- एसडीएम घटना की सूचना जिले के डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट (DM) को देते हैं। इसके बाद पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन की मुख्य जिम्मेदारी जिले के डीएम की होती है।
- यदि हादसा बड़ा हो या स्थानीय संसाधन कम पड़े, तो डीएम नेशनल डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स (NDRF) की मदद के लिए बुलाते हैं।
- डीएम रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए फायर विभाग और पुलिस के संसाधनों का उपयोग करते हैं। हाल ही में यमुना में आई बाढ़ के दौरान इसी तालमेल से कई जानें बचाई गई थीं।
- कई बार रेस्क्यू के लिए क्रेन या अन्य भारी मशीनों की जरूरत होती है, जिन्हें उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी डीएम प्रशासन की होती है।

नोएडा की घटना से क्या सीखा

त्वरित निर्णय की क्षमता: ऐसी घटनाओं में समय ही सबसे बड़ा फैक्टर है। यदि मौके पर कोई निर्णय लेने वाला मौजूद हो और समय पर सही फैसला लिया जाए, तो अधिकांश जानें बचाई जा सकती हैं। युवराज मामले में इसकी कमी दिखी।

दिल्ली के सिस्टम में अभी क्या हैं कमियां?

- **तालमेल का अभाव:** दिल्ली में अब भी बड़े स्तर पर अंतर-विभागीय समन्वय (Inter-departmental Coordination) की कमी है।
- **SDRF का गठन:** दिल्ली में स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स (SDRF) बनाने का प्रस्ताव अभी प्रक्रिया में है, इसे जल्द सक्रिय करने की जरूरत है।
- **जिला स्तर पर सक्रियता:** जिला स्तर पर ऐसी बॉडी की जरूरत है जहां पुलिस, फायर, जल बोर्ड और अन्य संबंधित विभागों के विशेषज्ञ एक ही छत के नीचे काम करें।
- **स्थायी व्यवस्था की जरूरत:** पिछले साल भारत-पाकिस्तान तनाव के समय ऐसी जिला स्तरीय समितियां सक्रिय की गई थीं, लेकिन स्थिति सामान्य होते ही व्यवस्था फिर पहले जैसी हो गई। इसे स्थायी रूप से सक्रिय रखने की जरूरत है।

क्विक रिस्पॉन्स (Quick Response) के लिए पर्याप्त ट्रेनिंग (Up to Date) की है कमी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत ने पूरे दिल्ली-एनसीआर के डिजास्टर मैनेजमेंट सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे ने दिल्ली के राजेंद्र नगर में जुलाई 2024 में हुए उस हादसे की याद भी ताजा कर दी, जिसमें भारी बारिश के बीच एक नामी आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने के बाद वहां मौजूद आईएएस की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गई थी। अब नोएडा में हुए हादसे के बाद दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी से जुड़े एडीएम स्तर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी माना है कि जलभराव या डूबने से होने वाले हादसों में तेजी से राहत और बचाव कार्य को अंजाम के लिए सोशल ट्रेनिंग पर और ज्यादा फोकस किए जाने की जरूरत है।

2024 में कोचिंग फ्री बेसमेंट में डूब गए थे तीन स्टूडेंट्स

अधिकारी के मुताबिक, अभी डिजास्टर मैनेजमेंट एक्शन प्लान के तहत विभिन्न एजेंसियों के लोगों को जो ट्रेनिंग दी जाती है, उसमें ज्यादा फोकस बिल्डिंग गिरने, बूकंप आने, आग लगने, आतंकवादी हमला होने, किसी जहरीली गैस का रिसाव होने पर होता है, जबकि पानी वाले हादसों पर फोकस बहुत कम है। इसी वजह से मॉनसून के दौरान होने वाले ऐसे हादसों के समय रेस्क्यू ऑपरेशन में कई कमियां भी नजर आती हैं, जिन्हें तुरंत ठीक करने की आवश्यकता है। इसके अलावा डीडीएमए के अधिकारियों पर काम का अतिरिक्त बोझ भी है। उन्हें रेस्क्यू से लेकर कई अन्य तरह के काम भी देखने होते हैं। कई बार बड़ी घटनाओं के समय लोकल लेवल पर राहत और बचाव के काम आने वाले स्पेशल सेफ्टी उपकरणों की कमी का सामना भी करना पड़ता है। निरीक्षण में भी कई कमियां उजागर होती हैं। जहां तक वॉलंटियर्स के इनोमल का सवाल है, तो उन्हें भी ट्रेनिंग देने और अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने से लेकर विभिन्न एफोर्समेंट ड्राइव में मदद करने, राहत और बचाव कार्य में सहयोग करने बड़े कार्यक्रमों के दौरान फ्राउड मैनेजमेंट जैसे कई तरह के कामों में इनोमल किया जाता है।

राहगिरी फाउंडेशन की को-फाउंडर सारिका पांडा भट्ट का मानना है कि यह इंजीनियरिंग फेल्योर की वजह से हुआ हादसा है। हादसे वाली जगह पर बेसिक रोड सेफ्टी को नजरअंदाज किया गया। वहां कोई रिफ्लेक्टर नहीं लगाया गया, कोई बैरिकेडिंग नहीं थी। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम थी। हम पिछले तीन-चार दशकों से रोड सेफ्टी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थितियां अब भी उसी तरह की हैं। सड़कों के मेंटेनेंस के लिए जिम्मेदार एजेंसियां अपना काम ठीक से नहीं कर रही हैं। आर्किटेक्ट सुमित शर्मा ने कहा, पूरे घटनाक्रम के बारे में पढ़कर समझ आता है कि बचाव दल के पास पानी से भरे गड्ढे में फंसे किसी व्यक्ति को बचाने के लिए पर्याप्त ट्रेनिंग का अभाव था, इसलिए किसी ने पानी में उतरने की हिम्मत नहीं की।

बीते दो साल में डूबने से 89 की गई जान

Brijesh.Singh@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली:** राजधानी में भी शासन की लापरवाही के चलते बीते दो सालों में 89 लोगों की अलग-अलग जगहों पर डूबने से मौत हो चुकी है। यह मौत सिर्फ नदी या नहर में डूबने के कारण नहीं बल्कि इसमें खुले सीवर और नाले के ढक्कन के अलावा अंडरपास में पानी भरने और जलभराव के कारण भी हुई है। यह मौतें तब हुई हैं जब सरकार की ओर से रेस्क्यू प्लान को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं।

दिल्ली विधानसभा की ओर से बीते दिनों सदन की कार्यवाही के दौरान रखे गए जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 के आंकड़ों की मानें तो दिल्ली में डूबने से अकेले 89 लोगों की मौत हुई है। इसमें सरिता विहार अंडरपास में पानी भरने, ईस्ट दिल्ली में नाले के ढक्कन खुला रहने से उसमें गिरे बच्चे की मौत, आली विहार पुलिस चौकी के पास बारात घर के पास जलभराव से पानी में डूबने के कारण मौत आदि शामिल हैं। ये घटनाएं सिर्फ यमुना या नहर के आस-पास नहीं बल्कि नई दिल्ली जैसे इलाके में भी हुई जहां तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई।

बारिश में मकान गिरने और करंट लगने से भी हुई मौत

दिल्ली में सिर्फ डूबने के कारण ही नहीं बल्कि बारिश में मकान गिरने से भी मरने वालों की संख्या अधिक है। मकान गिरने से दिल्ली में बीते दो साल में 46 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा आग लगने के कारण अलग-अलग मामलों में कुल 53 लोगों की मौत हुई। बारिश के कारण करंट लगने से भी तीन लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। हालांकि सरकार दावा करती है कि ऐसे मामलों में वह मुआवजा का प्रावधान करती है। दस्तावेजों की मानें तो डूबने के कई मामलों में 30-30 लाख रुपये तक का मुआवजा भी दिया गया है।

युवराज को इंसाफ दिलाने के लिए नोएडा में बड़ी संख्या में लोगों ने कैंडल मार्च निकाला

याद नहीं रखने होंगे कई नंबर, 112 पर मिलेगी हर मदद

इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम 2.0 के तहत सरकार कर रही शुरुआत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में अब आपात स्थिति में अलग-अलग नंबरों को याद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ 112 नंबर पर कॉल करके आप कोई भी मदद ले पाएंगे। इसकी शुरुआत इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ERSS) 2.0 के तहत की जा रही है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को संकट की घड़ी में अलग-अलग नंबर याद रखने की परेशानी से मुक्त करना और उन्हें तेजी से सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि 112 के उपयोग को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

112 को नेशनल इमरजेंसी नंबर घोषित किया गया है

सीएम रेखा गुप्ता के मुताबिक, वर्तमान में पुलिस के लिए 100, फायर के लिए 101, एंबुलेंस/स्वास्थ्य सेवा के लिए 108, महिला सहायता के लिए 181, गैस रिसाव 1906, बिजली आपूर्ति 19123, जल आपूर्ति 1916, दिल्ली मेट्रो 155370 और आपदा प्रबंधन/राहत सेवाओं के लिए 1077 नंबर पर कॉल करना पड़ता है। इसकी वजह से संकट की स्थिति में आम नागरिकों को भ्रम और देरी का सामना करना पड़ता है। ईआरएसएस 2.0 के तहत हर तरह की आपात स्थिति में अब अलग-अलग नंबर पर कॉल करने की जरूरत नहीं होगी। केवल 112 पर कॉल करके हर तरह की मदद मांगी जा सकेगी।

सरकार के मुताबिक गृह मंत्रालय ने 112 को नेशनल इमरजेंसी नंबर घोषित किया है। दिल्ली भी इसे लागू करने जा रही है। ईआरएसएस 2.0 एक आधुनिक यूनिफाइड सिग्नल हैंडलिंग सिस्टम है, जिसमें सभी इमरजेंसी कॉल, मोबाइल ऐप इमरजेंसी, पैनिक बटन, एसएमएस और वेब अलर्ट एक ही पब्लिक सेफ्टी असेंसिग पॉइंट (PSAP) पर प्राप्त होंगे। जैसी इमरजेंसी होगी, उसके आधार पर पुलिस, फायर, एंबुलेंस और आपदा प्रबंधन सेवाओं को एक साथ अलर्ट किया जा सकेगा।

समय बचेगा, जल्द पहुंचेगी मदद

सीएम ने बताया, ERSS 2.0 की सबसे बड़ी खासियत है कि कॉल या इमरजेंसी का पता चलते ही सिस्टम अपने आप कॉल करने वाले की लोकेशन पहचान लेगा। इससे व्यक्ति को समझाने की जरूरत नहीं पड़ती कि वह कहां है। लोकेशन मिलते ही कंट्रोल रूम से सबसे नजदीकी पुलिस वैन, एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड को तुरंत रवाना कर दिया जाएगा, जिससे मोबलन आफर (शुरुआती 60 मिनट) में समय की बचत होगी और मदद जल्दी पहुंचेगी। इसके जरिए निगरानी भी बढ़ेगी, ईआरएसएस 2.0 के तहत कंट्रोल रूम में एक आधुनिक डैशबोर्ड होगा, जहां यह देखा जा सकेगा कि घटना कहां हुई है, कौन-सी गाड़ी भेजी गई है और वह कितनी देर में पहुंचेगी। अगर कहीं देरी होती है तो तुरंत दूसरी गाड़ी भेजी जा सकती है।

मदद के बहाने ठगी करने वाला अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मुखर्जी नगर पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है, जो मदद के बहाने एटीएम में लोगों के डेबिट कार्ड बदल ठगी करता था। इसने 3 जनवरी को एक शख्स का कार्ड बदल अकाउंट से 20 हजार रुपये निकाले थे।

ATM पर लोगों के कार्ड बदल निकालता था रुपये

फिर वॉशिंग मशीन, ऑवल हीटर, इलेक्ट्रिक प्रेस और एयर प्यूरीफायर खरीदे। आरोपी की पहचान जाफराबाद के मो. करीम(39) के तौर पर हुई है।

नॉर्थ वेस्ट जिले के डीसीपी नीष्म सिंह ने बताया कि मुखर्जी नगर निवासी रोशन ने शिकायत में बताया था कि 3 जनवरी की दोपहर करीब 1:30 बजे वह SBI के एटीएम से पैसे निकालने गए थे, लेकिन पैसे नहीं निकाले। तभी एक व्यक्ति उनके पास आया और मदद के बहाने उनका कार्ड लिया और बदल लिया था।

गैंगस्टर का गुर्गा IGI पर अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नजफगढ़ में 2021 में प्रॉपर्टी कारोबारी सुशील की गोलियां बरसा कर हत्या करने का मुख्य आरोपी मनीन राठी (33) विदेश भाग गया था। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही गिरफ्तार हो गया। यह ब्रिटेन से ऑपरेट कर रहे गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू का शार्प शूटर है। अदालत ने इसे भगोड़ा करार दे दिया था। पुलिस ने इसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (LoC) जारी करवाया था। हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ का यह बदमाश स्पेन से नंदू के लिए काम कर रहा था।

गैंगस्टर नंदू के लिए नजफगढ़ में कर चुका था मर्डर

डीसीपी अमित कौशिक के मुताबिक, एसीपी राहुल विक्रम की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर सतीश राणा और अशोक की टीम ने इसके भारत आते ही एयरपोर्ट पर अरेस्ट कर लिया।

500 करोड़ की चैरिटेबल (Charitable) सोसायटी में बड़ी गड़बड़ी!

रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर्स भाइयों के बीच नई कानूनी जंग

3 मिनट में पढ़ें — NBT

Shanker.Singh@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली :** एक वक्त 2397 करोड़ रुपये के गबन को लेकर सुर्खियों में आए रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर्स भाई शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह एक बार फिर आमने-सामने आ गए हैं। अबकी बार मामला फ्लाइट लेफ्टिनेंट राजन दाल चैरिटेबल सोसायटी का है। मालविंदर की पत्नी जापना सिंह का आरोप है कि शिविंदर और उनकी पत्नी अदिति ने फर्जीवाड़ा कर उन्हें और अन्य मेंबर्स को सोसायटी से बाहर कर दिया है। इसके जरिए 500 करोड़ रुपये के दर्शन कुंज स्थित फोटिस राजन दाल अस्पताल और उसके सालाना 30 करोड़ रुपये के रेवेन्यू पर कब्जा कर लिया है।

पुलिस अफसरों के मुताबिक, जसना सिंह ने 22 अक्टूबर 2025 को फ्लाइट लेफ्टिनेंट राजन दाल चैरिटेबल सोसायटी को लेकर आपराधिक साजिश, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और आपराधिक विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए आर्थिक अपराध शाखा (EOW) में शिकायत दी थी। आरोप था कि मार्च 2025 में सोसायटी की एक मीटिंग दिखाकर उन्हें और अन्य मेंबर्स को गलत तरीके से हटा दिया गया। इनके बदले अदिति की दादी, मां और भाई को सोसायटी में शामिल कर लिया गया। अदिति और शिविंदर समेत अन्य आरोपियों ने सोसायटी पर अपने पूरे कंट्रोल के लिए ऐसा किया। यह भी आरोप लगाया कि साजिश रच कर रिकॉर्ड में हेराफेरी कर मेंबरों को अवैध तरीके से हटाया गया। इसके जरिए सोसायटी के अस्पताल की 500 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी और उसके सालाना 30 करोड़ रुपये की कमाई हथियाने के लिए ऐसा किया। सोसायटी ने 1 अक्टूबर 2013 को फोटिस हॉस्पिटल लिमिटेड से एक करार किया था, जिसके जरिए उसे हर साल 15 फीसदी रेवेन्यू मिलता है। ये सालाना करीब 30 करोड़ रुपये बनता है। आरोप है कि इस रकम को निजी खातों में ट्रांसफर किया गया। सोसायटी की आखिरी 2018 में मई 2024 तक मीटिंग नहीं हुई।

EOW ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है

दावा है कि सोसायटी की फर्जीविक ऑडिट रिपोर्ट 'प्रोजेक्ट प्रिन्स' 10 जुलाई 2025 को एक कंपनी ने तैयार की। इसमें खुलासा हुआ कि 6 साल के दौरान की सोसायटी मीटिंग के रिकॉर्ड गायब हैं। एजीएम के नोटिसों में भी हेरफेर मिला। सभी मेंबरों के एक जैसे इस्तीफे तैयार करने के अलावा एक छोटे और खाली फ्लैटस में मीटिंग दिखाने जैसे आरोप लगाए हैं। पुलिस से बैंक खातों की जांच कर मनी ट्रेल का खुलासा करने और रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज के अलावा इनकम टैक्स से जुड़े सभी रिकॉर्ड तलब करने की मांग की गई।

सुकेश ने ठगा था अदिति-जापना को

मालविंदर और शिविंदर रेलिगेयर फिनवेस्ट और इसकी पैरेंट कंपनी रेलिगेयर इंटरप्राइजेज में 2397 करोड़ रुपये के गबन के आरोप में अक्टूबर 2019 में तिहाड़ जेल गए। कथित 'महाठग' सुकेश चंद्रशेखर ने जून 2020 में तिहाड़ से अदिति को कॉल किया, जिसने खुद को मिनिस्ट्री में सीनियर अफसर बताया और शिविंदर को जमानत दिलाने में मदद का झांसा देकर कई किस्तों में 200 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। यही झांसा देकर मालविंदर की पत्नी जापना सिंह से भी वह अगस्त 2021 तक 3.5 करोड़ रुपये ठग चुका था। इनसे 350 करोड़ रुपये की डील थी। इससे पहले ही अदिति की शिकायत पर 12 अगस्त 2021 को सुकेश तिहाड़ जेल से अरेस्ट हो गया।

5 करोड़ के लिए लॉरेंस के गुर्गे फिर दे रहे धमकी

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

AI Image

वेस्ट विनोद नगर में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर जितेंद्र कुमार गुप्ता और उनके परिवार को लगातार लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटरों से जान से मारने की धमकी मिल रही है। बदमाश जितेंद्र, उनके दोनों बेटों और उनके भाई सतेंद्र कुमार गुप्ता को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। लगातार मिल रही धमकी के बाद पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो शूटरों को पकड़ा था। उसके बाद लगा था कि मामला शांत हो जाएगा, लेकिन इसके बाद भी लगातार धमकियां दी जा रही हैं।

प्रॉपर्टी डीलर, बेटों और अब भाई को भी मिली धमकी

शुक्रवार को बदमाशों ने जितेंद्र को कॉल कर कहा कि तुम कितनी भी सुरक्षा बढ़ा लो। हमें सुरक्षा के बीच गोली मारने की आदत है। अगली बार तुम या तुम्हारा बेटा नहीं भी दिखेगा, वहीं गोली मारेंगे। उसके बाद से प्रॉपर्टी डीलर ने अपना ऑफिस से बंद कर लिया है और खुद को घर के अंदर बंद कर रखा है। बेटों को भी कहीं अनजान जगह पर भेज दिया है। सोमवार सुबह जितेंद्र के भाई सतेंद्र और उनके परिवार को भी गैंगस्टरों से मोबाइल और वट्सऐप कॉल पर जान से मारने की धमकी मिली। बदमाश सतेंद्र को कॉल कर जितेंद्र और उनके परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। जानकारी नहीं देने पर उन्हें भी जितेन्द्र का पार्टनर समझ उन्हें और उनके बेटों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सतेंद्र और जितेंद्र दोनों अपने परिवार के साथ वेस्ट विनोद नगर मकान नंबर एक-79 में रहते हैं। सतेंद्र घर में ही नीचे किराने की दुकान चलाते हैं, जबकि जितेंद्र प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। पीड़ित परिवार ने 112 नंबर पर कॉल कर कंप्लेंट दी है।

सोनू दरियापुर के 4 गुर्गे अरेस्ट

■ NBT न्यूज, नरेला: आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की टीम ने सोनू दरियापुर गैंग के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान रजा उर्फ गब्बर, अनुराग उर्फ हनी, सुशील बिष्ट और आर्यन के रूप में हुई है। ये सभी प्रह्लादपुर, बरवाला, रोहिणी और दिल्ली के ही बांगर इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि 4 पिस्टल और 6 कारतूस मिले हैं।

आरोपियों के पास से 4 पिस्टल और 6 कारतूस बरामद

चाकू मारकर लूटा, एक दबोचा

■ NBT न्यूज, नारायणा: नारायणा थाना इलाके में जहांदार कैंप झुग्गी और रेलवे लाइन के पास युवक पर चाकू से कई बार हमला कर उससे 18 हजार लूट लिए। पापल उलम नगर निवासी रवि को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया जो नंगलोई की एक कंपनी में मैनेजर के रूप में काम करते हैं। डीसीपी वेस्ट शरद बनकर ने कहा कि शनिवार रात को इस मामले की सूचना पुलिस को मिली थी।

हमलावरों को जानते है पीड़ित, पुलिस कर रही तलाश

काम की खबरें

IGI पर 16 फरवरी से जुलाई तक एक रनवे किया जाएगा बंद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट का एक रनवे 16 फरवरी से करीब पांच महीने के लिए बंद किया जा रहा है। दिल्ली इंटरनैशनल एयरपोर्ट का संचालन करने वाली दिल्ली इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (DIAL) ने सोमवार को जानकारी दी कि तीसरे रनवे 11R/29L का, जिसे थर्ड रनवे भी कहा जाता है, रिहैबिलिटेशन होगा। 2008 में शुरू किए गए इस रनवे में आखिरी बार 2017 में आंशिक तौर पर रिनोवेशन किया गया था। पिछले 17 वर्षों से इस रनवे से उड़ानों का संचालन हो रहा है। अब इस रनवे में नई परत बिछाई जाएगी, नया रैपिड एग्जिट टैक्सीवे बनाया जाएगा और आधुनिक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (ILS) भी बनाया जाएगा।

मरम्मत कार्यों के चलते 5 मेट्रो स्टेशन पर बंद रहेंगे एस्केलेटर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर पड़ने वाले पांच स्टेशनों अक्षरधाम, मयूर विहार फेज-1, मयूर विहार एक्सटेंशन, न्यू अशोक नगर और नोएडा सेक्टर-15 पर मरम्मत कार्यों के चलते एस्केलेटर अस्थायी रूप से बंद रहेंगे। DMRC ने यात्रियों के लिए सलाह जारी किया है कि वह इस दौरान लिफ्ट का प्रयोग करें। मेट्रो के मुताबिक यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए कुछ स्टेशनों पर एस्केलेटरों के बड़े स्तर पर मरम्मत एवं ओवरहालिंग का कार्य किया जा रहा है।

हावड़ा-आनंद विहार के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नॉर्दर्न रेलवे ने हावड़ा जंक्शन–आनंद विहार टर्मिनल के बीच साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13065/13066) का नियमित संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 13065 हावड़ा जंक्शन से आनंद विहार के लिए प्रत्येक गुरुवार को रवाना होगी। वहीं ट्रेन संख्या 13066 आनंद विहार टर्मिनल से हावड़ा जंक्शन के लिए 24 जनवरी से प्रत्येक शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन बंडेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद, गया, DDU जंक्शन, वाराणसी, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सेशन के बीच कानून लागू करने को लेकर उठाया सवाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



सुप्रीम सवाल

- दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट-2025 पर सुनवाई कर रहा था कोर्ट
- सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के वकील से मामले में निर्देश लेकर कोर्ट को अवगत कराने को कहा है
- पूछा 2025-26 के लिए फीस किस प्रकार स्वीकृत की गई थी?

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार, दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट 2025 को मौजूदा सेशन में जिस तरीके से लागू करना चाह रही है, वह चिंता की बात है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह कानून में हस्तक्षेप करने को लेकर इच्छुक नहीं है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इसका क्रियान्वयन वैधानिक समय-सीमाओं के अनुरूप और व्यावहारिक होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के वकील से मामले में निर्देश लेकर कोर्ट को अवगत कराने को कहा है। अदालत ने सरकार से पूछा कि पहले के कानून के अनुसार सेशन 2025-26 के लिए फीस किस प्रकार स्वीकृत की गई थी? साथ ही पूछा कि 2025 का अधिनियम सेशन 2025-26 पर पूर्व प्रभाव से कैसे लागू किया जा सकता है। मामले में अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी।

मामले में अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे की बेंच ने कहा कि हालांकि यह कानून एक वैध रेगुलेटरी उद्देश्य से बनाया गया है, लेकिन इसके अमल के लिए अपनाई जाने वाली समयसीमा संदेह पैदा करने वाली है और यह प्रैक्टिकल नहीं लगती है। अदालत ने कहा कि अकैडमिक सेशन पहले ही शुरू हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस समय की, जब वह निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के संगठनों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें एक्ट के अमल और उससे जुड़े एक सर्कुलर को चुनौती दी गई है। इस सर्कुलर के तहत स्कूल लेवल कमिटियों के गठन और प्रस्तावित फीस की स्वीकृति तय की गई है।

गौरतलब है कि यह अधिनियम राजधानी में प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमानी फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाता है, फीस की सीमा निर्धारित करता है और स्कूलों द्वारा वसूले जाने वाली फीस में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। कानून में फीस को लेकर स्टूडेंट्स को परेशान करने वाले स्कूलों पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान भी है। अगर स्कूल बार-बार इसका उल्लंघन करते हैं और जुर्माना अदा करने में विफल रहते हैं, तो सरकार को स्कूल की प्रॉपर्टी को सील करने और बेचने का अधिकार दिया गया है।

फीस कानून समझा नहीं पाई BJP: AAP

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार के 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन - ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' कानून पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि बीजेपी इस कानून को समझाने में नाकाम रही है। सोमवार को दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में बीजेपी सरकार पूरी तरह एक्सपोज हो गई और साफ हो गया कि सरकार प्राइवेट स्कूलों की मनमानी नहीं रोक पाएगी। शिक्षा मंत्री आशीष सूद का शिक्षा विभाग कोर्ट यह समझाने में फेल रहा कि नए एक्ट से फीस को कैसे नियंत्रित करेगा? सरकार निजी स्कूलों में बढ़ी फीस जल्द वापस कराने को लेकर मिडिल क्लास को सिर्फ गुमराह कर रही थी।

सौरभ भारद्वाज

राशन ऑफिस शिफ्ट करने का किया विरोध

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बुराड़ी सर्किल 2 के राशन दफ्तर को शिफ्ट करने के फैसले को आम आदमी पार्टी के नेता और बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने गरीब विरोधी बताया है। सोमवार को संजीव झा ने दिल्ली के खाद्य और आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को पत्र लिखकर कहा कि गरीबों के हक की हर योजना से बीजेपी को तकलीफ है। बुराड़ी सर्किल 2 के राशन दफ्तर को 11 किलोमीटर दूर गुलाबी बाग शिफ्ट कर दिया गया। उन्होंने मंत्री से मांग की है कि जनहित में FSO कार्यालय को उसी जगह रखा जाए या फिर बुराड़ी में ही कहीं आसपास सही जगह पर रखने के लिए फिर से विचार किया जाए। सोचने वाली बात है कि गरीब मजदूर, बुजुर्ग राशन कार्ड के छोटे-छोटे कामों के लिए इतनी दूर कैसे जाएंगे?

बुराड़ी का मामला, आप ने किया विरोध

तेज की 'यशोधरा' का हुआ विमोचन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: विश्व पुस्तक मेले में लेखक तेज प्रताप नारायण की प्रथम नाट्य कृति 'यशोधरा' का विमोचन हुआ। अपनी पहली कृति के बारे में तेज प्रताप नारायण ने कहा, 'यशोधरा मात्र एक पात्र नहीं, बल्कि नारी शक्ति की पराकाष्ठा है।' विमोचन कार्यक्रम में रण विजय, प्रो. सरोज कुमारी, डॉ. संतोष पटेल, डॉ. सुशील द्विवेदी, तेज प्रताप तेजस्वी कुमार, डॉ. रामशंकर कुशवाहा और स्वर्ण लता पटेल ने पुस्तक के कथानक और शिल्प पर विचार साझा किए। डॉ. मीनाक्षी तेन, रानेश कुमार मांझी, रानेश कुमार, आत्मानंद, समीक्षा जैन, आदित्य, मयंक सचान और आर एन सिंह जैसे विद्वानों की उपस्थिति ने चर्चा को और समृद्ध किया। संचालन भारती प्रवीण ने किया।

शनिवार को दिल्ली हाट में मनाया जाएगा 'यूपी दिवस'

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

'यूपी दिवस' के अवसर पर 24 जनवरी को INA दिल्ली हाट में सांस्कृतिक शाम सजेगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दिल्ली हाट को 'विकसित उत्तर प्रदेश' की थीम पर सजाया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस विशेष आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं और परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना है।

प्रदेश की कई नृत्य शैली मंच पर होंगी

मंत्री ने बताया कि प्रदेश की कई नृत्य शैली और परंपराओं को दर्शाती कई प्रस्तुतियां मंच पर होंगी। पारंपरिक हस्तशिल्प की झलक भी यहां नजर आएगी और राज्य के विभिन्न अंचलों के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद भी यहां मिलेगा। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों में रहकर अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से शाम 5:30 बजे से यह कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें 18-20 देशों के राजनयिकों, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और उत्तर प्रदेश के विशिष्ट मेहमान शामिल होंगे।

नितिन नवीन को दिया अपना समर्थन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के नाम की प्रस्तावना का नामांकन सोमवार को राष्ट्रीय कार्यालय में जमा कराया गया। इस अवसर पर दिल्ली BJP अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद रहीं। दोनों ने नवीन को अपना समर्थन दिया।

नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सचदेवा ने कहा कि यह हर्ष और गर्व का विषय है कि आज मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ दिल्ली BJP के प्रतिनिधियों ने पार्टी के कर्मठ और ऊर्जावान नेता नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नितिन नवीन के नेतृत्व में BJP ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करेगी। नामांकन जमा कराने के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत और बांसुरी स्वराज शामिल हैं।

नोटिस पर आतिशी ने मांगे सभी दस्तावेज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने अपने खिलाफ जारी विशेषाधिकार हनन के नोटिस के जवाब में कहा है कि उन्होंने कभी भी सिख गुरुओं के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की और ना ही सदन में ऐसा कोई संदर्भ दिया। दिल्ली विधानसभा सचिव को सोमवार को भेजे गए पत्र में आतिशी ने नोटिस में कही गई बातों को अस्पष्ट और निराधार बताया। उन्होंने नोटिस का जवाब देने के लिए उनके खिलाफ दी गई शिकायत, प्रमाणित अनएडिटेड विडियो रिकॉर्डिंग और सभी दस्तावेज की मांग की है।

आतिशी ने कहा कि उन्हें स्पीकर से अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए बुलावे का कोई संदेश नहीं मिला। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नोटिस में 'सदन में हंगामा' और 'कार्यवाही बाधित करने' जैसे अस्पष्ट शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, लेकिन यह नहीं बताया गया कि उन्होंने क्या कहा, किस संदर्भ में कहा या इसे किस आधार पर गलत माना गया।

कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर AAP की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर तुरंत दखल की मांग की है। सोमवार को आतिशी ने अपने पत्र में कहा कि पिछले कुछ समय, विशेषकर हालिया महीनों में दिल्ली में गंभीर आपराधिक घटनाओं ने आम नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और व्यापारियों के मन में भय और असुरक्षा पैदा कर दी है।

श्याम कृपा महोत्सव का हुआ आयोजन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : शालीमार बाग स्थित पंजाबी भवन में रविवार की शाम को श्याम कृपा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। श्याम परिवार, शालीमार बाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव में समाज के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक अशोक अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान देर शाम तक खाटू श्याम बाबा के मधुर भजनों और कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्याम परिवार के दिनेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, आनंद कनोडिया, राजकुमार गर्ग, जय भगवान गर्ग और संजय गुप्ता भी शामिल हुए।

'त्याग से ही होती है भगवत प्राप्ति'

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: सिद्धपीठ कालकाजी मंदिर में सत्संग के समय महंत सुरेंद्रनाथ ने कहा कि त्याग से ही भगवत प्राप्ति होती है। छल-कपट, जालसाजी, बेईमानी आदि निषिद्ध कर्म बताए गए हैं। इनका आचरण कभी भी शरीर से या मन से नहीं करना चाहिए। ये पारमार्थिक मार्ग में कलंक के समान हैं।

स्पंदित दी धर्म कर्म

प्राचीन शिव मंदिर, संध्यापुरी संन्यास आश्रम आईजी स्टेडियम में महंत धीरेंद्रपुरी के सान्निध्य में सर्व मंगल कामना हेतु 21 ब्राह्मणों द्वारा 8 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ मंडल वेदी पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ और हवन के साथ शुरू हुआ। वहीं गौरीश्वर धाम करोलबाग में भागवत कथा सुनाते हुए पंडित अभिमान शास्त्री-वृंदावन ने कहा कि भागवत कथा में वेदों का सार है।

दिल्ली छावनी बोर्ड
निविदा सूचना

दिल्ली छावनी बोर्ड, सरकार के अनुमोदित ठेकेदारों से ई-निविदा के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है, जैसा कि नीचे विस्तृत है:

ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा जारी करने की तिथि : 28.01.2025 को 1700 बजे
निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि और समय : 19.02.2026 को 1300 बजे तक
ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय : 19.02.2026 को 1300 बजे तक
ई-निविदा खोलने की तिथि और समय : 20.02.2026 को 1330 बजे

कार्य का विवरण

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुबंध की राशि	बयाना जमा राशि
1.	वार्ड सं. 1, 5, 7 और 8, दिल्ली कैंट में नालियों और नागरिक सुविधाओं जैसे धूल के डिब्बे, सामुदायिक शौचालयों, मूत्रालयों, पानी के कुंडों और अन्य संबंधित संरचनाओं की मरम्मत के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 3,00,00,000/-	रु. 3,75,000/-
2.	दिल्ली कैंट में प्रयोगशाला सेवा सहित स्टेनलेस स्टील के काम के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 2,00,00,000/-	रु. 2,75,000/-
3.	छावनी बोर्ड स्कूल, दिल्ली कैंट में मरम्मत के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 3,00,00,000/-	रु. 3,75,000/-
4.	दिल्ली छावनी बोर्ड की सीएम संपत्तियों में [illegible] के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 2,50,00,000/-	रु. 3,25,000/-
5.	दिल्ली छावनी में रेडी मिक्स कंक्रीट के साथ पथ/फर्श आदि की मरम्मत/सुधार के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 10,00,00,000/-	रु. 8,25,000/-
6.	स्मार्ट टॉयलेट कॉम्प्लेक्स के आधार पर शौचालयों के रखरखाव/सुधार और उन्नयन के लिए कार्य अनुबंध, दिल्ली कैंट।	रु. 5,00,00,000/-	रु. 5,75,000/-
7.	कैट आई, डेलीनेटर, ट्रैफिक कोन, मीडियन मार्कर आदि जैसे सड़क सुरक्षा उपकरणों की स्थापना के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 2,00,00,000/-	रु. 2,75,000/-
8.	छावनी जनरल अस्पताल, दिल्ली कैंट में स्थापित ट्रांसफार्मर, डीजी सेट, एचटी/एलटी पैनल और अन्य आवश्यक विद्युत/जल आपूर्ति उपकरणों के विद्युत उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 49,00,000/-	रु. 98,000/-
9.	छावनी बोर्ड कार्यालय, सीजी अस्पताल, दिल्ली कैंट के सुविधा केंद्र में लिफ्ट का प्रावधान।	रु. 49,50,000/-	रु. 99,000/-
10.	[illegible], दिल्ली कैंट में सीसीटीवी/सीआरएस, एसीएसटी सिस्टम की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग।	रु. 1,98,99,000/-	रु. 2,73,990/-
11.	दिल्ली कैंट में [illegible] बोरिंग की ड्रिलिंग और आवश्यकतानुसार रखरखाव के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 1,50,00,000/-	रु. 2,25,000/-
12.	दिल्ली कैंट के सीबी स्कूलों में स्थापित लिफ्टों का रखरखाव और संचालन।	रु. 40,00,000/-	रु. 80,000/-
13.	[illegible], दिल्ली कैंट में [illegible] में स्थापित ट्रांसफार्मर, डीजी सेट, एचटी/एलटी पैनल और अन्य आवश्यक [illegible] जैसे विद्युत उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 40,00,000/-	रु. 80,000/-
14.	दिल्ली कैंट में [illegible] और अन्य पहलुओं की मरम्मत/बदलाव और संबंधित कार्यों के साथ फिटिंग के लिए कार्य अनुबंध।	रु. 4,00,00,000/-	रु. 4,75,000/-
15.	[illegible], दिल्ली कैंट में स्थापित विद्युत/सोलर [illegible] का व्यापक संचालन/रखरखाव।	रु. 49,00,000/-	रु. 98,000/-

बोलीदाता "निविदा दस्तावेज" और अन्य लागू नियमों और शर्तों को डाउनलोड कर सकता है, जिसमें विस्तृत एनआईटी, नियम और शर्तें, विशिष्ट विशिष्टताएं, विशेष शर्तें, सत्यनिष्ठा संधि पर हस्ताक्षर, जीएफआर 2017 छावनी का पालन, सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश 2017 की प्रयोज्यता आदि शामिल हैं, जो http://defproc.gov.in और www.delhi.cantt.gov.in की वेबसाइट से तकनीकी बोली में प्रदान किए गए हैं।

कृपया ध्यान दें कि निविदा दस्तावेजों में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धि वेबसाइट http://defproc.gov.in और छावनी बोर्ड की वेबसाइट www.delhi.cantt.gov.in पर अपलोड की जाएगी। सभी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी दरों को उद्धृत करने से पहले संशोधनों, स्पष्टीकरणों, शुद्धियों आदि की जांच करने के लिए उपरोक्त वेबसाइटों पर जाना आवश्यक है और इसे पंजीकृत करने में विफलता के लिए बोलीदाताओं को कोई मुआवजा स्वीकार्य नहीं होगा।

टेलीफोन नंबर: 25695450
संख्या: DCB/E/C-1/TN/2025-26/10
छावनी बोर्ड कार्यालय
वेबसाइट : www.delhi.cantt.gov.in

हस्ताक्षरित/-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दिल्ली छावनी

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय आयुक्त आबकारी, मनोरंजन एवं विलासिता कर
एल-ब्लॉक, विकास भवन, आई०पी० एस्टेट, नई दिल्ली-110002

फा० सं० 10(210)/आब०/आईएमएफएल/2011-12/
पार्ट फाइल/240342/2390-2407

दिनांक : 15/01/2026

आदेश

दिल्ली आबकारी नियमावली, 2010 के नियम 52 के प्रावधानों के अनुसरण में, एतद् द्वारा यह आदेश दिया जाता है कि दिल्ली में स्थित आबकारी विभाग के सभी एल-1, एल1एफ, एल-2, एल-3, एल-4, एल-5, एल-6, एल-6एफसी, एल-6एफई, एल-8, एल-9, एल-10, एल-11, एल-14, एल-23, एल-23एफ, एल-25, एल-26, एल-31, एल-32, एल-33, एल-34, एल-35 लाइसेंसधारियों द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में निम्नलिखित तिथियों को "शुष्क दिवस" (ड्राइ डे) माना जाएगा :-

क्र०सं०	अवसर	तिथि	दिन
1.	गणतंत्र दिवस	26.01.2026	सोमवार
2.	महा शिवरात्रि	15.02.2026	रविवार
3.	ईद-उल-फितर	21.03.2026	शनिवार
4.	राम नवमी	26.03.2026	गुरुवार
5.	महावीर जयन्ती	31.03.2026	मंगलवार

उपरोक्त के अतिरिक्त, सभी एल-16, एल-16एफ, एल-17, एल-17एफ, एल-18, एल-18एफ, एल-19, एल-19एफ, एल-20, एल-20एफ, एल-21, एल-21एफ, एल-22, एल-28, एल-28एफ, एल-29, एल-29एफ, पी-10, पी-10ए एवं पी-13 लाइसेंसधारी केवल निम्नलिखित दिन को शुष्क दिवस के रूप में मानेंगे:-

क्र०सं०	अवसर	तिथि	दिन
1.	गणतंत्र दिवस	26.01.2026	सोमवार

लाइसेंसधारी उपरोक्त सूची में किए गए किसी भी परिवर्तन के कारण किसी भी मुआवजे के हकदार नहीं होंगे।

एल-15 एवं एल-15एफ लाइसेंस वाले होटलों के मामले में, ऊपर उल्लिखित शुष्क दिवसों में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध होटल में ठहरने वालों के लिए शराब परोसने पर लागू नहीं होगा।

सभी लाइसेंसधारियों को अपने लाइसेंस प्राप्त परिसरों के किसी विशिष्ट स्थान पर इस आदेश को प्रदर्शित करना होगा।

लाइसेंसधारी का व्यावसायिक परिसर शुष्क दिवस पर बंद रखा जाएगा।

(रवि झा)
आयुक्त (आबकारी)

DIP/Shabdarth/Classified/0409/25-26

SBI भारतीय स्टेट बैंक
परिसर एवं सम्पदा विभाग, स्थानीय प्रधान कार्यालय, कोटी, हैदराबाद-500095

मुगपल्ली, जिलाबाद, तेलंगाना में प्रस्तावित प्रशासनिक कार्यालय भवन के निर्माण के लिए सिलिंग प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट-कम-प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट (PPA-cum-PMC) के चयन और नियुक्ति के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई)

भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, परिसर एवं सम्पदा विभाग, हैदराबाद द्वारा [illegible], तेलंगाना में प्रस्तावित प्रशासनिक कार्यालय भवन के निर्माण के लिए [illegible] प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट-कम-प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट (PPA-cum-PMC) के चयन और नियुक्ति के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) आमंत्रित है। [illegible] बैंक की वेबसाइट https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/procurement-news से डाउनलोड कर सकती हैं। [illegible] (पीएंडई) के पास 09-02-2026 को या उससे पहले अपराह्न 03:00 बजे तक [illegible]।

[illegible]

स्थान : हैदराबाद, दिनांक : 20-01-2026 हस्ता./- सहायक महाप्रबंधक (पी एंड ई)

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
6, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

नई दिल्ली में भारतीय रिज़र्व बैंक की संपत्तियों पर स्थित आगंतुक अधिकारी आवास, पारगमन अवकाश गृह, प्रशिक्षु फ्लैट्स, चिकित्सा फ्लैट्स, तथा कार्यकारी सूट और अतिथि कक्षों के प्रबंधन और हाउसकीपिंग (खानपान सहित) के लिए ई-निविदा हेतु सूचना

निविदा संख्या: -RBI/Delhi Regional Office/HRMD/4/25-26/ET/863

भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली में अपनी संपत्तियों पर स्थित आगंतुक अधिकारी आवास, पारगमन अवकाश गृह, प्रशिक्षु फ्लैट्स, चिकित्सा फ्लैट्स, तथा कार्यकारी सूट और अतिथि कक्षों के प्रबंधन और हाउसकीपिंग (खानपान सहित), हेतु पात्र संविदाकारों से तीन कवर एवं दो भागों में ई-निविदाएँ आमंत्रित करता है।

ई-निविदा के निर्धारित प्रपत्र भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in तथा एमएसटीसी की वेबसाइट www.mstcecommerce.com से दिनांक जनवरी 20, 2026 (शाम 05:00 बजे से) से डाउनलोड किया जा सकता है। भरे हुए पूर्ण निविदा दस्तावेज मार्च 03, 2026, दोपहर 02:00 बजे तक एमएसटीसी की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर अपलोड हो जाने चाहिए।

नोट: कोई भी परिवर्तन केवल बैंक की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

क्षेत्रीय निदेशक, नई दिल्ली

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Log on to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss."

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,600
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–सुमित्रा तिग्गा, उम्र–25 वर्ष, ऊँचाई–5 फीट, 4 ईंच, रंग–साँवला, चेहरा–लम्बा, बाल–काला, [illegible]

उपरोक्त लापता महिला सुमित्रा तिग्गा, [illegible] दिनांक–01.01.2026 को [illegible] थाना कांड संख्या–13/2026, दिनांक–01.01.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती / दिखती है तो इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या [illegible]

Email ID(rnc-deb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक मु., द्वितीय, राँची। – 9431706142
थाना प्रभारी [illegible] थाना, राँची। – 9431705157

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 371054 Police(25-26)D

भारत सरकार
(भारत सरकार)
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय)
(स्थापना अनुभाग)

परिवहन भवन,
1- संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

रिक्त परिपत्र संख्या ए-12025/1/2025-स्थापना दिनांक 08 जनवरी, 2026

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विकास प्रभाग में निदेशक (इंजीनियरिंग) के एक पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो ग्रुप 'ए' राजपत्रित गैर-मंत्रालयी पद है ((पूर्व-संशोधित वेतनमान पे बैंड 3: रुपये 15,600-39,100 + रुपये 7600 (जीपी) (6वें सीपीसी के अनुसार)), प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर।

2. शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि से संबंधित विस्तृत विवरण के साथ आवेदन पत्र पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की वेबसाइट www.shipmin.gov.in पर 'करियर' लिंक के तहत 'मंत्रालय के तहत रिक्ति' लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है।

3. इच्छुक और पात्र अधिकारियों के आवेदन इस परिपत्र के रोजगार समाचार/रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर अवर सचिव (प्रशासन), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, कमरा नंबर 439, परिवहन भवन, 1- संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को उचित माध्यम से भेजे जा सकते हैं।

(सुमित नंदन)
भारत सरकार के अवर सचिव
दूरभाष: 011-23356711

CBC 37201/11/0015/2526

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 01-19-2026 23:09 Color:

जनवरी में सरप्राइज़ 'गर्मी'

छह साल में जनवरी का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा सोमवार

Photos: AFP, PTI

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

तीन दिनों से राजधानी में सर्दी लगभग खत्म सी दिख रही है। खास तौर पर दोपहर के समय। सुबह शाम ठंडक बरकरार है, लेकिन दोपहर में तपिश इतनी तेज है कि लोगों से बैठा नहीं जा रहा। सोमवार बीते छह सालों में जनवरी का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। वजह इस समय पहाड़ों पर सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस को बताया जा रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 7.1 डिग्री अधिक रहा। इससे पूर्व 2025 में 31 जनवरी को तापमान 27 डिग्री दर्ज हुआ था। 2020 से 2024 के दौरान एक भी दिन तापमान 26 डिग्री के स्तर को नहीं छू सका। वहीं 2019 में 21 जनवरी को तापमान 28.7 डिग्री तक गया था। हवा में नमी का स्तर 39 से 100 प्रतिशत रहा।

धूप की तपिश में लोगों का बैठना हुआ मुश्किल

पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम 8 डिग्री रह सकता है। 21 और 22 जनवरी को भी ठंड अधिक परेशान नहीं करेगी। दोनों दिन आंशिक बादल छा सकते हैं। हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। शाम के समय बादल घने हो सकते हैं। अधिकतम तापमान इस दौरान 22 से 26 और न्यूनतम 6 से 8 डिग्री के बीच रह सकता है।

लोग बुरी तरह हांफते दिखे। प्रदूषण के कारण सिरदर्द, आंखों में जलन, जुकाम, एलर्जी और इन्फेक्शन जैसी शिकायतें

लगातार दूसरे दिन गंभीर स्तर पर प्रदूषण

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लगातार दूसरे दिन राजधानी में प्रदूषण गंभीर स्तर पर बना रहा। हालांकि प्रदूषण के स्तर में बीते रविवार की तुलना में मामूली गिरावट आई। इसके बावजूद लोग बुरी तरह हांफते दिखाई दिए। लोगों को प्रदूषण की वजह से सिरदर्द, आंखों में जलन, जुकाम, एलर्जी और इन्फेक्शन जैसी शिकायतें हो रही हैं।

स्मॉग की मोटी परत धूप के बावजूद राजधानी पर पूरे दिन दिखाई दी। CPCB के अनुसार सोमवार को दिल्ली का एक्यूआई 410 रहा। रविवार को यह 440 था। फरीदाबाद का एक्यूआई 253, गाजियाबाद का 425, ग्रेटर नोएडा का 375, गुरुग्राम का 379 और नोएडा का 412 रहा। 25 जगहों पर प्रदूषण का स्तर गंभीर रहा। इनमें कई जगहों पर यह इमरजेंसी के स्तर से भी अधिक रहा। इनमें आनंद विहार का एक्यूआई 458, अशोक विहार का 465, चांदनी चौक का 453, डीटीयू का 453, जहांगीरपुरी का 469, मुंडका का 467, नेहरू नगर का 455, नॉर्थ कैंपस का 452, पटपड़गंज का 463, रोहिणी का 469, सोनिया विहार का 462, विवेक विहार का 475 और वजीरपुर क 471 रहा। 13 जगहों पर एक्यूआई बेहद खराब रहा। महज एक जगह पर एक्यूआई 300 से नीचे एनएसआईटी में 282 रहा।

सोमवार को दिल्ली का एक्यूआई 410 रहा

पूर्वानुमान के अनुसार एक्यूआई 20 से 22 जनवरी तक बेहद खराब रहेगा। इसके बाद भी यह 6 दिनों तक बेहद खराब से खराब रह सकता है।

स्कूल में खेल का मैदान 2000 वर्ग मीटर होना ज़रूरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सीबीएसई से जुड़ी मान्यता के लिए भूमि आवश्यकता को लेकर बोर्ड ने बड़ा संशोधन किया है। सीबीएसई के मुताबिक, पुराने प्रावधानों को समाप्त कर नया क्लॉज लागू किया गया है, जिसमें विभिन्न शहरों और क्षेत्रों के लिए भूमि की न्यूनतम सीमा तय की गई है। सभी सीबीएसई स्कूलों में कम से कम 2000 वर्ग मीटर का खेल मैदान अनिवार्य होगा। जिन स्कूलों की भूमि 6000 वर्ग मीटर से कम है, उन्हें या तो परिसर के भीतर यह व्यवस्था करनी होगी या फिर नजदीकी स्कूल, कॉलेज, स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स या सार्वजनिक पार्क के साथ कम से कम 15 वर्षों का लिखित समझौता करना होगा। यह सुविधा स्कूल से अधिकतम 200 मीटर की दूरी पर होनी चाहिए और स्टूडेंट्स को किसी व्यस्त मुख्य सड़क या राष्ट्रीय राजमार्ग को पार ना करना पड़े। स्कूल बिल्डिंग की ऊंचाई और कवर एरिया संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार होगा।

AI Image

सीबीएसई ने मेट्रो शहरों, राज्य की राजधानियों, पहाड़ी क्षेत्रों, पूर्वोत्तर राज्यों और विशेष श्रेणी के शहरों के लिए अलग-अलग भूमि मानक तय किए हैं। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे महानगरों में सेकेंडरी स्कूल के लिए न्यूनतम 1600 वर्ग मीटर और सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए 2400–3200 वर्ग मीटर भूमि का प्रावधान किया गया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप जैसे क्षेत्रों में विशेष छूट दी गई है। सीबीएसई ने साफ किया है कि पहले से जुड़े स्कूलों पर पुराने प्रावधान ही लागू रहेंगे।

स्कूलों में काउंसलिंग-वेलनेस टीचर और करियर काउंसलर अब ज़रूरी

Wellness

CBSE ने एफिलिएशन बायलॉज 2018 में किया संशोधन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

CBSE ने अपने सभी स्कूलों में काउंसलिंग और वेलनेस टीचर के साथ-साथ करियर काउंसलर रखना जरूरी कर दिया है। हर 500 स्टूडेंट्स पर एक काउंसलर की नियुक्ति अनिवार्य होगी। इसे लेकर बोर्ड ने अपने एफिलिएशन बायलॉज 2018 में संशोधन किया है। यह संशोधन सीबीएसई एफिलिएशन कमिटी की सिफारिशों और गवर्निंग बॉडी की मंजूरी के बाद नोटिफाई किया गया है।

नए संशोधन के तहत अब हर सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल को दो अलग-अलग भूमिकाओं के लिए नियुक्ति करनी होगी। पहला - काउंसलिंग और वेलनेस टीचर (सोशियो-इमोशनल काउंसलर) और दूसरा - करियर काउंसलर।

काउंसलिंग और वेलनेस टीचर के लिए योग्यता : इस पोस्ट के लिए साइकोलॉजी (क्लिनिकल/काउंसलिंग/एप्लाइड/एजुकेशनल) में ग्रेजुएशन या पोस्टग्रेजुएशन किया होना या मानसिक स्वास्थ्य/काउंसलिंग में सोशल वर्क की डिग्री या किसी भी सब्जेक्ट में यूजी/पीजी डिग्री + डिप्लोमा इन स्कूल जरूरी है। इन्हें सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान, अभिभावक-शिक्षक संवेदनशीलता और प्राइवेसी जैसे क्षेत्रों का ज्ञान होना चाहिए।

करियर काउंसलर के लिए योग्यता: इसके लिए ह्यूमैनिटीज, साइंस, सोशल साइंस, मैनेजमेंट, एजुकेशन या टेक्नोलॉजी में बैचलर्स/मास्टर्स डिग्री जरूरी होगी। उन्हें करियर असेसमेंट, हायर एजुकेशन (भारत और वैश्विक स्तर) की जानकारी, रिसर्च स्किल्स और स्टूडेंट्स-अभिभावकों को करियर मार्गदर्शन देने में सक्षम होना होगा। दोनों ही पोस्ट पर नियुक्त व्यक्तियों को कम से कम 50 घंटे के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (CBPs) भी पूरे करने होंगे।

AI Image

क्या होगा इससे फायदा?

बोर्ड का मानना है कि इससे स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य और करियर मार्गदर्शन को मजबूत आधार मिलेगा और स्टूडेंट्स वेलफेयर को बढ़ावा मिलेगा। कुछ समय में स्कूलों में स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कई मामले सामने आए हैं, इनमें जयपुर का नीरजा मोदी स्कूल का स्यूसाइड केस शामिल है। दिल्ली में सेंट कोलंबस के स्टूडेंट की खुदकुशी का मामला भी। दोनों मामलों में स्कूल में काउंसलिंग नहीं मिली और परेशानियों को नजरअंदाज किया गया।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

AUD में अब UG में 'मल्टीपल एग्ज़िट' भी

Multiple Exit

चार साल के UG कोर्सों में दोबारा एंट्री का भी मौका

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (AUD) अब चार साल के अंडरग्रैजुएट कोर्सों में दोबारा एंट्री का भी मौका देगा। यूनिवर्सिटी ने नैशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP) के साथ 2022 में चार साल का UG कोर्स शुरू किया था। NEP में चार साल के कोर्स के साथ मल्टीपल एंट्री-मल्टीपल एग्जिट (ME-ME) का ऑप्शन है यानी हर साल की पढ़ाई के बाद स्टूडेंट्स कोर्स छोड़ सकते हैं या ब्रेक लेकर दोबारा जॉइन भी कर सकते हैं। आंबेडकर यूनिवर्सिटी ने मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम के तहत स्टूडेंट्स को हर साल एग्जिट का ऑप्शन तो दिया मगर एंट्री का नहीं था। अब AUD ने फैसला लिया है कि अगर कोई स्टूडेंट चार साल के कोर्स में एक साल बाद या दो साल बाद या तीन साल का बाद कोर्स छोड़ता है, तो वो उस कोर्स को पूरा करने के लिए दोबारा वहीं से शुरुआत करके अपनी पढ़ाई पूरी कर सकता है।

AI Image

AUD की वाइस चांसलर प्रो अनु सिंह लाठर ने कहा कि चार साल के अंडरग्रैजुएशन का हमारे पहले बैच का यह आखिरी साल है। NEP के साथ चार साल का UG आया और पढ़ाई को आसान बनाने की प्रक्रिया में इसमें मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सुविधा दी गई ताकि स्टूडेंट अपनी सहूलियत के हिसाब से किसी भी साल में पढ़ाई छोड़ सकें और 7 साल के अंदर अपना कोर्स पूरा कर सकें। हमने भी स्टूडेंट्स को पहले साल के बाद पढ़ाई छोड़ने पर सर्टिफिकेट, दूसरा साल पूरा करने के बाद डिप्लोमा, तीसरा साल पूरा करने के बाद डिग्री पूरी करने का ऑप्शन दिया है और चार साल के पूरी में ऑनर्स विद रिसर्च होता है। अब हमने कोर्स में फिर से एंट्री का ऑप्शन भी दिया है यानी अगर हमारा कोई ऐसा स्टूडेंट बीच में पढ़ाई छोड़ता है और फिर से जॉइन करना चाहता है तो वो वापस आ सकता है। साथ ही, चार साल का यूजी करने वाले स्टूडेंट्स को अब नए सेशन 2026-27 से एक साल के पोस्टग्रैजुएट कोर्स का भी ऑप्शन मिलेगा। नया करिकुलम लगभग तैयार है और फरवरी मिड तक इसे हमारे स्टेच्युअरी बॉडी से मंजूरी मिल जाएगी और गाइडलाइंस भी जारी होंगी।

अब गाइडलाइंस का है इंतज़ार

2022 में दिल्ली यूनिवर्सिटी और आंबेडकर यूनिवर्सिटी में चार साल का UG कोर्स शुरू हुआ था। दोनों ही यूनिवर्सिटी ने मल्टीपल एंट्री में दोबारा पढ़ाई जॉइन करने का सिर्फ अपनी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को ऑप्शन दिया है। इसके अलावा, दोनों ही यूनिवर्सिटी एक साल के PG में भी सिर्फ अपने-अपने स्टूडेंट्स को मौका देंगे। DU के डीन एडमिशन प्रो हनीत गांधी ने कहा कि इसे लेकर UGC की गाइडलाइंस भी नहीं है और हमें इंतजार भी है क्योंकि अब ऐसे केस आने शुरू होंगे। अभी DU के स्टूडेंट को ही मल्टीपल एंट्री का फायदा अपनी यूनिवर्सिटी में ही मिलेगा।

GRAP-3 और 4 का नहीं हो रहा सख्ती से पालन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

GRAP-3 और GRAP-4 का सख्ती से पालन नहीं हो रहा है। डीपीसीसी और एनसीआर के स्टेट प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के रिव्यू के दौरान सीएक्यूएम को कई गंभीर खामियां मिली हैं। सीएक्यूएम ने इन लापरवाहियों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश जारी किए हैं।

सीएक्यूएम ने GRAP की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की है। यहां GRAP-3 और GRAP-4 की रोज मॉनिटरिंग की जा रही है। देखा जा रहा है कि एजेंसियां क्या सख्त कदम उठा रही हैं और किस तरह से नियमों का पालन करवा रही हैं। एजेंसियों को अपनी रोज की एक्शन टेकन रिपोर्ट और वीकली रिपोर्ट भेजनी होती है। इन्हीं रिपोर्टों के आधार पर मॉनिटरिंग की जा रही है। इस दौरान GRAP-3 और GRAP-4 में कई कमियां सामने आईं। ये कमियां नियम लागू करने से लेकर एक्शन लेने तक में देखी गईं। अलग-अलग मामलों में यह कमी 7 पर्सेंट से लेकर 99.6 पर्सेंट तक पाई गई।

CAQM को मिली गंभीर खामियां

GRAP मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम में यह भी सामने आया कि शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया काफी धीमी है। अभी भी विभिन्न विभागों ने 47 पर्सेंट से 100 पर्सेंट तक शिकायतों का समाधान नहीं किया है। इससे साफ है कि शिकायतों के निपटारे में विभाग और एजेंसियां कमजोर साबित हो रही हैं।

द्वारका के DDA पार्क में मर्डर, नहीं हो सकी है पहचान

■ नवीन निश्चल, द्वारका

द्वारका जिला के सेक्टर-14 स्थित DDA के छठ पार्क में सोमवार सुबह एक शख्स की बॉडी मिली। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र 25 से 30 साल के बीच है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने कहा कि आसपास लगे सभी CCTV कैमरों की फुटेज को चेक किया जा रहा है। मौके पर लोगों ने बताया कि सोमवार सुबह पार्क में आए किसी शख्स की बेसुध पड़े इस शख्स पर नजर पड़ी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी।

CCTV में मृतक को जबरदस्ती पार्क में ले जाता दिखा शख्स

मौके पर द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस पहुंची और पूरे पार्क की घेराबंदी कर छानबीन शुरू किया। मृतक के गले और चेहरे पर चोट के कई निशान मिले हैं। कई घंटों तक छानबीन और लोगों से पूछताछ के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। इसके बाद बॉडी हरिनगर के दिन दयाल उपाध्याय हॉस्पिटल भेज दिया गया।

डीसीपी ने बताया कि मौके पर क्राइम टीम और FSL की टीम को जांच के लिए बुलाया गया। फुटेज में सुबह 5 बजे के करीब एक शख्स मृतक को जबरदस्ती पार्क में ले जाते हुए दिख है। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

द्वारका DMRC के CISF का हेडक्वॉर्टर पार्क के साथ ही है। मृतक का जैकेट पुलिस को पार्क की बाहरी दीवार पर मिली जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

मंदिर से शिवलिंग का चांदी का पत्रा चोरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** निर्माण विहार स्थित सनातन मंदिर से दो चोर शिवलिंग का 6.5 किलो वजन का चांदी का पत्रा चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। सूचना के बाद क्राइम और एफएसएल की टीमें मंदिर पहुंचीं। डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि प्रीत विहार थाना केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुजारी दिनेश शास्त्री ने बयान दिया कि वह मंदिर परिसर में ही रहते हैं। रविवार रात मंदिर के मुख्य गेट पर ताला लगाकर सोने चले गए। सोमवार सुबह मंदिर पहुंचे तो शिवलिंग का चांदी का पत्रा गायब है। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पता चला कि दो लोग रात में ताला तोड़कर अंदर घुसे। एक ने पहले शिवलिंग को प्रणाम किया। जबकि दूसरे ने सीसीटीवी कैमरे का एंगल दूसरी तरफ कर दिया। इसके बाद शिवलिंग लेकर फरार हो गए।

दो चोर मंदिर के CCTV कैमरे में हुए कैद

गाड़ी में धक्का नहीं लगाया, भाइयों पर जानलेवा हमला

■ **NBT रिपोर्ट,नई दिल्ली:** विवेक विहार इलाके में गाड़ी में धक्का नहीं देने पर कार सवार बदमाशों ने दो चचेरे भाइयों के साथ जमकर मारपीट की। फिर नुकीली चीज से एक भाई पर जानलेवा हमला कर खून से लथपथ हालत में छोड़कर फरार हो गए। घायल भाइयों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके शिकायत पर मामला दर्ज कर फरार आरोपियों का पता किया जा रहा है।

घायल भाइयों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 वर्षीय मनीष अपने परिवार के साथ झिलमिल कॉलोनी में रहते हैं। मनीष एक रेस्टोरेंट में काम करते हैं, जबकि रोहित उसी इलाके के एक ढाबे पर नौकरी करते हैं। शुक्रवार रात करीब 11:40 बजे वह अपने चचेरे भाई रोहित को काम से वापस घर लाने के लिए ढाबे पर गए। इस दौरान ऋषभ जैन और उसके साथियों ने अपनी बंद गाड़ी को धक्का देने को कहा। रोहित ने धक्का देने से मना किया तो आरोपियों ने हमला कर दिया।



महानगर में आज



पृथ्वी से आसमां तक

त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'बॉडीज ऑफ स्काई, बॉडीज ऑफ अर्थ', श्रीधरनी आर्ट गैलरी, तानसेन रोड, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। कलाकारा सीमा कोहली की इस एग्जिबिशन के साथ उनके कई खूबसूरत पेंटिंग्स कला प्रेमी निहार सकते हैं। शो के क्यूरेटर सावजी दांडे हैं।

लहराती आवाजें



इंडिया हैबिटेट सेंटर में पेंटिंग एग्जिबिशन 'फ्लोटिंग इकोज', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकारा दीपाली बॉयर की इस पेंटिंग एग्जिबिशन का आनंद आज लिया जा सकता है।

कैमरे के लेंस से

ऑल इंडिया फाइनल आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी में 14वीं ऑल इंडिया फोटो एग्जिबिशन और 13वीं ऑल इंडिया डिजिटल आर्ट एग्जिबिशन, 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इन दो एग्जिबिशन के साथ फोटोग्राफी का कमाल और डिजिटल आर्ट के कई खूबसूरत नमूने देखे जा सकते हैं।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

हाइवे होंगे 'अनलॉक', MCD से टोल प्लाज़ा हटाने को कहा

जाम और प्रदूषण को देखते हुए NHAI ने दिल्ली-NCR के ऐसे हाइवे की लिस्ट भी दी

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ एनएचएआई की सख्ती चली तो बिजवासन, रजोकरी और बदरपुर समेत कई बॉर्डर से हटेंगे टोल और यूनिपोल

■ बदरपुर में महज 50 मीटर की दूरी पर दो टोल प्लाजा बने सिरदर्द, फास्टैग और RFID के चक्कर में फंसते हैं वाहन

■ नवंबर के लेटर पर एक्शन न होने से नाराज NHAI ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग, फिर से एमसीडी को कराया रिमाइंड

■ **नई दिल्ली :** नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने दिल्ली से सटे या यहां से होकर गुजरने वाले हाइवे पर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए एक बार फिर से एमसीडी को हाइवे पर बने अपने टोल प्लाजा हटाने को कहा है। NHAI के अधिकारियों ने 10 जनवरी को इस संबंध में एमसीडी व अन्य संबंधित विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी की। इसमें सभी को नवंबर में लिखे गए उस लेटर के बारे में रिमाइंड कराया गया, जिसमें हाइवे से एमसीडी टोल प्लाजा को हटाने के लिए कहा गया था। हालांकि, इसके बावजूद टोल प्लाजा नहीं हटाए गए। लेटर में कहा गया था कि टोल प्लाजा के चलते हाइवे पर न केवल एक्सिडेंट का खतरा बढ़ रहा है, बल्कि इसके चलते लगने वाले जाम के कारण दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या भी बढ़ रही है। NHAI ने एमसीडी को टोल प्लाजा की एक लिस्ट भी दी है और उन्हें हटाने को कहा है।

NHAI ने टोल प्लाजा के अलावा एमसीडी से हाइवे किनारे लगे बड़े-बड़े यूनिपोल को भी हटाने को कहा है। साथ ही ये भी कहा है कि अगर एमसीडी यूनिपोल विज्ञापन नहीं हटाती है, तो NHAI इस पर खुद ही पहल करेगा। यूनिपोल हटाने में जितना खर्च आएगा, वह एमसीडी से वसूल किया जाएगा।

इन टोल प्लाजा का किया जिक्र: NHAI ने एमसीडी को जो पत्र भेजा है उसमें कहा है कि बिजवासन टोल प्लाजा को एमसीडी जितनी जल्द हो सके हटाए। बिजवासन टोल प्लाजा दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित कापसहेड़ा में बनाया गया है, जो द्वारका एक्सप्रेसवे के ठीक पास ही है। इससे एक तरफ जहां जाम की समस्या आम है, वहीं रोड पर एक्सिडेंट का खतरा भी बढ़ गया है। इसके अलावा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, दिल्ली-सहारनपुर हाइवे (NH-709बी), NH-48 पर रजोकरी बॉर्डर, यूईआर-2 पर झिंझोली टोल प्लाजा, NH-344एन, NH-44 पर बाघन टोल प्लाजा और एनएच-148ए पर बना आया नगर टोल प्लाजा को हटाने के लिए कहा है। NHAI ने पत्र में लिखा है कि एमसीडी के इन सभी टोल के चलते हाइवे के इस स्ट्रेच में गंभीर जाम की समस्या है। इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए।

बदरपुर में एमसीडी और NHAI दोनों का टोल प्लाजा है। दोनों ही टोल प्लाजा महज 50 मीटर की दूरी पर हैं। कमर्शल गाड़ियों से NHAI के टोल प्लाजा पर फास्टैग और एमसीडी टोल प्लाजा पर RFID से टोल टैक्स की वसूली की जाती है।

क्यों हटना ज़रूरी है टोल प्लाज़ा?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

दिल्ली-एनसीआर के बॉर्डर एरिया में हाइवे पर बने टोल प्लाजा को हटाने का मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा है। खुद NHAI ने पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर एक याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट ने NHAI और MCD को दिल्ली की बॉर्डर पर स्थित उन सभी 9 टोल प्लाजा को किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने पर विचार करने का निर्देश दिया था, जहां भयंकर ट्रैफिक जाम लगता है और उसकी वजह से प्रदूषण होता है। हालांकि, इसके बावजूद स्थिति में अभी तक कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस मामले में एक पेच यह भी है कि हाइवे पर बने इन टोल प्लाजा से गुजरने वाली गाड़ियों से केवल NHAI का ही टोल नहीं वसूला जाता, बल्कि कमर्शल वाहनों से MCD एनवायरनमेंट सेस भी वसूलती है।

महानगर खेल

आप भी हमें अपनी खेल खबर और फोटो भेजिए nbtreader@timesofindia.gcom पर। सब्जेक्ट में लिखें Khel

एयरलाइनर अकैडमी बनी चैंपियन

यश प्रजापत (4/19), विराट सिंह (2/19), अनंत (49) और अखिल नेगी (23) की बदौलत एयरलाइनर अकैडमी (113/5) ने विजय दहिया अकैडमी (112/10) को 5 विकेट से हराकर 16वें पंकज ग्रुप फॉर स्पाइड अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता।

IGMA केकेआर विजेता बना

अभिनव सिंह (43 रन, 2/22) और उमर (3/25) के प्रदर्शन से IGMA केकेआर (107/8, 8/1 सुपर ओवर में) ने पंजाब (107/6, 6/1 सुपर ओवर में) को सुपर ओवर में मात देकर 4th IGMA टी20 क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम किया।

एयरलाइनर, हरियाणा अकैडमी फाइनल में

यश अरोरा (63), उदय नेगी (62) की शानदार पारियों से एयरलाइनर अकैडमी (228/2) ने मास्टर्स क्रिकेट क्लब (226/10) को 4 विकेट से हराकर पहले स्वेट प्रो अंडर-17 टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमी में रक्षित (122) के शतक के दम पर हरियाणा अकैडमी (401/6) ने टेलिफंकन क्लब (268/10) को 133 रन से हराया।

रण स्टार फाइनल में

तेजस सिंह बरोका (5/48), अनमोल (70) और परीक्षित (58) के प्रदर्शन से रण स्टार क्लब (269/9) ने रविंद्र यॉर्क क्रिकेट क्लब (220/10) को 49 रन से हराकर 27वें ऑल इंडिया साहिबजादा अजित सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

साहित्य की फिफ्टी

साहित्य काठाणे (79), गौतम (47) और शुभम कुमार (2/32) के योगदान से स्टार क्रिकेट अकैडमी (212/8) ने पैस विहार अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में विजय दहिया क्रिकेट अकैडमी (194/8) को 18 रन से मात दी।

काव्यांश और समर चमके

काव्यांश कौशिक (4/47), समर प्रताप सिंह (88) और अभिषेक यादव (44) के दम पर टीएनएम (190/9) ने 13वें पैकॉक अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोनेट क्लब (182/10) को 8 रन से शिकस्त दी।

वैष्णव का पंजा

वैष्णव शर्मा (5/33), शरव वजीरानी (2/34), भुवन अली (54) और भास्कर यादव (34) की बदौलत केजीएफ अकैडमी (148/2) ने टर्फ स्पोर्ट्स अकैडमी (147/10) को तीसरे विश्वकर्मा स्पोर्ट्स फाउंडेशन अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट आठ विकेट से हराया।

तरुण का डबल अटैक

तरुण कुमार (76 रन, 3/39), हार्दिक उपाध्याय (50 रन) और इशान (75 रन) की बदौलत मद्रास क्रिकेट क्लब (264/4) ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (255/4) को बीआर लिटिल चैंप अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में 9 रन से हराया।

अर्जुन का शतक

अर्जुन यादव (117) की बदौलत डोगरा क्रिकेट अकैडमी (270/7) ने संजीव टाक मेमोरियल अंडर-14 टूर्नामेंट में दिल्ली ड्रीमर्स (247/9) को 23 रन से मात दी।

शिवांश का गोल्डन शॉट

शिवांश सिंह ने एलजी कप दिल्ली 2026 में 12 वर्ष से कम आयु वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल पर निशाना साधा। यह प्रतियोगिता 16 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित हुई। डीडीए के प्रधान आयुक्त (आवास, पीसमवाई, खेल आदि) चित्तरंजन दास ने विजेताओं को मेडल प्रदान किए।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

चालक

कमाओ दिन के Rs. 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी चालक बनाएं। ज्वॉइन करने के लिए भारत टैक्सी ड्राइवर ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें - 011-64801000

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Sufiya Parveen D/O Mohammad Tariquzzama R/o M-47, G/F, Abul Fazal Enclave, Jamia Nagar, Okhla, Delhi-110025 Have changed my name form Sufiya Perveen to Sufiya Parveen for all purpose.

सत्यपाल सं - IN-UK45382909477893Y मैं विमला गुरुरानी पत्नी स्वर्गीय प्रसाद गुरुरानी, ग्राम पुरी, तहसील रानीखेत, जिला अल्मोड़ा, उत्तराखंड की निवासी, बयान करती हूँ कि मेरे पति स्वर्गीय प्रसाद गुरुरानी के सेवा दस्तावेज़ों में मेरा नाम गलती से विमला दर्ज हो गया है। मेरे आधार कार्ड एवं वोटर आईडी और बैंक पासबुक में शादी के बाद मेरा नाम विमला गुरुरानी है। उक्त विमला और विमला गुरुरानी दोनों नाम मेरे ही हैं। अब से मैं सभी दस्तावेज़ों में विमला गुरुरानी के रूप में जानी जाऊंगी।

CHANGE OF NAME

I, Rashmika Parkibanda Rao have changed my name from Rashmika Parkibanda Rao to Rashmika Rao R/o 37 R.P.S Colony Sheikh Sarai Phase-1 New Delhi-110017 vide Affidavit dated 19.01.2026 dated before Notary Public New Delhi.

मैं, उमेश कुमार चौधरी पुत्र स्व. रत्न लाल चौधरी निवासी ई-2, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली-110048, मेरे नाम परिवर्तन के संबंध में स्पष्टीकरण । मेरा पहला नाम उमेश कुमार जो पोस्ट ग्रेजुएट (एल एल एम) तक की मेरी सभी डिग्रीयों पर दर्ज है और 1975 में बार काउंसिल ऑफ दिल्ली के सदस्य के रूप में मेरे पंजीकरण पर भी है, अब उमेश कुमार चौधरी (यू. के. चौधरी) हो गया है। पी एच डी (कानून) के बाद एक उपसर्ग डॉ. मेरे नाम के साथ जोड़ा गया था और इसलिए उमेश कुमार चौधरी और यू. के. चौधरी और डॉ. उमेश कुमार चौधरी और डॉ. यू. के. चौधरी एक ही व्यक्ति के नाम है ।

खोया एवं पाया

THE General Public is hereby informed that the original sale deed dated 07.08.2003 in favour of Abhay Kumar Sinha, B-8 (Ground Floor) Mayfair Gardens, New Delhi - 110016 registered on 07.08.2003 as Sale Deed No. 6695 for the Year 2003-2004 in Book No. 1 at Pages 139 to 158 at the Office of the Sub Registrar-V (Hauz Khas), New Delhi, has been lost/misplaced. FIR has been lodged vide LR No.37950/2026 dated 17.01.2026. If found pls. contact Mob: 7769969033

I, Shruti Padmanabhan D/o Sh. N S Padmanabhan have lost 10th Marksheet & Pass Certificate against Index no. T/5039/040, year of passing 2008 and 12th Marksheet & Pass Certificate against Index no. B/8673/012, year of passing 2010 issued by ICSE Board; School: St. Paul's Church College, Agra. Finder Contact: 9811959456

टेंडर और नोटिस

न्यायालय सूचना

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (ORDINARY ORIGINAL CIVIL JURISDICTION) (PUBLICATION)
CS(OS) No.1998/2011 & IA. No. 12965/2011
First Lucre Partnership Company Versus ....Plaintiffs
Jagdish Chander Vohra and Ors. ....Defendants
To,
DEFENDANT NO.2
MS. SUDESH VOHRA W/O SH. JAGDISH CHANDER VOHRA K-63, KRISHNA NAGAR, DELHI-110051
WHEREAS the above named Plaintiff has instituted a SUIT FOR RECOVERY OF RS.1,35,41,667/- (RUPEES ONE CRORE THIRTY FIVE LACS FORTY ONE THOUSAND SIX HUNDRED AND SIXTY SEVEN ONLY) ALONGWITH INTEREST PENDENTE LITE AND FUTURE @10% PER ANNUM against the above named defendant.
AND WHEREAS it has been shown to the satisfaction of the Court that it is not possible to serve you in the ordinary way, therefore, this notice is given by publication directing you to make appearance before the Joint Registrar (Judicial) of this Court on 22.01.2026 at 11:00 A.M.
Take notice that the I.A. No.12965/2011 is also listed on 22.01.2026 at 11:00 am before Joint Registrar (Judicial) of this Court.
Take notice that in default of your appearance on the day mentioned above, the suit and applications will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, in terms of order dated 22.07.2025 and 04.11.2025.
Seal — Assistant Registrar (O) For Registrar General/OK

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI
Notice Under Order V Rule 20 Code of Civil Procedure
RFA No.9/2025, CM APPL.3/9/2025 & CM APPL.3/9/2025
Appeal against the Order dated 22.08.2024 Passed by Shri. Rajesh Malik, District Judge-06, Central, Tis Hazari Courts, Delhi in PC No.42440/2016
NARBIR SINGH (SINCE DECEASED) THROUGH LRS. ....APPELLANTS
VERSUS
SAMBATH SINGH & ORS. & ORS. ....RESPONDENTS
Notice to: Respondent No.5
Whereas the above-noted appellant has presented an appeal under Section 96 CPC r/w Order 41 CPC along with the above-mentioned applications which was listed before the Court on 23.01.2026 and on other subsequent dates and the Court ordered issuance of notice to you.
And whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that you cannot be served in the ordinary manner. Notice is hereby issued that, if you wish to defend the above mentioned appeal and applications, you may cause an appearance to be entered on your behalf either personally or through an advocate duly appointed by you for the purpose before the Court of Worthy Registrar (Appellate) on 11.02.2026 (actual) at 11:00 a.m.
If no appearance is made on your behalf, by yourself, your pleader or someone authorized by law to act for you in the said appeal and applications on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said appeal and applications will be given and the same will be heard and determined ex-parte in your absence.
Given under my hand and the seal of this Court on this 08th day of January, 2026.
Assistant Registrar (Appl.)(Civil-III) for REGISTRAR GENERAL

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI
Notice Under Order V Rule 20 Code of Civil Procedure
RFA No. 10/2025 & CM APPL. 326/2025
Appeal against the Order dated 22.08.2024 Passed by Shri. Rajesh Malik, District Judge-06, Central, Tis Hazari Courts, Delhi in PC No.42441/2016
NARBIR SINGH (SINCE DECEASED) THROUGH LRS. ....APPELLANTS
VERSUS
SAMBATH SINGH & ORS. & ORS. ....RESPONDENTS
Notice to: Respondent No.5
Whereas the above-noted appellant has presented an appeal under Section 96 CPC r/w Order 41 CPC along with the above-mentioned applications which was listed before the Court on 23.01.2026 and on other subsequent dates and the Court ordered issuance of notice to you.
And whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that you cannot be served in the ordinary manner. Notice is hereby issued that, if you wish to defend the above mentioned appeal and application, you may cause an appearance to be entered on your behalf either personally or through an advocate duly appointed by you for the purpose before the Court of Worthy Registrar (Appellate) on 11.02.2026 (actual) at 11:00 a.m.
If no appearance is made on your behalf, by yourself, your pleader or someone authorized by law to act for you in the said appeal and application on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said appeal and application will be given and the same will be heard and determined ex-parte in your absence.
Given under my hand and the seal of this Court on this 08th day of January, 2026.
Assistant Registrar (Appl.)(Civil-III) for REGISTRAR GENERAL

ASTRO ZONE

समस्या बताए आसान हल पाए
भविष्यवक्ता वास्तुशास्त्री रत्न विशेषज्ञ दयाल जी SINCE 1988
व्यापारिक • जायदाद संबंधी • पारिवारिक • नौकरी • तलाक • विवाह में अड़चन • लव मैरिज • गृहकलेश • कोर्ट कचहरी
93-1140-1150
द्वारका / करोल बाग / सुशांत लोक-गुरुग्राम
Dayal Darbar

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS
For booking please contact Amit : 9811790649

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | PROPERTY | BUSINESS | RECRUITMENT, EDUCATION | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | SHOPPING | TENDER, PUBLIC NOTICE | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

TO BOOK YOUR EDUCATION ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN QR CODE

HEALTH & WELLNESS

SEX PROBLEMS?
कमजोरी-सफेद पानी कम शुक्राणु-बेऔलाद? सैक्स समस्याएँ कैसी भी स्त्री-पुरुष-सलाह लें
कौशिक क्लिनिक Since-1986
मेट्रो पोल नं.671, उत्तमनगर, दिल्ली-59
9810-272-172

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹955
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, घुलेवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

SEX PROBLEMS का सफल इलाज! मिले
सबलोक क्लिनिक दरियागंज
नेताजी सुभाष मार्ग (निकट दिल्ली गेट) नई दिल्ली-2
9891300008
Consultation fees 500/-
सबलोक क्लिनिक दरियागंज की इंडिया में कहीं कोई ब्रांच नहीं है।

निःसंतान
शुक्राणुओं की कमी
धात, स्वप्नदोष, सेक्स पा. आदि गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▸बदरपुर ▸दरियागंज ▸भजनपुरा ▸छतरपुर
82, CDR Chowk, Chhattarpur Delhi
9817469817

सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041
9811564909
9210990444

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

Tender & Notices

KW GROUP — जन सूचना

सर्वसाधारण जनता, आम नागरिकों, विकासकर्ताओं, निवेशकों, डीलरों, ब्रोकरों एवं संबंधित सभी पक्षों को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोरटा, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश (मनन धाम मंदिर से HRIT विश्वविद्यालय के बीच ; दुहाई RRTS मेट्रो स्टेशन के पास) स्थित निम्नलिखित खसरा संख्याओं की भूमि:
खसरा संख्या 808 (4280 वर्ग मीटर), 809 (8130 वर्ग मीटर), 810 (3870 वर्ग मीटर), 820 (20812 वर्ग मीटर), 831 (12396 वर्ग मीटर), 832 (8820 वर्ग मीटर), 788 (2658 वर्ग मीटर), 814 (5902 वर्ग मीटर), 816 (1693 वर्ग मीटर), 818 (5115 वर्ग मीटर), 817 (2715.4 वर्ग मीटर) एवं 830 (4090 वर्ग मीटर) कुल क्षेत्रफल : 80,481.4 वर्ग मीटर
उक्त संपूर्ण भूमि पर विकास, विक्रय एवं विपणन (Development, Sales & Marketing) के समस्त अधिकार, भूमि स्वामियों (एस एस बिल्डर्स एवं अन्य व्यक्तिगत भूमि स्वामी) द्वारा विधिवत "मेसर्स" के डब्ल्यू बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड एवं मेसर्स के डब्ल्यू इंफ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड (के डब्ल्यू ग्रुप)" के पक्ष में सुरक्षित किया गया है।
अतः के डब्ल्यू ग्रुप के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था अथवा पक्ष द्वारा उक्त भूमि से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन, प्रचार, बुकिंग, बिक्री, विकास या हस्तक्षेप करना अवैध, प्रतिबंधित एवं दंडनीय अपराध होगा तथा ऐसा करने पर संबंधित पक्ष के विरुद्ध विधि अनुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
यह सार्वजनिक सूचना सामान्य जनता, डेवलपर्स, निवेशकों, डीलरों, ब्रोकरों आदि के हित में जारी की जाती है।
आदेशानुसारः एस.के.सिंह (सीनियर जी.एम.-के डब्ल्यू ग्रुप), मोबाइल नंबर: 9643107363, ईमेल: dp1@kwgroup.in, पताः बी-97, सैक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301।

GALLERIA

क्या आप रोज मोटर पम्प बंद करना भूल जाते हैं
MRK WLC PLUG
अब नहीं होगा water overflow
पानी की बर्बादी खत्म
बिजली की बचत
पूरी तरह ऑटोमैटिक
आसान इंस्टालेशन
₹ 990/-
सबमर्सिबल और टुल्लू पंप दोनों के लिए उपयुक्त
अभी कॉल करें और आज ही अपने घर में लगवाएँ!
Visit store on video 8377063729 || For installation 9625540375 | 9654107969
For Dealership 9319719670 || 9319719671

सीढ़ी वाली कार, कई शहरों में रेड और पकड़े केबल चोर

मेट्रो सिग्नलिंग केबल चोरी मामले में पुलिस का ऐक्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो थाना पुलिस ने मेट्रो सिग्नलिंग केबल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई केबल, वारदात में इस्तेमाल औजार और एक कार भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी को धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन (एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन) में कार्यरत डीएमआरसी कर्मचारी संजय कुमार झा ने थाना आईजीआई मेट्रो में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन और शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो ट्रैक से करीब 800 मीटर सिग्नलिंग केबल चोरी कर ली गई है। इस पर थाना आईजीआई मेट्रो में मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों की गहन तलाशी ली। मेट्रो ट्रैक से सटे बुद्धा गार्डन के जंगल क्षेत्र में कटी हुई केबल वायर बरामद हुई। ट्रैक के पास कैमरे न होने के बावजूद पुलिस ने आसपास लगे करीब 45 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक सफेद रंग की कार संदिग्ध हालात में सीढ़ी लेकर आती-जाती नजर आई।

पुलिस ने इनपुट मिलने पर नोएडा से दोनों आरोपियों को अरेस्ट किया

धौलाकुआं और शिवाजी स्टेडियम स्टेशन के बीच हुई थी चोरी

15 मीटर केबल बरामद की : पूछताछ में आरोपियों ने अपने एक साथी पीतांबर उर्फ पीटे और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मेट्रो सिग्नलिंग केबल काटने की बात कबूल की। उनकी निशानदेही पर दो लकड़ी की सीढ़ियां, एक वायर काटने का औजार और करीब 15 मीटर चोरी की तांबे की केबल बरामद की गई। आरोपियों ने यह भी बताया कि बाकी केबल उनके फरार साथियों के पास छिपाई गई है। अब पुलिस फरार आरोपियों की तलाश और बाकी चोरी की केबल की बरामदगी में जुटी हुई है।

कई बार खरीद-बेची गई वारदात में इस्तेमाल कार

कार की जांच में पता चला कि उसे कई बार खरीदा-बेचा गया था। इसके बाद पुलिस ने नोएडा, गाजियाबाद, अमरोहा सहित उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में लगातार दबिश दी और तकनीकी व मैनुअल इनपुट के आधार पर अहम जानकारी जुटाई। पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने नोएडा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान आसिम उर्फ मोहम्मद अजमी (27) और दीपक (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त की है।

सड़क पर हुआ गड्ढा बना तीन मौतों का कारण

■NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : टीला मोड़ थाना क्षेत्र के लोनी रोड पर भोपुरा में पत्नी और दो बच्चों के साथ ससुराल जा रहे कारोबारी की बाइक गड्ढे में फंसकर गिर गई। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने पूरे परिवार को रौंद दिया। हादसे में दंपती और उनके 10 वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि 7 साल के बेटे का पैर टूट गया। बाद में पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को पकड़ लिया।

गाजियाबाद में दंपती और बेटे की गई जान

दिल्ली के बुराड़ी उत्तराखंड कॉलोनी निवासी ललित (37) की बुराड़ी में ही फैक्ट्री है। रविवार को वह अपनी पत्नी पिंकी (34) और 10 वर्षीय आरव और सात वर्षीय नैरव बेटों के साथ एक ही बाइक से दिल्ली से मुरादनगर स्थित ससुराल जा रहे थे। वह भोपुरा स्थित कोयल एन्क्लेव के पास यह हादसा हो गया। आसपास के गुस्साए लोगों ने लोनी मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने भीड़ को शांत कराया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं आरोपी ड्राइवर अरेस्ट कर लिया गया।

मोबाइल छीना, पीछा किया तो मार डाला

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव : राह चलते एक शख्स का मोबाइल छीन लिया गया। पीड़ित ने पीछा कर विरोध किया तो युवकों ने ईंट-पत्थरों से उसे घायल कर दिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जान नहीं बच सकी। पता चला कि जान गंवाने वाले 28 वर्षीय बीरबल गुड़गांव में नौकरी करते थे। क्राइम ब्रांच सिकंदरपुर और नाथूपुर चौकी की टीम ने मामले में तीन आरोपियों को सोमवार को नाथूपुर बिहारी मंडी से अरेस्ट कर लिया। वारदात 13 जनवरी रात की है।

डिलिवरी बॉय रास्ते में खड़ी करते थे बाइक, डॉक्टर ने चढ़ा दी SUV

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव

हयातपुर की घटना का आरोपी काबू, एक घायल अस्पताल में भर्ती

हयातपुर एरिया में एसयूवी चालक ने सड़क किनारे खड़े फूड डिलिवरी बॉयज को पहले टक्कर मारी। विरोध करने पर जानबूझकर दोबारा आकर उन पर गाड़ी चढ़ा दी। घटना में रेवाड़ी निवासी डिलिवरी बॉय टिंकू पवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में **आरोपी नवीन** को पुलिस ने काबू कर लिया है। उसने बताया कि वह प्राइमरी हेल्थ सेंटर, दौलताबाद में आयुर्वेद डॉक्टर है। उनके मकान के पास डिलिवरी बॉय अपनी बाइक रास्ते में खड़ी कर देते थे। इससे उसे गाड़ी ले जाने में दिक्कत होती थी, इसी रंजिश में गाड़ी से टक्कर मारकर वारदात को अंजाम दिया था।

वट्सऐप हैक, कॉल फॉरवर्ड, DP बदली और ठगे 7 लाख

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

AI image

- टीचर के कई रिश्तेदारों और जानकारों को चालान से जुड़ा लिंक भी भेजा
- गनीमत रही कि किसी ने लिंक पर क्लिक नहीं किया

साइबर ठगों ने एक टीचर का मोबाइल फोन हैक कर उनके अकाउंट से सात लाख रुपये उड़ा लिए। साथ ही टीचर के वट्सऐप की डीपी बदलकर कई रिश्तेदारों और जानकारों को चालान से जुड़ा लिंक भेजा। हालांकि किसी ने लिंक पर क्लिक नहीं किया, वरना वे भी ठगी का शिकार हो सकते थे। पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में जामिया नगर इलाके में रहने वाली पीड़िता ने बताया कि वह एमसीडी स्कूल में टीचर है। करीब एक महीने पहले उनका वट्सऐप हैक हो गया था। डीपी बदल दी और उनके नंबर से रिश्तेदारों व जानकारों को चालान से जुड़ा लिंक भेजा गया। हालांकि किसी ने भी उस लिंक को नहीं खोला।

वह अपनी डीपी बदलने और मैसेज भेजने की कोशिश में सफल नहीं हो पाई। इसके बाद पीड़िता ने वट्सऐप सपोर्ट को ईमेल भेजकर शिकायत की, जिसके बाद उनका वट्सऐप दोबारा शुरू हो गया। वट्सऐप की तरफ से बताया गया कि यह तकनीकी गड़बड़ी के चलते हुआ। इसके बाद जब टीचर के पति ने उन्हें फोन करने की कोशिश की तो कॉल नहीं लग पाई। जांच करने पर पता चला कि उनकी कॉल दो अनजान नंबरों पर फॉरवर्ड की गई थी। इसी दौरान पीड़िता को बैंक अकाउंट से जुड़े कई लेनदेन के मैसेज मिलने लगे। स्टेटमेंट चेक करने पर सामने आया कि उनके बैंक खाते से 6 लाख 98 हजार 332 रुपये उनकी जानकारी के बिना निकाल लिए गए थे। पीड़िता ने तुरंत अपना अकाउंट फ्रीज करवा दिया।

बैंक जांच में सामने आया कि टीचर के खाते से रकम नवी (Navi) ऐप के जरिए निकाली गई थी। उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने 17 जनवरी को केस दर्ज किया। पुलिस उन दोनों फोन नंबरों की जांच कर रही है, जिन पर कॉल फॉरवर्ड की गई थी। इसके अलावा उन बैंक खातों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

Tel : 29242946
DELHI VOCATIONAL SCHOOL SOCIETY (REGD.)
Kailash Colony, New Delhi-110048
Summer Fields School
Kailash Colony, G.K.-1, New Delhi
is now
K.R. Mangalam World School
Kailash Colony, G.K.-1, New Delhi
as per approval of Directorate of Education letter
DE 15(203)/PSB/2024/235-236 dated 13-01-2026

To book online visit auto.mahindra.com.

SOUTH DELHI: KONCEPT AUTOMOBILES: LAJPAT NAGAR: 8448791672, SYNERGY CARS: SAFDARJUNG ENCLAVE: 8448791662, SHIVA AUTO: SAKET: 7669783680, MALWA MOTORS: MAHIPALPUR: 9289773666, UNITED AUTOMOBILES: MOHAN ESTATE: 9289524154, KONCEPT AUTOMOBILES: • OKHLA PHASE 1: 8448791672 • SOUTH WEST DELHI: SHUBAN SAI MAHINDRA MARBLE MARKET, DWARKA/SEC 20, 8178101584, MADHU VIHAR, RAJAPURI: 8178101995 NAJAFGARH: 8178102134 • CENTRAL DELHI: MALWA MAHINDRA: KAROL BAGH: 9289524166, DARYAGANJ: 9289923362, 9289809360, • WEST DELHI: SRI DURGA: MOTI NAGAR: 7290055624, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: PEERAGARHI: 7290055619, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: JANAKPURI: 9821500363, MALWA MAHINDRA: NARAINA: 92056 66547 • EAST DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: ASHOK NAGAR: 9953424546, SHIVA AUTO: DILSHAD GARDEN METRO STATION/PATPARGANJ/NIRMAN VIHAR: 8929172582 • NORTH DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: WAZIRPUR: 7290055619, SHAKTI NAGAR: 9311011260, NARELA 9289263814 • NORTH WEST DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: PRASHANT VIHAR: 9289263813 • FARIDABAD: UNITED AUTOMOBILES: NHPC CHOWK: 7428081661, PRIME AUTOMOBILES: YMCA CHOWK/HODAL/PALWAL: 9354601752 • NOIDA: KONCEPT AUTOMOBILES: NOIDA (SEC-2): 9289937566, NOIDA (SEC-63/75): 9289937566 • GREATER NOIDA: KONCEPT AUTOMOBILES: GREATER NOIDA WEST/JEWAR: 9289937566 • GURUGRAM: KONCEPT AUTOMOBILES: MG ROAD: 9289117279, SOHNA ROAD: 9289117279, RAJEEV CHOWK: 9289117279, SOHNA: 9289117279, ARAV MOTORS: MANESAR: 9289220861, DEE EMM: ATUL KATARIA CHOWK/PATAUDI/SECTOR-14:8929648040, GOLF COURSE: 8929648021 • GHAZIABAD: SHIVA AUTO: VAISHALI METRO STATION: 7290055615, LONI: 7290055612, MODINAGAR: 07669700992, LOHIA NAGAR: 7290055612, HAPUR:7290055614, BULANDSHAHAR: 7617595010,8929088709 • HARYANA: LOHCHAB MOTORS: ROHTAK/JHAJJAR/BAHADURGARH/MEHAM: 8059888800, DEWAN FOURWHEELS PVT LTD: REWARI: 8607600241, 8607600251, DHARUHERA: 8607600207, NARNAUL:8607600220, 8607600243, MOHINDERGARH: 8743812345, SONIPAT DRIVE PVT. LTD: SONIPAT: 7082911250/270/279, GOHANA : 7082911300, GANAUR : 7082911321

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in